

सूर्योदय प्रातः 6:03 सूर्यास्त संध्या 5:56 पखवाड़ा चैत्र कृ. दशमी, संवत 2082 तापमान अधिकतम 32° न्यूनतम 19°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, शनिवार, 14 मार्च 2026, वर्ष : 17, अंक : 29, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,563.92 | -1,470.50 (-1.93%) |
| निफ्टी | 23,151.10 | -488.05 (-2.06%) |

### सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,56,770.00 |
| चांदी | 2900.00 |

### माह-ए-रमज़ान



| आज का इफ्तार | कल की सेहरी |
|---|---|
| 6 : 06 | 4 : 46 |

## एक झलक

### लोकसभा में ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश

**नयी दिल्ली** : लोकसभा में शुक्रवार को ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया गया। विधेयक का उद्देश्य ट्रांसजेंडर की कानूनी व्याख्या को विस्तार देकर इसे अधिक समावेशी बनाने का है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने लोकसभा में शुक्रवार को संशोधन विधेयक पेश किया। विधेयक मौजूदा ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 को संशोधित करेगा। उल्लेखनीय है कि 2019 अधिनियम के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए अक्टूबर 2025 में न्यायमूर्ति आशा मेनन की अध्यक्षता में एक सलाहकार समिति का गठन किया गया था।

### एनएचआरसी ने लिया पश्चिम सिंहभूम में नवजात की मौत का संज्ञान, जारी की नोटिस

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर उपमंडल अस्पताल के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण एक नवजात शिशु की कथित मृत्यु का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने रांची स्थित स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव और झारखंड के पश्चिम सिंहभूम के उपायुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने बताया कि 09 मार्च 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 07 मार्च को अस्पताल द्वारा एम्बुलेंस नहीं दी जाने के बाद पिता को शिशु के शव को गत्ते के बक्से में रख कर बंगरासाई गांव ले जाना पड़ा। खबरों के मुताबिक, अस्पताल के कर्मचारियों ने परिवार को मृत शिशु के शव को अस्पताल से बाहर ले जाने के लिए मजबूर किया और किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान करने से इनकार कर दिया था।

### मणिपुरी महिला पर हमला मामले में दिल्ली पुलिस आयुक्त को एनएचआरसी की नोटिस

**नयी दिल्ली** : मणिपुर की एक महिला पर दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में लड़कों के एक समूह की ओर से कथित हमले का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने बताया कि मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 08 मार्च को यह घटना तब घटी जब पीड़िता इलाके के एक पार्क में अपनी दोस्त के साथ तस्वीरें ले रही थी।

### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल की जांच

**पटना** : बिहार विधानसभा को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से हड़कम्प मच गया। इस सूचना के बाद विधानसभा प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरन्त सक्रिय हो गयीं। विधानसभा परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है।

## कार्टून कोना




सशक्त पुलिस...सुरक्षित जनता

# झारखंड में कानून-व्यवस्था को मिलेगी नयी मजबूती : हेमन्त

- मुख्यमंत्री ने झारखंड पुलिस को 1,485 आधुनिक वाहन सौंपे
- अत्याधुनिक 12 नये थानों का किया ऑनलाइन शिलान्यास





**सीएम ने कहा**

- पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में यह ऐतिहासिक रूप से मील का पत्थर
- 25 वर्षों में पहली बार इतना बड़ा वाहन बेड़ा दिया गया
- यह जनता की सुरक्षा एवं विश्वास को और मजबूती प्रदान करेगा
- धुर्वा अपहरण कांड में पुलिस की तत्परता से नाबालिगों की बरामदगी, बच्चा चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्य में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर, रांची में आयोजित एक समारोह में झारखंड पुलिस को कुल 1,485 आधुनिक वाहनों का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित होनेवाले 12 नये थानों का ऑनलाइन शिलान्यास भी किया। उन्होंने रिमोट का बटन दबा कर इन नये थानों की आधारशिला रखी और हरी झंडी दिखा कर पुलिस के लिए आवंटित वाहनों को रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शांति, कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की जिम्मेदारी पुलिस की है। इन्हें सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक वाहनों का यह लोकार्पण एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि नये वाहनों की

● शेष पृष्ठ 11 पर

# अब ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने को लेकर आया प्रस्ताव



- विपक्ष की तरफ से दोनों सदनों में दिया गया प्रस्ताव

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए तृणमूल कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा में प्रस्ताव दिया है। यह प्रस्ताव 10 पन्नों का है, जिसमें 07 कारण गिनाये गये हैं, जिनके आधार पर ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव किया गया है। लोकसभा में दी गयी नोटिस में सदन के 130 सदस्यों और राज्यसभा में दी गयी नोटिस में 63 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। नियमों के कारण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने शुक्रवार को मकर द्वार पर मीडिया से बातचीत में बताया कि उनकी पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए संसद में कानून के अनुसार नोटिस दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता सूची से नाम हटा कर जनता को मताधिकार से वंचित किया है, जिसके लिए विपक्षी गठबंधन के साथ मिल कर यह कार्यवाही की जा रही है। संविधान के अनुच्छेद 324 (5) में मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने का प्रावधान किया गया है। इस अनुच्छेद के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के लिए वैसी ही प्रक्रिया अपनायी जायेगी, जो सुप्रीम कोर्ट के किसी जज को हटाने की होती है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) को हटाने के लिए लोकसभा के 100 सदस्यों या राज्यसभा

● शेष पृष्ठ 11 पर

### कांग्रेस केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक, कल तक आ सकती है असम की पहली सूची

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में शुक्रवार को असम विधानसभा चुनाव से जुड़ी पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक हुई। असम से सांसद एवं लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में सीटों को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी।

## हमें हिन्दुस्तान में बदलाव लाने की राजनीति करनी है : राहुल गांधी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/लखनऊ** : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हमें हिन्दुस्तान में बदलाव लाने की राजनीति करनी है। ऐसी राजनीति करें, जिससे हिन्दुस्तान के गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को देश के पावर सेक्टर में शामिल किया जा सके। राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कड़े प्रहार किये। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सामाजिक

● शेष पृष्ठ 11 पर

## ऑपरेशन सिन्दूर से पाक को सिखाया सबक, अब वह भारत पर हमले की सोच भी नहीं सकता : राजनाथ

- लखनऊ में दूसरे चरण के ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण व अगले चरणों के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए रक्षा मंत्री



**एजेंसी**

**लखनऊ** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तान को ऐसा जवाब दिया गया कि वह फिर कभी उबर भी नहीं पायेगा। भारत की सेना पूरी

● शेष पृष्ठ 11 पर

रक्षा मंत्री ने सिटी मान्टेसरी स्कूल के नये भवन का किया उद्घाटन; कहा

### शिक्षा के क्षेत्र में नये मानक स्थापित करेगा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश, एक व्यापक दृष्टि के साथ आगे बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में हम सबने देखा है कि राज्य ने सभी क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, इण्डस्ट्री और एजूकेशन; इन सभी क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश ने नयी गति प्राप्त की है। मुझे विश्वास है कि

● शेष पृष्ठ 11 पर

### विनय कुमार सक्सेना ने लद्दाख के चौथे उपराज्यपाल के रूप में ली शपथ



**लद्दाख** : दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को केन्द्र शासित प्रदेश लद्दाख के नये उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली। सीआईबीएस ऑडिटोरियम लेह में आयोजित एक समारोह में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली ने सक्सेना को पद की शपथ दिलायी। समारोह में मुख्य सचिव

● शेष पृष्ठ 11 पर

### मोदी ने जोस एंटोनियो कास्ट को चिली का राष्ट्रपति बनने पर दी बधाई

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिली के नवनियुक्त राष्ट्रपति जोस एंटोनियो कास्ट को पदभार सम्भालने पर शुभकामनाएं दीं और दोनों देशों के सम्बन्धों को और मजबूत करने की उम्मीद जतायी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि वह भारत और चिली के बीच गर्मजोशी और मित्रतापूर्ण सम्बन्धों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिल कर काम करने को उत्सुक हैं।

### मानवाधिकार आयोग का लापता व्यक्तियों और मानव तस्करी को लेकर पांच राज्यों को नोटिस

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने देश में लापता व्यक्तियों की बढ़ती संख्या और उन्हें ढूंढने में प्रशासन के निराशाजनक प्रदर्शन पर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए बिहार, ओड़िशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और राजस्थान के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग

● शेष पृष्ठ 11 पर

## कांग्रेस ने बोडोलैंड के साथ विश्वासघात किया, भाजपा ने दिलायी स्थायी शांति : मोदी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/गुवाहाटी** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को असम के कोकराझार में आयोजित रैली को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पर बोडोलैंड के साथ वर्षों तक विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दशकों तक बोडोलैंड क्षेत्र कांग्रेस के झूठे वादों और कागजी समझौतों का साक्षी रहा, जबकि भाजपा-राजग सरकार ने क्षेत्र में स्थायी शांति और विकास के लिए ईमानदार प्रयास किये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि खराब मौसम के कारण वह कोकराझार

● शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रधानमंत्री का बंगाल दौरा आज, करेंगे 18,680 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारम्भ

**कोलकाता** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर आयेंगे, जहां वह कोलकाता में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे और 18,680 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री सड़क, रेलवे, बंदरगाह और नौवहन क्षेत्रों से जुड़ी कई महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'परिवर्तन यात्रा', जो एक मार्च को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत

● शेष पृष्ठ 11 पर


UDGAM · Unclaimed Deposits Gateway To Access Information



अपने बैंक में 10 वर्ष से अधिक समय से बिना दावे के पड़े अपने पैसे को उपयोग में लाने का समाधान पाएँ

UDGAM पर जाएँ और जानें कि बैंक से इसका दावा कैसे करें

- UDGAM पोर्टल पर पंजीकरण करें।
- खाताधारक का नाम, बैंक का नाम और जन्म तिथि, पैन कार्ड इत्यादि विवरण का उपयोग करके खोजें।

UDGAM केवल एक खोज सुविधा है। बिना दावे वाली जमाराशियों का दावा संबंधित बैंक(ओं) से करना होगा।




UDGAM पोर्टल पर बैंकों की सूची उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए, https://rbikehtahai.rbi.org.in/ud पर विज़िट करें
फीडबैक देने के लिए, rbikehtahai@rbi.org.in को लिखें

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## एक झलक

### बेड़ो में अदा की गयी अलविदा जुमे की नमाज



**बेड़ो :** प्रखंड के करांजी,केशा चचकोपी, घाघरा, हाटू, महरु जराटोली,बिल्टी व नरकोपी मस्जिद सहित मुस्लिम बस्तियों में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अकीदत व सादगी के साथ अदा की गई। रोजेदारों ने मुल्क के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुम्मे की नमाज अदा किया जाता है। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह से खास दुआ मांगते हैं। वही मस्जिद के इमाम ने लोगों से अपील किया कि मुबारक माह में अपने गुनाहों की माफी तलब करें, बेशक अल्लाह माफ करने वाला है। रमजान का महीना रहमतों और बरकतों से भरा होता है। इस माह में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं।आप सब ईद की खुशी में गरीबों, विधवा, अनाथ व जरूरतमंदों को मदद अवश्य करे।

### बेड़ो में जोर-शोर से चल रही विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारी



**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय के महादानी मैदान में आगामी 22 मार्च को आयोजित हो रहे विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों में सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ता जोर-शोर से जुटे हुए हैं। इसी क्रम में उन्होंने प्रखंड के ग्राम वासियों के घर व व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जाकर प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम वासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होने की अपील की। हिंदू समाज में एकता, जागरण और सनातन संस्कृति की रक्षा का सशक्त संदेश देने के लिए 22 मार्च को आयोजित किए जा रहे सम्मेलन की तैयारियों के क्रम में सकल समाज के कार्यकर्ताओं ने तुको, दिघिया,करांजी,खत्री खटंगा, मुरतो आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से भारी संख्या में सम्मेलन में प्रतिभाग करने की अपील की। इधर सम्मेलन की तैयारियों को लेकर स्थानीय स्तर पर बैठकों का दौर जारी है। साथ ही सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

### पतरातू में खनन विभाग ने अवैध बालू लदी ट्रैक्टर की जब्त



**रामगढ़ :** जिले में बालू तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। अवैध खनन और परिवहन को लेकर उपायुक्त द्वारा दिए गए सख्त निर्देश के बावजूद बेखौफ बालू तस्करी जारी है। खनन विभाग द्वारा गाहे-बगाहे अवैध बालू लदे वाहनों को जब्त करने के बावजूद बालू तस्करी की रोकथाम नहीं हो पा रही है। इधर, शुक्रवार की तड़के सुबह खान निरीक्षक ने अभियान चलाकर पतरातू ब्लॉक मोड़ के पास सांकुल की ओर जाते एक अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर (जेएच 24के 7573) जब्त किया। जिसपर तकरीबन 100 घनफीट बालू लोड पाया गया। ट्रैक्टर को पतरातू थाना के सुपुर्द करते हुए मालिक, चालक तथा अन्य संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

## पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ किया प्रदर्शन

# रिक्शे से विधानसभा पहुंचे मंत्री इरफान-शिल्पी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शुक्रवार को रिक्शे से विधानसभा पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी खुद रिक्शा चला रहे थे। जबकि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रिक्शे में बैठी थीं और उनके हाथों में विरोध से जुड़ी तख्तियां थीं। तख्तियों पर पेट्रोल डीजल की मार, जनता हो रही लाचार और महंगी गैस-महंगा तेल, आम आदमी हुआ फेल जैसे नारे लिखे थे। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्रियों ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इससे आम जनता काफी परेशान है और गरीब परिवारों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति को लेकर भी चिंता बढ़ रही है उन्होंने कहा कि अगर यही हालात बने रहे तो देश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है और गलत नीतियों के कारण स्थिति और कठिन हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड एक गरीब राज्य है और यहां के लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं और गरीब परिवारों को गैस के बढ़ते दामों से सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। इसी के विरोध में वे आज रिक्शा से विधानसभा पहुंचे हैं। मंत्रियों के इस अनोखे विरोध प्रदर्शन को लेकर विधानसभा परिसर में काफी चर्चा रही। उन्होंने कहा कि महंगाई के मुद्दे पर आगे भी इस तरह से विरोध जारी रहेगा।

## रामगढ़ उपायुक्त ने की पर्यटन एवं खेल विभाग के कार्यों की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में पर्यटन विकास एवं जिला विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला खेल कार्यालय की पूर्व की बैठक में दिए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने विभागीय स्तर से जिला एवं प्रखंड स्तर पर इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम निर्माण किए जाने की जानकारी सभी को दी जिस पर उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों से समन्वय कर जल्द से जल्द भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की एवं उन्हें जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में जिला व प्रखंड स्तरीय खेल स्टेडियम निर्मित करने, सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अखरा निर्माण करने को लेकर भी चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## कौशल प्रशिक्षण देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास : राजेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** जन शिक्षण संस्थान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को तोरपा प्रखंड के तपकरा स्थित सामुदायिक भवन में महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि जन शिक्षण संस्थान के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनकर समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के एफएलसीसी प्रतिनिधि एमलेन ललिता जोजो ने कहा कि बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं आसानी से स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को बचत, ऋण सुविधा और वित्तीय साक्षरता के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधिकारी रामजी यादव ने महिलाओं से किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बिना संकोच पुलिस प्रशासन से संपर्क करने को कहा कार्यक्रम के दौरान 80 सफल प्रशिक्षुओं में प्रमाण पत्र वितरण किया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और स्वरोजगार से जुड़ी प्रतिभागियों आकांक्षा कुमारी, स्टेला होरो, वीइंद्राणी कुमारी,अमृता लकड़ा को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभावती कुमारी, कुमार शशि प्रकाश, मारिया होरो, दसय नाग, स्वर्णलता गुप्ता, इंद्राणी देवी, मीरा कुमारी तथा अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं सहिया : सीएस




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के सदर अस्पताल ऑडिटोरियम में शुक्रवार को जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अतिथि के तौर पर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन शशि प्रकाश झा शामिल हुए। कार्यक्रम का थीम सेलीब्रेटिंग कम्युनिटी लीडर्स था। अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि राज्य स्तर से सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि सहियाओं को उनकी प्रोत्साहन राशि का भुगतान समय पर मिले, ताकि उनका मनोबल बढ़े और वे और अधिक उत्साह के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर सकें।

उन्होंने बताया कि राज्य की 57 सहिया पीआरआई मेंबर बनी हैं, जो गर्व की बात है। उन्होंने सभी सहियाओं को इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज गांवों में जितने भी बच्चों का जन्म होता है, उनकी माताओं को सहिया कर्मी भली-भांति पहचानती हैं। सुरक्षित प्रसव, मातृ और शिशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहियाओं का बहुमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से 14 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीका लगाया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में जागरूकता फैलाने और किशोरियों को स्वास्थ्य केंद्र तक लाकर टीकाकरण कराने में सहिया कर्मियों की अहम भूमिका है।

वहीं सिविल (सीएस) सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि सहिया दीदी ग्रामीण और शहरी समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन, पोषण तथा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति समुदाय को जागरूक करने में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय है। साथ ही सहिया स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं, जो घर-घर जाकर लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने का कार्य करती हैं। सदर अस्पताल सहिया दीदी के सहयोग से आगे बढ़ा है ' आज सदर अस्पताल में सीटी स्कैन, एमआरआई, मैमोग्राफी और अन्य सभी तरह का स्वास्थ्य जांच होता है, जो आयुष्मान योजना के तहत पूरी तरह निशुल्क है' यदि किसी के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है तो उनका जांच बहुत ही कम पैसे में होता है।

## डकरा में इंडियन ओवरसीज बैंक ने किया मृत्यु दावा में 10 लाख का भुगतान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डकरा :** इंडियन ओवरसीज बैंक, डकरा शाखा द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व और ग्राहक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए स्वर्गीय बिरेंद्र गंझू के परिवार को 10,00,000 (दस लाख रुपये) का मृत्यु दावा राशि प्रदान की गई। यह राशि स्वर्गीय बिरेंद्र गंझू की पत्नी मुनिया देवी को बैंक के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार द्वारा चेक के माध्यम से प्रदान की गई। स्वर्गीय बिरेंद्र गंझू सीसीएल के कर्मचारी थे तथा इंडियन ओवरसीज बैंक की डकरा शाखा के ग्राहक थे। इस अवसर पर बैंक के मुख्य प्रबंधक दीपांकर टुडू, हरिहर बिस्वाल तथा इंडियन ओवरसीज बैंक, डकरा शाखा के शाखा प्रबंधक प्रभात कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक अपने ग्राहकों और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा के प्रति सदैव संवेदनशील रहा है तथा ऐसी योजनाएं कठिन समय में परिवारों को आर्थिक सहारा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## पुआल में लगी आग, किसानों को हजारों रुपये का नुकसान, मुआवजा की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** प्रखंड क्षेत्र के बाघाडीह और एदेलहातु गांव में शुक्रवार को अचानक खलियान में रखी पुआल चाकी में आग लग जाने से भुक्तभोगी किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हो गया। घटना दोपहर बाद लगभग 2:30 बजे की है। बाघाडीह निवासी भुक्तभोगी किसान मनोहर महतो ने बताया पूरे सालभर के मेहनत से जमा कर रखी गई पुआल में अचानक आग लग जाने से अस्सी हजार रुपये का नुकसान हो गया। और एदेलहातु के दिगम्बर महतो का साठ हजार रुपये का क्षति हुई ।आग लगने की सूचना तत्कालअग्निशामक अधिकारी को दी गई परन्तु अग्निशामक वाहन के पहुंचने के पूर्व काफी नुकसान हो चुका था।ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की। बाघाडीह में ग्रामीणों और अग्निशामक दल के संयुक्त पहल से आग लगी पुआल बुझाई गयी। वहीं एदेलहातु में भुक्तभोगी समेत ग्रामीण ने आग पर काबू पाया, अग्निशामक दल देर शाम पहुंची। दोनों भुक्तभोगी किसान ने प्रशासन से जांच कर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## आजसू छात्र संघ, जिला रांची में नये पदाधिकारियों का मनोनयन

### संगठन को मजबूत बनाने और छात्र-हित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायें: राजकिशोर महतो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** आजसू छात्र संघ, जिला रांची में संगठन विस्तार के तहत नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है। यह नियुक्ति आजसू सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार सौरभ यादव को जिला सचिव सह सोशल मीडिया प्रभारी, अरुण चौहान को उपाध्यक्ष तथा रांची विश्वविद्यालय (पीजी विभाग) के लिए गौरव सिंह को प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया है। इस संबंध में आजसू छात्र संघ के जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और छात्र-हित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में नवनियुक्त पदाधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए छात्र-हित से जुड़े कार्यों को गति देंगे। उन्होंने कहा कि संगठन छात्रों की समस्याओं और उनके अधिकारों को लेकर हमेशा सक्रिय रहा है तथा आगे भी छात्र हित में मजबूती से आवाज उठाता रहेगा।

## उरीमारी में मनाया गया शहीद निर्मल यादव का 20वां शहादत दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के उरीमारी स्थित बरका-सयाल क्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार को श्रमिक नेता शहीद निर्मल यादव का 20वां शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पुजारी अनिल पांडेय द्वारा विधिवत पूजा-पाठ से की गई हुई। जिसमें गोपाल यादव, राजू यादव, विशाल यादव, आयुष कुमार और अनिरुद्ध कुमार शामिल हुए। इसके उपरांत स्व. निर्मल यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा में स्व. निर्मल यादव के भाई गोपाल यादव, पुत्र राजू यादव, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार, सीसीएल बरका-सयाल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह, कांग्रेस नेता जय प्रकाश भाई पटेल, यूनियन रिजनल सचिव कुमार महेश सिंह, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, बिरसा परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार, उरीमारी ओपी प्रभारी रथु उरांव सहित अन्य गणमान्य शामिल हुए। सभी ने पुष्प अर्पित कर स्व. निर्मल यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं वक्ताओं ने कहा कि निर्मल यादव जीवनभर दबे-कुचले और शोषित मजदूर वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्षरत रहे। सामंतवाद और प्रबंधन के खिलाफ उनकी निःस्वार्थ लड़ाई ने उन्हें मजदूरों की आवाज बनाया। 13 मार्च 2006 को अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी गई थी। वे मजदूरों के मसीहा के रूप में हमेशा याद किए जाते रहेंगे। मौके पर झामुमो के हजारीबाग जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, विंध्याचल बेदिया, राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन के उपाध्यक्ष सीपी संतन, महादेव बेसरा, सोनाराम मांझी, विस्थापित नेता दसई मांझी, अमला अधिकारी संजीव झा, उरीमारी मैनेजर कमर फहीम, बिरसा मैनेजर राजेश प्रियदर्शी, अजय कुमार, प्रवीण कुमार सहारे, संजय करमाली, चरका करमाली, शनिचर मांझी, दिलीप कुमार, कानू मरांडी, धर्मदेव करमाली, सुखदेव प्रसाद, गणेश राम, डॉ जी आर भगत, विश्वनाथ मांझी, गजानंद प्रसाद, उदय सिंह, तालो बेसरा, बिनोद मिश्रा, सीताराम किस्कू, श्याम सुंदर प्रसाद, देवेंद्र कुमार सिंह, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, संजय वर्मा, दिनेश करमाली, कार्तिक मांझी, उरीमारी ओपी के एएसआई रसिक किस्कू, कृष्णा कुमार दुबे, उरीमारी पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, फूलमती किस्कू, शांति देवी, फुलमुनी देवी, सुषमा श्रीवास्तव, उदय मालाकार, वासुदेव साव, पीडी सिंह, रामनरेश सिंह, जेपीएन सिन्हा, महादेव मांझी, गिरधारी गोप, चन्दू जायसवाल, लालो महतो, भारत भारती विद्यालय के निदेशक अनिमेष यादव, शांति निकेतन विद्यालय बगरैया के निदेशक नरेश करमाली, संजय यादव, सयाल उत्तरी पंचायत के पूर्व मुखिया सतेंद्र यादव, कृष्णा सोरेन, रैना मांझी, सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा बुढ़मू मंडल की हुई बैठक आयोजित



**बुढ़मू :** भाजपा के बुढ़मू मंडल की बैठक शुक्रवार को सिदरोल में आयोजित की गई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगलाल महतो ने किया। संचालन मंडल पदाधिकारी राजू गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के कार्यक्रम विभाग के प्रदेश संयोजक स्वामी देवेंद्र प्रकाश शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार देश का चहुंमुखी विकास कर रही है और माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आने वाले समय में देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा होगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर सचित साहू, जय साहू, लक्ष्मण महतो, सूरज महतो, शर्मा महतो, सुरेश महतो सहित अन्य मौजूद थे।

## बेड़ो में कांग्रेस की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, अमन-चैन की दुआ




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** रमजान उल पाक के महीने के चौथे जुमे के अवसर पर प्रखंड के करांजी मैदान में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस मौके पर इफ्तार के दौरान सभी लोगों ने एक साथ रोजा खोला और पवित्र रमजान के इस पाक महीने में देश में अमन-चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ किया। मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हमलोगों ने पांचो प्रखंडों बेड़ो, इटकी, मांडर,चान्हों,लापुंग में इफ्तार कार्यक्रम कराकर आपसी प्रेम का संदेश देने का काम किये हैं। रमजान का महीना इंसानियत, सब्र, भाईचारा और आपसी प्रेम का संदेश देता है। यह महीना हमें त्याग, संयम और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है ।उन्होंने कहा कि रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम, बुराइयों से दूर रहने और समाज में प्रेम व सद्भाव बढ़ाने का अवसर है। मौके पर मौजूद मौलाना ने रमजान उल पाक की फजीलत बताते हुए कहा कि इस महीने को अल्लाह ने बहुत बड़ी बरकत और रहमत दी है। यह महीना अल्लाह की इबादत करने और अपने गुनाहों से तौबा करने का सबसे बेहतर अवसर होता है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक इबादत करने, गरीबों की मदद करने और समाज में भाईचारा बनाए रखने की अपील की। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक जिप सदस्य बेरोनिका उरांव, अल्प संख्यक अध्यक्ष परवेज आलम, प्रो करमा उरांव,फहिम पंचायत अध्यक्ष सहबान अंसारी बबलु खान रईफुद्दीन मिरदाहा, जमील अंसारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में सड़क हादसों पर नहीं लग रहा अंकुश

# 01 जनवरी से 12 मार्च तक 21 एक्सीडेंट, 52 लोग हुए घायल, दस की गयी जान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** बेडो थाना क्षेत्र में सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लग रहा है। प्रायःहर दिन कहीं न कहीं सड़क हादसा होता रहता है। जिसमें असमय लोग मौत की नींद में सो जाते है। या फिर गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां अधिक दुर्घटनाएं होती है। लेकिन इसे रोकने या कम करने के पर्याप्त उपाय नहीं किया जा रहा है। ज्ञात हो कि रांची गुमला मुख्य मार्ग व फोर लेन में पावर ग्रिड जरिया केशा मोड़ कॉलेज गेट,विनय बगीचा,बारीडीह पुरना पानी नगड़ी टोली मोड,घाघरा मोड़, लमकाना मोड साईं मंदिर रोड और लोहरदगा मार्ग में करांजी पुल,बस्ती खत्री खटंगा मोड़ दिघिया स्कूल तुको पुल,बस्ती कब्रिस्तान पांडे पारा रतनटोली मोड के पास अधिक सड़क हादसे होते हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में जमटोली केशा सेमरा पुरियो रोगो पतराटोली मुरतो आदि जगहों पर प्रत्येक सप्ताह 4 से 5 सड़क हादसे होते है। जिसके कारण बेड़ो थाना क्षेत्र सड़क दुर्घटनाओं के लिए बदनाम हो गया है। इस वर्ष 1 जनवरी से लेकर 12 मार्च तक में महज 71 दिनों में 21 एक्सीडेंट हुए इन हादसों में 10 लोगों की जान से हाथ धोना पड़ा है। 52 लोग घायल हुए है वहीं दुर्घटना के बाद कई घायलों को रिम्स रेफर कर दिया जाता है। जिसमें होने वाली मौत का आंकड़ा इसमें नहीं है।सड़क हादसे क्यों बढ़ रहे हैं यह सभी को पता है जन से लेकर तंत्र तक इस बात से वाकिफ है लेकिन बात जब कर्तव्य निर्वहन की होती है तो सभी पीछे हट जाते या फिर पल्ला झाड़ते नजर आते हैं।

**यातायात के नियमों का पालन जरूरी**

**सड़क** सुरक्षा के लिए यातायात नियमों को पालन करना जरूरी है नियमों के पालन बिना हम सुरक्षित यात्रा नहीं कर सकते लेकिन यहां इसका पालन नहीं हो रहा बात चाहे प्रखंड मुख्यालय की हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र की या फिर 24 घंटे व्यस्त रहने वाले फोरलेन की कहीं भी लोगों को यातायात नियमों का पालन करते नहीं देखा जाता सड़क पर जैसे तैसे मनमानी पूर्वक वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है सड़कों पर ही लोग कोई तरह का सामान भी रख देते हैं इन सबसे न केवल राहगीरों को परेशानी होती है बल्कि सड़क हादसे भी होते हैं वहीं सड़क भी ऐसे हादसों को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

**सड़क हादसों से लोग नहीं लेते सबक**

**आए** दिन सड़क दुर्घटना होते रहने के बावजूद लोग ऐसे हादसों से सबक नहीं ले रहे हैं यही वजह है कि लोग सावधानी नहीं बरतते। ना तो यातायात नियमों का पालन करते हैं और ना ही बाइक चालक हेलमेट आदि का उपयोग करते हैं।

**जिम्मेदार भी नहीं हैं गंभीर**

**बढ़ते** सड़क हादसों पर रोक लगाने की दिशा में संबंधित प्रशासन या जिम्मेदार भी गंभीर नजर नहीं आते है। वाहन चालकों की मनमानी पर रोक लगाने ओवर लोड वाहनों पर कार्रवाई न करने जर्जर एवं बेतरीब ढंग से बनी सड़कों को दुरुस्त कराने की जरूरत है इसके बिना ऐसे हादसों को कम नहीं किया जा सकता लेकिन संबंधित विभागों की पहल इस दिशा में ना के बराबर है।

**शराब के नशे में चलते हैं वाहन**

**प्रखंड** मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में टीनएजर्स बाइक चालकों की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना आम बात हो गई है ये युवक शराब के नशे में भी वाहन चलाने से गुरेज नहीं करते न केवल बाइक बल्कि सवारी को लेकर जाने वाले तीन पहिया और चार पहिया वाहन के चालक भी नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं। ऐसे चालकों की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में मरने या घायल होने वाले लोगों की संख्या अधिक हो जाती है।

**वाहन चालकों की लापरवाही**

**बढ़ती** सड़क दुर्घटना के पीछे बड़ी वजह चालकों की लापरवाही होती है। सबसे ज्यादा लापरवाही दोपहिया वाहन चालक बरतते देखे जाते हैं। उन्हें ना तो यातायात नियमों के पालन की चिंता रहती है और ना ही उनकी हरकत से दूसरों को होने वाली परेशानी से।वे बे लापरवाही पूर्वक इस कदर रफ्तार में बाइक चलाते हैं जैसे हवा से बातें कर रहे हों। इस बीच थोड़ी सी असावधानी होने पर दुर्घटना को अंजाम दे बैठेते हैं इसे अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं या फिर किसी राहगीर को मौत की नींद सुला देते हैं। ऐसी लापरवाही बरतने वाले में अधिकांश युवा वर्ग के चालाक होते हैं।

## मातम में बदली खुशियां, भतीजी की विदाई से पहले उठी चाचा की अर्थी



### गमगीन माहौल में हुआ बुजुर्ग का अंतिम संस्कार

**बेड़ो :** प्रखंड के तुको गांव में एक शादी की खुशियां मातम में उस समय बदल गई। जब भतीजी की डोली उठने से पहले मड़वा के दिन चाचा की सड़क हादसे में मौत हो गई। जैसे ही चाचा तिलकेश्वर राम की मौत का पता चला तो परिवार में कोहराम मच गया। शादी वाले घर में हुए इस हादसे के बाद से मातम पसर गया है। जहां स्वजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। ज्ञात हो कि बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको गांव के समीप गुरुवार की रात लगभग सात बजे सड़क पार कर रहे तुको निवासी 55 वर्षीय तिलकेश्वर राम को एक बाइक सवार के द्वारा टक्कर मार दिए जाने से मौत हो गई। वहीं शुक्रवार की दोपहर पोस्ट मार्टम के बाद का तिलकेश्वर के शव का तुको गांव में पहुंचने पर पूरा गांव गमगीन हो गया। हर किसी की जुबान पर बस इसी बात की चर्चा रही तथा नम आंखों से लोग शव को देखते रहे। गांव में शादी के माहौल पर चाचा की अचानक हुए मौत से हर कोई दुखी था। स्वजनों की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। वहीं उनकी पत्नी सोनी देवी दहाड़े मार-मार कर रो रही थी। वहीं इनके दोनों पुत्रों के दर्द का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता था। इधर शुक्रवार की शाम गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार गांव के शमसान घाट में किया गया। स्वजनों ने बताया कि मृतक तिलकेश्वर राम बेड़ो महावीर चौक के समीप अपनी जूता पॉलिश व मरम्मत करने का दुकान लगाकर जीवन यापन करते थे। अब इनके स्वजनों के पास रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

## एक झलक

### हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन का नियमित संचालन प्रारम्भ

**रांची** : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयासों से ट्रेन सं 18641/18642 हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन का संचालन अब नियमित रूप से किया जाएगा। इस निर्णय से झारखण्ड तथा छत्तीसगढ़ के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। लंबे समय से इस ट्रेन के नियमित संचालन एवं सामान्य किराया लागू करने की मांग की जा रही थी, जिसे अब माननीय रेल मंत्री द्वारा स्वीकार किया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने इस प्रयास के लिए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रति आभार जताया और यात्रियों की ओर से उन्हें धन्यवाद दिया। कहा कि रेल मंत्रालय के इस निर्णय से झारखण्ड और छत्तीसगढ़ के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होंने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हटिया-दुर्ग ट्रेन का विस्तार इतवारी (नागपुर) तक करने का अनुरोध भी किया, ताकि झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के यात्रियों को और अधिक बेहतर रेल सुविधा मिल सके।

### बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर सरहूल में मुख्य अतिथि के रूप में दिया आमंत्रण



**रांची** : कांके रोड सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल डब्लू मुण्डा के अगुवाई में झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर उन्हे आदिवासी पारंपरिक अंगवस्त्र, फूलों का गुलदस्ता देकर 21 मार्च 2026 को प्रकृति पर्व सरहूल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इस भेंटवर्ता में मुख्य रूप से कांके रोड सरना समिति अध्यक्ष डब्लू मुण्डा, सचिव रंजीत पहान, उपसचिव लखन मुण्डा, रोहित लोहरा, राज लोहरा, संदीप लोहरा, प्रकाश टोप्पो, सोमरा गाड़ी, आदि उपस्थित थे।

### सफल हुआ एक और प्रयास

**रांची** : रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में चल रहा मेरा एक और प्रयास सफल हुआ है। हटिया से दुर्ग को चलने वाली हटिया दुर्ग स्पेशल (08185/08186) को रेल मंत्रालय ने नियमित परिचालन की स्वीकृति प्रदान की है। पहले यह ट्रेन सप्ताह में सिर्फ दो दिन चलती थी। अब यह हटिया दुर्ग एक्सप्रेस (18641/18642) के रूप में नियमित चलेगी। इससे रांची सहित आसपास के आधा दर्जन से अधिक जिलों के लोगों की बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग तक की यात्रा सुगम हो सकेगी और उन्हें पर्याप्त सीट भी उपलब्ध होगा। इस स्वीकृति के लिए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति आभार प्रकट करते हैं।

### लायन्स क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने किया 'केयर फॉर हर' कार्यक्रम आयोजित



**रांची** : लायन्स इंटरनेशनल के दिशा निर्देश पर लायन्स क्लब ऑफ रांची ईस्ट द्वारा केयर फॉर हर कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज क्लब द्वारा लालपुर अवस्थित के सी मल्लिक स्कूल मे बच्चों के लिए ध्वनि प्रसारण मशीन (PA सिस्टम) दिये गए जिसका उपयोग पढ़ाई के लिए एवं अन्य कार्यक्रमों में किया जाएगा। लायन्स इंटरनेशनल की प्राथमिकताओं में कैंसर के प्रति जागरूकता सहित जरूरतमंदों की आंखों को रोशनी देना भी है। रांची ईस्ट कोकर अवस्थित निरमाया अस्पताल के माध्यम से नियमित रूप से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं नेत्रा जांच शिविर का आयोजन करती है एवं सेवा की प्रतिबद्धता को दुहराती है। आज के कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष भारतेन्दु झा, पूर्व अध्यक्ष ला रतन अग्रवाल, ला राम कृष्णा जी, विद्यालय की प्राचार्या सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

# स्थापित अधिनियमों के अनुसार ही करें गहन पुनरीक्षण : सीईओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए कोई स्थान नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से गहन पुनरीक्षण के लिए प्रत्येक बिंदु अधिनियमों में वर्णित है। पदाधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी कार्य अथवा निर्णय भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देशित किए गए स्थापित अधिनियमों के अनुसार ही करें। के. रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन के समय एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ एवं




डुप्लीकेट की सूची अलग से प्रकाशित की जाएगी। इस सूची को डिजिटलाइज्ड करने का कार्य ससमय पूरा करें। एएसडीडी सूची को संबंधित मतदान केंद्र के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट से सत्यापित कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण पूर्व तैयारियों के अद्यतन स्थिति एवं समन्वय के लिए बैठक अवश्य कर लें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एक भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से छुटे नहीं इसे लक्ष्य के साथ कार्य करना है। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर घर जाने के क्रम में उस घर के मुखिया एवं उस घर में रह रहे सदस्यों की भी एक सूची बना लें जिससे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि वैसे मकान जिनका मकान संख्या नहीं है उसे नोशनल नंबर देकर चिन्हित करें। जिससे एक मकान में रह रहे मतदाताओं का मतदान केंद्र एक ही स्थान पर रहे। कुमार ने कहा कि बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की ट्रेनिंग ससमय करा लें। ट्रेनिंग के दौरान ईसीआई नेट के माध्यम से बीएलओ से संपर्क करने के बुक ए कॉल फीचर की पूरी जानकारी दें साथ ही इसपर मतदाताओं की ओर से किए गए सवालों एवं शिकायतों का त्वरित रूप से निष्पादन करें। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जेसीआई रांची यूथ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात



**रांची** : जेसीआई रांची यूथ के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राज भवन रांची में शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेश अडवानी, जोन अध्यक्ष गौरव सेठ, जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष जेसी मोनिका गोयनका तथा जेसीआई रांची यूथ की पूर्व अध्यक्ष जेसी कुशा जालान शामिल थे। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने माननीय राज्यपाल को जेसीआई रांची यूथ द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों, संस्था के उद्देश्यों तथा युवाओं के नेतृत्व विकास से संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही संस्था द्वारा भविष्य में संचालित की जाने वाली विभिन्न सामाजिक परियोजनाओं एवं आगामी योजनाओं के बारे में भी चर्चा की गई। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और समाज के हित में भविष्य में और अधिक प्रभावी कार्य करने के लिए सकारात्मक विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

### वर-वधू स्वागत समारोह में पत्नी कल्पना संग सम्मिलित हुए हेमन्त



- **दोनों ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद**
- **सुखद व खुशहाल दाम्पत्य के लिए दीं शुभकामनाएं**

**रांची** : हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड स्थित धातकीडीह में श्री गुरु चरण किस्कू के सुपुत्र संतोष कुमार किस्कू संग स्नेहा सोरेन के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित वर-वधू स्वागत समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने नव दम्पति को बधाई देने के साथ सुखद एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर श्री गुरु चरण किस्कू एवं उनके सगे - सम्बन्धी मौजूद रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री के यहां आगमन पर सरायकेला खरसावां जिला प्रशासन की ओर से स्वागत एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## मेयर रोशनी खलखो ने दो दिवसीय 'संदूक' एग्जीबिशन का किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राजधानी रांची में पहली बार दो दिवसीय 'संदूक' एग्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन बरियातू रोड स्थित होटल रमादा में हो रहा है। इसका उद्घाटन शुक्रवार को नवनिर्वाचित मेयर रोशनी खलको ने किया। उद्घाटन के अवसर पर मेयर रोशनी खलखो ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से रांची के लोगों को महानगरों जैसा शॉपिंग अनुभव मिलता है और स्थानीय स्तर पर फैशन और लाइफस्टाइल से जुड़े नए अवसर भी पैदा होते हैं। अदिति मेवाड़ा, पलानी जैन और पलक नरेडी ने बताया कि 'संदूक' एग्जिबीशन का उद्देश्य रांची के लोगों को महानगरों जैसा प्रीमियम शॉपिंग अनुभव उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में देशभर के चुनिंदा डिजाइनर्स और ब्रांड्स अपने विशेष कलेक्शन के साथ शामिल हुए हैं। यहां महिलाओं और बच्चों के लिए वेस्टर्न वियर, इंडियन वियर, डेली वियर से लेकर हैवी वियर तक के आकर्षक परिधान उपलब्ध हैं। इसके साथ ही ट्रेंडी पर्स, ऑथेंटिक लग्जरी बैग्स, स्टाइलिश फुटवियर, फैशनेबल ज्वेलरी, जंक ज्वेलरी, पोटलियां, नाइटवियर, होम फर्निशिंग और ब्लॉक प्रिंटेड कॉटन दोहर जैसे कई खास उत्पाद एक ही छत के नीचे देखने और खरीदने का अवसर मिल रहा है। प्रवेश निशुल्क है।उन्होंने शहर के सभी फैशन प्रेमियों और शॉपिंग के शौकीनों से अपील की है कि वे 13 और 14 मार्च को इस विशेष प्रदर्शनी में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं और नए फैशन ट्रेंड्स से रूबरू हों।

### झारखंड में तापमान पहुंचा 39 डिग्री के पार, बढ़ेगी गर्मी

**रांची** : राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम साफ होते ही तापमान में तेजी से वृद्धि होने लगी है। मार्च महीने में ही डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान बढ़कर 39.2 डिग्री के पार पहुंच गया है। आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शुक्रवार को दी। विभाग के अनुसार शुक्रवार को राज्य के कई जिलों में तापमान 36 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया है। राज्य में सबसे अधिक गर्म जिले चाईबासा, सरायकेला और जमशेदपुर हैं, जहां अधिकतम तापमान 36 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। चाईबासा में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री, सरायकेला में 37.2 डिग्री और जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## देश विरोधी ट्रेड डील के खिलाफ युवा कांग्रेस का बड़ा आंदोलन, 16 मार्च को संसद घेराव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन कर इंडो-यूएस ट्रेड डील के विरोध में 16 मार्च को दिल्ली में संसद घेराव करने की घोषणा की। संगठन के नेताओं ने इस डील को देश और किसानों के हितों के खिलाफ बताते हुए इसका विरोध तेज करने की बात कही। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रांची महानगर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव सिंह ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील देश के किसानों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते के कारण भारत की विदेशी नीति प्रभावित हो रही है और कई फैसलों में अमेरिका का दबाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार भारत के उत्पादों पर अमेरिका में लगभग 18 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, जबकि अमेरिका के डेयरी और कृषि उत्पादों को भारत में बिना टैरिफ के बेचने की छूट मिल सकती है। इससे भारतीय किसानों के उत्पाद महंगे और अमेरिकी उत्पाद सस्ते हो जाएंगे, जिससे किसानों को नुकसान



होगा। गौरव सिंह ने कहा कि इस डील के विरोध में झारखंड युवा कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता 16 मार्च को दिल्ली पहुंचकर संसद घेराव में शामिल होंगे। इसके बाद राज्य के सांसदों के आवास के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस की मांग है कि इंडो-यूएस ट्रेड डील को तत्काल रद्द किया जाए। यदि सरकार इस पर ध्यान नहीं देती है तो देशहित में जेल भरो आंदोलन भी चलाया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में बाल संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल तिवारी, अनुशासन समिति के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, उपाध्यक्ष शिल्पी वर्मा, दीपक साव, विवेक धान तथा महासचिव गौरव गोलू सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध-संगोष्ठी का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : संस्कृत विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची एवम पूर्ववर्ती छात्रसंघ द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रिय शोध-संगोष्ठी का प्रो. चंद्रकांत शुक्ल के अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया। संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो अर्चना कुमारी दुबे के द्वारा वैदिक श्लोक के माध्यम से स्वागत संबोधन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ओड़िआ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शत्रुघ्न पाणिग्रही ने 'वेद-वेदा' में भारतीय ज्ञान परंपरा के वास्तविक स्वरूप को समझने के लिए वेद-वेदाङ्गो का ज्ञान नितान्त आवश्यक है। सृष्टि उत्पत्ति के ज्ञान हेतु ऋग्वेद के नासदीय सूक्त, पुरुष सूक्त, हिरण्यगर्भ सूक्तों का पठन-पाठन आवश्यक हो जाता है। अग्नि के अनेकों प्रकार हो सकते हैं पर सबके मूल में अग्निदेव ही हैं। विशिष्टातिथि पूर्व कुलपति प्रो. कामिनी कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा को हजारों वर्षों से चली आ रही एक समृद्ध परंपरा कही। यह आधुनिक युग में भौतिकता एवं आध्यात्मिकता के बीच समन्वय रखना सिखाती है।

### रोटरी क्लब ऑफ रांची ने मेयर समेत अन्य महिला सदस्यों को किया सम्मानित

## रांची में हर वार्ड में खुलेगा वार्ड कार्यालय : रोशनी खलखो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रांची के तत्वावधान में अयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित रांची की मेयर रोशनी खलखो शामिल हुई। इस अवसर पर क्लब की महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया तथा रोटरी क्लब की ओर से मेयर को भी सम्मान प्रदान किया गया। मौके पर मेयर ने रांची शहर के विकास के लिए आगामी पांच वर्षों की प्राथमिकताओं का खाका पेश किया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की सेवाओं को आम लोगों के करीब लाने के लिए शहर के सभी 53 वार्डों में वार्ड कार्यालय खोले जाएंगे, ताकि छोटे-मोटे काम वार्ड स्तर पर ही निपट सकें और लोगों को निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। मेयर ने बताया कि शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए डैम ब्रिज और डैम निर्माण, पार्कों का विकास तथा संकरी सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था, बिजली और अन्य नागरिक सुविधाओं को भी मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मेयर ने कहा कि शहर के समग्र विकास के लिए सरकार के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है और उन्होंने रोटरी क्लब से विकास कार्यों में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाली महिलाओं में मुख्य रूप से डॉ. भावना तनेजा, कांता मोदी, रश्मि अग्रवाल, आस्था बहल, रितिका लखोटिया, रिचा, निशी जायसवाल, पायल सूद, जसबीर वासु, शिखा अग्रवाल, अंशु बहल, ऋतु अग्रवाल, अर्चना, आरना अग्रवाल तथा प्रीशा अग्रवाल शामिल रहीं। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने भी रांची के विकास कार्यों में सहयोग का भरोसा दिलाया।धन्यवाद ज्ञापन राजीव मोदी ने दिया।

## पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान में कुल 115 मामले सुलझे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : व्यवहार न्यायालय रांची स्थित मध्यस्थता केंद्र में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का आज समापन हो गया। यह मध्यस्थता अभियान न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई है। दिनांक 09.03.2026 से विशेष मध्यस्थता अभियान शुरू हुआ था। उक्त विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन 15, दूसरे दिन 15, तीसरे दिन 20, चौथे दिन 11 और अंतिम दिन 54 मामलों को अधिवक्ता मध्यस्थ, विशेषज्ञ मध्यस्थत एवं दोनों पक्षों के विद्वान अधिवक्ताओं की सुझबूझ एवं अथक प्रयास से सफलतापूर्वक सुलझाया गया। बताते चले कि, आज अंतिम दिन कुल 54 मामले विभिन्न न्यायालयों से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र, रांची में आये थे, जिसमें से सभी 54 मामलों को सफलतापूर्वक मध्यस्थों और अधिवक्ताओं के सहयोग से सुलझा लिया गया। दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये।

## जेसीआई रांची ने 'सस्टेनेबल सिपिंग' अभियान के तहत लाबेद गांव में स्टील की बोतलों का किया वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सामुदायिक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, खउक रांची द्वारा आज लाबेद गांव में 'बोतल वितरण' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। 'सस्टेनेबल सिपिंग' (Sustainable Sipping) पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को हानिकारक प्लास्टिक बोतलों के स्थान पर सुरक्षित और टिकाऊ स्टेनलेस स्टील की बोतलें प्रदान करना है। लाबेद, जेसीआई रांची द्वारा गोद लिया गया एक गांव है, जहां संस्था ने प्राथमिक विद्यालय, पुस्तकालय, बच्चों का खेल मैदान, पूजा स्थल एवं अन्य स्थायी परियोजनाओं का निर्माण कर गांव के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी कार्यक्रम में आज जेसीआई रांची के सदस्यों द्वारा गाँव के बच्चों के बीच स्टेशनरी सामग्री का भी वितरण किया गया। इस विशेष अवसर पर JCI इंडिया (क्षेत्र-अ) के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट (NVP) JFS जितेश आडवाणी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं ग्रामीणों को बोतलें वितरित कीं और शुद्ध पेयजल के महत्व पर जोर दिया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा है, बल्कि प्लास्टिक कचरे को कम करके पर्यावरण को बचाना भी है। कार्यक्रम के दौरान खउकरांची के अध्यक्ष JFD अभिषेक जैन ने कहा, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लाबेद का हर निवासी शुद्ध और सुरक्षित जल का सेवन करे। प्लास्टिक मुक्त भविष्य की ओर यह हमारा एक छोटा लेकिन प्रभावी कदम है।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में भारतीय रिजर्व बैंक का वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम



**रांची** : भारतीय रिजर्व बैंक, रांची क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अप-लिफ्ट कार्यक्रम के तहत 13 मार्च 2026 को सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची में छात्र-छात्राओं के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक 9 से 15 मार्च तक डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह मना रहा है, जिसका उद्देश्य डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित और जिम्मेदार बनाना तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के मनीवाइज कार्यक्रम के तहत साख फाउंडेशन के राज्य प्रमुख मनोज सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्रों को केंद्रीय बैंक की भूमिका, बैंकिंग व्यवस्था, डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता के महत्व की जानकारी दी गई।

## रसोई गैस की किल्लत से मंदिर और आश्रम की सेवा व्यवस्था प्रभावित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के पुंदाग स्थित परमहंस हिन्दु रत्न से सुशोभित डॉ. संत शिरोमणी स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मेएम.आर. एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर एवं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत से सेवा कार्यों में परेशानी बढ़ गई है। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित इस मंदिर और आश्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन निःशुल्क वेजिटेबल खिचड़ी का भंडारा आयोजित होता है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। तथा प्रत्येक रविवार को अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन विगत 5 वर्षों से हो रहा है भंडारा में



हजारों की संख्या में श्रद्धालु भोजन ग्रहण करते हैं वहीं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे 50 से अधिक निराश्रित प्रभुजनों को रोजाना तीनों समय भोजन कराया जाता है। इसके अलावा लगभग 30 से अधिक सेवादारों के भोजन की भी व्यवस्था यहीं से होती है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की लगातार कमी से भोजन व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए संबंधित विभाग को रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में शीघ्र समाधान एवं आवश्यक उपाय करने चाहिए। ट्रस्ट आश्रम में चूल्हा लगाने पर भी विचार कर रहा है।

# शतरंज चैंपियनशिप का हुआ समापन, विजेता हुए पुरस्कृत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में झारखंड राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2025-26 का आज समापन हुआ। इस अवसर पर रैपिड कैटेगरी में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के अरण्यक घोष, तमिलनाडु के कार्तिकेयन मुरली और हरि माधवन क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।




विजेताओं को 75,000 रु. से पांच हजार रु. तक की राशि से पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट की ब्लिट्ज कैटेगरी में महाराष्ट्र के पुराणिक अभिमन्यु, रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सायंतन दास और तमिलनाडु के हरि माधवन को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस कैटेगरी में विजेताओं को 50,000 रु. से लेकर पांच हजार रु तक की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के दौरान रांची जिला शतरंज संघ तथा ऑर्गेनाईजिंग कमेटी के सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, उपाध्यक्ष मिथिलेश पांडे, आशीष साहू, सुनील कालरा, मृदुल कुमार, दीपक कुमार, प्रभात कुमार सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति समेत समस्त प्रतिभागियों को राज्य शतरंज संघ के संरक्षक राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय, लातेहार के विद्यार्थियों ने की सीएम से मुलाकात



**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में नेतरहाट आवासीय विद्यालय, लातेहार के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। विद्यार्थियों ने विधानसभा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री से मिल कर उनसे परिचर्चा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री के साथ उत्साहपूर्वक बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी लीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों से उनके अध्ययन और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें मन लगा कर पढ़ाई करने और अपने सपनों को साकार करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को उनकी तस्वीर भी भेंट की।

### ट्राइबल एंड रीजनल लैंग्वेज विभाग के छात्रों के साथ हो रहे भेदभाव की अबुआ अधिकार मंच ने की कड़ी निंदा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अबुआ अधिकार मंच के इंचार्ज, यूथ एंड स्टूडेंट अफेयर्स अभिषेक शुक्ला ने ट्राइबल एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के छात्र-छात्राओं के साथ हो रहे भेदभाव पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि दिनांक 10 मार्च 2026 को माननीय विधानसभा सदस्य अमित कुमार यादव द्वारा झारखंड विधानसभा में यह प्रश्न उठाया गया था कि रांची विश्वविद्यालय, रांची तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के क्षेत्रीय भाषाओं के NET/JRF उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शोध निर्देशक (गाइड) के अभाव में पीएचडी नहीं कराया जा रहा है। इस प्रश्न के जवाब में सरकार की ओर से यह कहा गया कि रांची विश्वविद्यालय में हो एवं पंचपरगनिया भाषा को छोड़कर शेष सात क्षेत्रीय भाषाओं में तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में खोरठा भाषा में NET/JRF उत्तीर्ण छात्रों को पीएचडी कराया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि सभी क्षेत्रीय भाषाओं के रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति हेतु अधियाचना झारखंड लोक सेवा आयोग, रांची को भेजी गई है। इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए अभिषेक शुक्ला ने कहा कि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने बताया कि विभाग के लगभग सभी नौ क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं में शिक्षकों और शोध-निर्देशकों की भारी कमी है।

## एक झलक

### ज्वाहर घाट में डूबे चालक का 44 घंटे बाद भी नहीं मिला शव



**बरही :** बीते बुधवार को ज्वाहर घाट में मछली लदा ट्रक गिर गया था, ट्रक को बीते रात्रि करीब 10 बजे ज्वाहर घाट से बाहर निकाल लिया गया है, लेकिन घटना के 44 घंटा बीत जाने के बावजूद ट्रक चालक का कोई सुराग नहीं मिल सका है। डूबे हुए ट्रक को कड़ी मशक्कत के बाद डैम से बाहर निकाला गया, आशंका जताई जा रही थी कि चालक का शव ट्रक के ही केबिन में फंसा होगा। लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सका है। वहीं शुक्रवार देर शाम बरही पुलिस प्रशासन एनडीआरएफ टीम के सहयोग से शव की तलाश की जा रही है। लेकिन खबर लिखे जाने तक शव का कोई सुराग नहीं मिला है।

### चूल्हा में गिरने से युवक झुलसा, इलाज के दौरान मौत

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बरकेला गांव के मानकी साई में खाना बनाते समय चूल्हे में गिरकर एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गणेश बोयपाई (19) के रूप में हुई है। वह दिलीप बोयपाई का पुत्र था। घटना के संबंध में गणेश के पिता दिलीप बोयपाई ने बताया कि बुधवार सुबह घर के सभी लोग प्रतिदिन की तरह शौच के लिए तालाब की ओर गए थे। उस समय घर में गणेश लकड़ी के चूल्हे पर खाना बना रहा था। उन्होंने बताया कि उस दिन गणेश की तबीयत भी ठीक नहीं थी। खाना बन जाने के बाद वह चूल्हे के पास आग ताप रहा था। इसी दौरान संभवतः उसे चक्कर आ गया और वह सीधे चूल्हे में गिर गया, जिससे उसकी छाती और पेट बुरी तरह झुलस गए। परिजन जब शौच से लौटकर घर पहुंचे तो अंदर से हल्की आवाज सुनाई दी। घर में जाकर देखा तो गणेश आग से झुलस रहा था। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से उसे तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा लाया गया। अस्पताल में दिन भर उसका इलाज चलता रहा, लेकिन गुरुवार की देर रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दिलीप बोयपाई ने बताया कि गणेश किसी प्रकार का नशा नहीं करता था। उसने आठवीं कक्षा तक पढ़ाई की थी और वह अविवाहित था। इधर जैसे ही सदर थाना को इस बात की सूचना मिली पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भाजपा जमशेदपुर महानगर के सात मंडलों में नये अध्यक्ष घोषित

**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड में संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महानगर क्षेत्र के सात मंडलों में नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु के निर्देश पर महानगर जिलाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। जारी सूची के अनुसार पोटका मंडल के लिए सनत कुमार, कोवाली मंडल के लिए श्यामल महाकुड़, आसनबनी मंडल के लिए निधू दास, कमलपुर मंडल के लिए ।

भारत की जनगणना 2027

# जिला व प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारत की आगामी जनगणना 2027 के सफल संचालन के उद्देश्य से जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों तथा तकनीकी सहायकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 मार्च 2026 से 15 मार्च 2026 तक प्रमण्डलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान, जबरा, हजारीबाग में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग, अनुमण्डल पदाधिकारी, बरही, सहायक समाहर्त्ता सह प्रशिक्षु आईएएस, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी तथा जनगणना कार्य निदेशालय, झारखण्ड के संयुक्त निदेशक सह मास्टर प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं सांख्यिकीय प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जाता है। इसलिए प्रशिक्षण के माध्यम से संबंधित पदाधिकारियों एवं तकनीकी सहायकों को जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं तथा डाटा संकलन की विधियों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है, ताकि जनगणना कार्य को पारदर्शी, सटीक एवं प्रभावी तरीके से संपन्न कराया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना के विभिन्न चरणों, कार्यप्रणाली, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डाटा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखण्डों से आए पदाधिकारी एवं तकनीकी सहायक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक दक्षता विकसित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

## अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री ज्योति सिंह मथारू का कोडरमा में हुआ भव्य स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) ज्योति सिंह मथारू अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कोडरमा परिसदन पहुंचे। उनके आगमन पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर गंभीर चर्चा परिसदन में आयोजित बैठक के दौरान राज्यमंत्री मथारू ने जिले के सिख, जैन, मुस्लिम, बौद्ध और ईसाई समाज के गणमान्य प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय की मूलभूत समस्याओं और सरकारी सुविधाओं की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रशासनिक पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अल्पसंख्यकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाए। विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए कई युवा स्वागत कार्यक्रम के दौरान एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की नीतियों से प्रभावित होकर कई युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

## मेयर अरविंद राणा को नव झारखंड फाउंडेशन ने दी बधाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग नगर निगम में चुने हुए जनप्रतिनिधि का शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित मेयर अरविंद राणा को विभिन्न सामाजिक संगठनों और गणमान्य लोगों की ओर से बधाई देने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष सह समाजसेवी किशोरी राणा ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर मेयर को फूल-माला और पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर किशोरी राणा ने कहा कि यह हजारीबाग के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का दिन है। शहर की जनता ने एक ऐसे व्यक्ति को मेयर चुना है, जो जमीन से जुड़ा हुआ है और जनता की समस्याओं को भली-भांति समझता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि अरविंद राणा निश्चित रूप से जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे और नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## शिक्षा जगत के पुरोधा डॉ. स्व. ललन प्रसाद की छठी पुण्यतिथि मनायी गयी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविद, समाजसेवी एवं समर्पित शिक्षक डॉ. स्व. ललन प्रसाद की छठी पुण्यतिथि डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सह आइडियल पब्लिक स्कूल सिंहपुर में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय परिवार, शिक्षक, छात्र-छात्राओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉ. ललन प्रसाद ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के प्रसार और समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता को समझते हुए शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर नई पीढ़ी को बेहतर भविष्य देने का कार्य किया। उनके प्रयासों से स्थापित विद्यालयों से आज भी क्षेत्र के अनेक छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को संवार रहे हैं, जो उनके दूरदर्शी सोच और समर्पण का परिणाम है। मौके पर विद्यालय संस्थापक सदस्य अरबिंद सिन्हा, पूर्व शिक्षक सह समाजसेवी विकास यादव, मुखीया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर, प्रबन्धक चन्दन कुमार, प्रचार्या डॉ ममता कुमारी, शिक्षक सुग्रीव रजक, सुधीर पांडेय, मौलाना हाफिज, अखिलेश दांगी ने उनके जीवन से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि डॉ. ललन प्रसाद का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, प्रेरणादायी और समाज के प्रति समर्पित था। उन्होंने शिक्षा को समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार माना और जीवनभर उसी दिशा में कार्य करते रहे। कार्यक्रम का समापन संस्थापक सदस्य महेश्वरी मेहता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## जंगल में लगी आग पर ग्रामीणों के सहयोग से दो घंटे बाद पाया गया काबू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही:** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरसोत से जीतपुर जाने वाले जंगल के रास्ते में अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और टीम का सहयोग किया, जिसके कारण समय रहते आग को फैलने से रोका जा सका। मौके पर बरसोत पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। आग बुझाने में सहयोग करने वालों में सूरज चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी, राजा चंद्रवंशी, सचिन चंद्रवंशी, प्रेमचंद चंद्रवंशी, सरवन केशरी, अमर केशरी, छोटू केशरी और विशाल चंद्रवंशी शामिल थे। ग्रामीणों ने बताया कि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास के जंगल और खेतों में भी नुकसान हो सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने नवनिर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों को दिलायी शपथ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर निगम, हजारीबाग के नवनिर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों को शुक्रवार को प्रमंडलीय आयुक्त, मनोज कुमार उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों ने विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा रखते हुए तथा भारत की सार्वभौमिकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए अपने कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। इस अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि नगर के विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि सभी जनप्रतिनिधि पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए नगर निगम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर हजारीबाग के उपायुक्त ने भी नवनिर्वाचित महापौर एवं वार्ड पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत संरचना तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी जनप्रतिनिधि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए नगर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। शपथ समारोह में, निवार्ची पदाधिकारी उपमहापौर, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, नगर निंगम, हजारीबाण, तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### समाहरणालय सभागार में उपमहापौर पद के लिए शांतिपूर्ण से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न

**निर्वाचन** के उपरांत अविनाश यादव उपमहापौर पद के लिए निर्वाचित घोषित किए गए। महापौर/उपमहापौर पद के निवार्ची पदाधिकारी संतोष सिंह ने विजयी उम्मीदवार अविनाश यादव को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसके बाद महापौर अरविंद राणा ने उन्हें उपमहापौर पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवनिर्वाचित उपमहापौर को बधाई दी।

### कंटेनर पलटने से चतरा-गया मार्ग पर आवागमन बाधित

**चतरा :** जिले के जोरी थाना क्षेत्र स्थित संघरी घाटी में शुक्रवार तडके सुबह हुए सड़क हादसे के बाद चतरा-गया मुख्य मार्ग पर भीषण जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगने से घंटों तक आवाजाही पूरी तरह ठप रही और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घाटी के खतरनाक मोड़ पर एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसके बाद पीछे से आ रहे कई हाइवा ट्रक आपस में टकरा गए। इससे अफरातफरी मच गई। दुर्घटना के कारण मार्ग पर वाहन फंस गए और देखते ही देखते दोनों ओर करीब एक किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

आरोग्यम सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में हृदय रोगियों के लिए नि:शुल्क परामर्श शिविर आज

## समय पर हृदय की जांच से गंभीर बीमारियों से बचाव सम्भव : हर्ष अजमेरा

■ स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने का प्रयास : जया सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित आरोग्यम सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 14 मार्च 2026 दिन शनिवार को हृदय रोग से संबंधित समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। शिविर में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम ठाकुर (एमबीबीएस, एमडी, डीएम कार्डियोलॉजी, रिम्स) मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देंगे। बताया गया कि शिविर के दौरान हृदय रोग से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं से पीड़ित मरीजों की विशेष जांच की जाएगी। जिन लोगों को सीने में दर्द या जलन, हार्ट ब्लॉकेज की आशंका, सांस लेने में तकलीफ, अत्यधिक पसीना आना, अनियमित धड़कन, पेट में भारीपन या दर्द तथा कठिन कार्य करते समय सीने में दबाव या सांस फूलने जैसी शिकायतें होती हैं, वे इस शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सक से निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं। शिविर में मरीजों के लिए ईसीजी, ब्लड प्रेशर जांच, शुगर जांच एवं डॉक्टर से परामर्श की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा जरूरत के अनुसार मरीजों को आगे के उपचार के लिए उचित चिकित्सकीय सलाह भी दी जाएगी। अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भी इलाज की सुविधा उपलब्ध है, जिससे पात्र मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि वर्तमान समय में हृदय रोग तेजी से बढ़ती हुई गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। ऐसे में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर जांच कराने की आवश्यकता है।



## एंबिशन पब्लिक स्कूल का 09वा स्थापना दिवस आगामी 15 को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा : विवेक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ अंतर्गत यात्री बस स्टॉप अखाड़ा चौक के समीप स्थित एंबिशन पब्लिक स्कूल अपना 9वा स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम आगामी 15 मार्च दिन रविवार को पूरे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाने जा रहा है। स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय परिवार की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम में नाटक, नृत्य, संगीत आदि नन्हे-मुन्हें बच्चो द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, यह बाते विद्यालय के निर्देशक विवेक कुमार ने कही। उन्होंने जानकारी देते बताया कि 2017 में विद्यालय की नींव रखी गई थी, तब से लेकर आज तक विद्यालय परिवार की ओर से लगातार अपना स्थापना दिवस समारोह पूरे धूमधाम से मनाते आ रहे है। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मंडल ने विद्यालय परिवार की ओर से इस स्थापना दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में अभिभावकों को विद्यालय आने के लिए सादर आमंत्रित किया है, साथ ही अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और बच्चो को आशीर्वाद देकर उनके मनोबल को ऊंचा करें।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3.43 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू ( हजारीबाग):** हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र में 12 मार्च 2026 को पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मेडकुरी खुर्द स्थित बलबल धाम के पास कुछ लोग अवैध नशीले पदार्थों का सेवन और खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर विष्णुगढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैद्यनाथ प्रसाद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल में डीएसपी प्रशांत कुमार थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन, पु आ नि मिथु मुर्मू, रिजर्व गार्ड बालेश्वर यादव, विजय कुमार शामिल थे। वही प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी प्रशांत कुमार ने कहा कि छापेमारी के दौरान पुलिस की गाड़ी देखकर कुछ लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर तीन लोगों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चंदन कुमार मेहता उर्फ जोधन मेहता (घाघरा, दारू), शान कुमार राज उर्फ चीकू (जमुआरी, इचाक) और मनोज कुमार (बुजर्गनानो, आंगो) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान इनके पास से कुल 3.43 ग्राम ब्राउन शुगर, 1900 रुपये नकद, दो इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल वजन मशीन, नशा करने में प्रयुक्त मुड़े हुए नोट तथा बीड़ी का पैकेट बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में एक अन्य आरोपी कौशिक देव का नाम सामने आया है, जो मौके से फरार हो गया। इस मामले में दारू थाना में कांड संख्या 17/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। दारू थाना प्रभारी मो इकबाल हुसैन ने कहा कि क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सनी लाहकार रामनवमी रमुआ समिति के अध्यक्ष मनोनीत, सचिव बने राहुल कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में रामनवमी त्यौहार को लेकर रामभक्तों में काफी उत्साह है। रामभक्त पूजा एवं आकर्षण झांकी को लेकर अपनी अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिसको लेकर नई ऊर्जा के साथ कमिटियों का गठन किया जा रहा है साथ ही सभी अखाड़ों ने अपनी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। प्रखंड के रमुआ स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्रांगण में रामनवमी को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता ओम प्रकाश बर्मन के द्वारा किया गया। सदस्यों की सर्वसम्मति से नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सनी लाहकार को बनाया गया। वही उपाध्यक्ष अजीत नायक, सचिव राहुल कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष शशि लाहकार, मीडिया प्रभारी चैतन्य कुमार भारती, संरक्षक विनोद सिंह, संजय कुमार(बबलू), गुरु प्रसाद साव, विनोद कुमार सिंह, शंभूलाल यादव, अनुभव भारती, दिनेश्वर साव(छोटी), शैलेन्द्र सिंह (शैलू), अनुज रवानी, अरुण कुमार सिन्हा, कारू प्रजापति(बड़ा), अजय साव, जयराम साव, दीपक कुमार(दीपू), ओम प्रकाश बर्मन, बसंत नारायण सिंह कार्यकारणी सदस्य में मोनू सिन्हा, अशोक साव, नीरज कुमार, अविनाश कुमार, शानू कुमार सिंह, रितिक कुमार, राहुल नायक व अन्य उपस्थित रहे ।

# आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की समस्याओं को लेकर विधानसभा में उठा मुद्दा : विधायक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में राज्य में कार्यरत आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारीगण (AYUSH Community Health Officers) की समस्याओं और उनकी लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी सेवाएं दे रहे आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की तरह कार्य कर रहे हैं, लेकिन लंबे समय से उनकी कई महत्वपूर्ण मांगें लंबित हैं। विधानसभा में इस विषय को उठाते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से मांग की कि आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और उनकी लंबित मांगों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि ये अधिकारी विशेष रूप से ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और आम लोगों तक बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी लगातार समर्पण के साथ लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में सरकार का दायित्व बनता है कि उनकी सेवा शर्तों, मानदेय, स्थायीकरण तथा अन्य सुविधाओं से संबंधित मांगों पर सकारात्मक निर्णय ले। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यदि आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की मांगों को समय रहते पूरा किया जाता है, तो इससे न केवल उनका मनोबल बढ़ेगा बल्कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था भी और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी होगी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक पहल करते हुए इनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए ।

### अधिवक्ताओं की सुरक्षा, सम्मान और बेहतर कार्य-परिस्थितियों को लेकर विधानसभा में विधायक प्रदीप प्रसाद ने उठाया मुद्दा

**हजारीबाग :** हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में राज्य के अधिवक्ताओं की सुरक्षा, सम्मान और उनके कार्य-परिस्थितियों को सुदृढ़ बनाने से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए उनके अधिकारों, सुरक्षा और गरिमा की रक्षा करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में यह कानून लागू है, जिससे अधिवक्ताओं को सुरक्षा और सम्मानजनक वातावरण में कार्य करने का अधिकार मिला है। झारखंड में भी इस कानून को लागू कर अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के विभिन्न बार एसोसिएशनों में अधिवक्ताओं के लिए पर्याप्त बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इस स्थिति को देखते हुए सभी बार एसोसिएशनों में अधिवक्ताओं के लिए बेहतर और गरिमापूर्ण कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास की आवश्यकता है। इसी क्रम में विधायक प्रदीप प्रसाद ने गौरवशाली इतिहास वाले हजारीबाग बार एसोसिएशन के विकास से जुड़ा अनुपूरक प्रश्न भी उठाया। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि यहां अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस पहल की जाए, ताकि उन्हें सुगम, सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण मिल सके। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना न्याय व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## रोजा इफ्तार से समाज में भाईचारा और एकता मजबूत होती है : मो कयूम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के बेला गांव निवासी समाजसेवी मो कलीम अंसारी ने रमजान के अवसर पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो क्युम सहित कई रोजेदार शामिल हुए, उसके बाद नमाज अदा की गई। इसके बाद खजूर, फल और पारंपरिक व्यंजनों के साथ रोजा खोला गया, इफ्तार के दौरान लोगों ने एक दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और समाज में प्रेम वा सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान मो कयूम ने कहा कि रोजा इफ्तार का आयोजन केवल धार्मिक परंपरा नहीं है, बल्कि यह समाज में भाईचारे और एकता को मजबूत करने का माध्यम है। इस प्रकार के आयोजन से लोगों के बीच विश्वास बढ़ता और सद्भाव बढ़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि रमजान का महीना धैर्य, संयम और सेवा की भावना सीखाता है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, पूर्व पंसस जमीरउद्दीन, कलीम उदीन, मो महबूब, सोहेल खान, खुर्शीद अंसारी, महबूब अंसारी, रफीक अंसारी, हदीश अंसारी व अन्य उपस्थित रहें।

## एक झलक

### मिडिल ईस्ट युद्ध का असर, हर्ल में गैस कटौती से घटा यूरिया उत्पादन

**सिन्दरी (धनबाद) :** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का असर सिंदरी स्थित हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) के उत्पादन पर पड़ने लगा है। गैस आपूर्ति में कटौती के कारण यूरिया उत्पादन प्रभावित हुआ है। हर्ल के बिजनेस यूनिट हेड गौतम माजी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा गैस आपूर्ति में लगभग 30 प्रतिशत तक कटौती की गई है, जिससे संयंत्र को उसकी कुल खपत का करीब 20 प्रतिशत कम गैस मिल रही है। पहले हर्ल सिंदरी में प्रतिदिन लगभग 3850 मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन होता था, जो अब घटकर करीब 3000 मीट्रिक टन रह गया है। एचआर हेड विक्रांत कुमार ने बताया कि मिडिल ईस्ट में युद्ध समाप्त होने के बाद ही गैस आपूर्ति और उत्पादन सामान्य हो सकेगा।

### एंटी क्राइम चेकिंग अभियान 1327 वाहनों की हुई सघन जांच

**धनबाद :** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर गुरुवार को शाम से लेकर रात तक धनबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस की टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कुल 1327 वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन, बीमा सहित अन्य आवश्यक कागजातों का सत्यापन किया। जांच के दौरान जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे या सही नहीं पाए गए, उनके चालान काटे गए और वाहन चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का सत्यापन किया गया। एसएसपी ने बताया कि इस तरह के अभियान का उद्देश्य अपराध पर नियंत्रण रखना, असामाजिक तत्वों पर नजर रखना और जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना है। पुलिस ने आम लोगों से जांच के दौरान सहयोग करने की अपील की।

### कतरासगढ़ स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस के ठहराव से लोगों में उत्साह

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर क्षेत्र के लोगों और यात्रियों में काफी उत्साह देखने को मिला। ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचते ही स्थानीय लोगों और रेल आंदोलनकारियों ने चालक का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान स्टेशन परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। रेल आंदोलनकारी राजेंद्र प्रसाद राय ने कहा कि अमृत भारत एक्सप्रेस का कतरासगढ़ स्टेशन पर ठहराव क्षेत्र की जनता के लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जो अब पूरी हुई है। उन्होंने इसके लिए रेल विभाग और कतरास क्षेत्र की जनता को बधाई दी। उन्होंने बताया कि धनबादझचंद्रपुरा रेल लाइन (डीसी लाइन) बंद होने के बाद इसे पुनः चालू कराने के लिए वर्षों तक आंदोलन किया गया। लगातार संघर्ष और जनदबाव के बाद डीसी लाइन फिर से शुरू हुई। अब अमृत भारत एक्सप्रेस के ठहराव से कतरास और आसपास के यात्रियों को पोदानूर समेत कई शहरों की यात्रा में काफी सुविधा मिलेगी।

## धनबाद में जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारी शुरू, अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# डिजिटल माध्यम से होगी जनगणना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं भवनों की गणना को लेकर शुक्रवार से समाहरणालय सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे तथा अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके आंकड़ों के आधार पर सरकार भविष्य की



योजनाएं और नीतियां तय करती है। लगभग डेढ़ दशक के बाद यह जनगणना कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसलिए सभी पदाधिकारी और कर्मी इसे पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ सम्पन्न करें। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं, प्रश्नावली के उपयोग, डेटा संग्रह की प्रक्रिया तथा क्षेत्र में कार्य करने के तौर-तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। जनगणना कार्य निदेशालय रांची से आए राष्ट्रीय प्रशिक्षक सह सहायक निदेशक मुरारी मोहन ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से मकान सूचीकरण एवं भवनों की गणना की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। प्रगणक मोबाइल ऐप के जरिए हर घर और हर ब्लॉक का डेटा संकलित करेंगे, जिससे जानकारी का संधारण अधिक तेज और सटीक तरीके से हो सकेगा। प्रशिक्षण के बाद सभी चार्ज अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण और भवनों की गणना का कार्य शुरू करेंगे। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी सह सांख्यिकी पदाधिकारी उमेश लोहरा, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, प्रकाश कुमार सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## धूम्रपान निषेध को लेकर राजगंज में संकल्प सभा छात्रों को दिलायी गयी नशे से दूर रहने की शपथ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बाघमारा (धनबाद) :** राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय, राजगंज में शुक्रवार को जय धरती मां फाउंडेशन के तत्वावधान में धूम्रपान निषेध संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को धूम्रपान व नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि धूम्रपान और अन्य प्रकार के नशे से मानव स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है और इससे कई घातक बीमारियां जन्म लेती हैं। इसलिए युवाओं और विद्यार्थियों को इससे दूर रहकर समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए। इस अवसर पर जय धरती मां फाउंडेशन के संस्थापक रवि कुमार निषाद, सह-संस्थापक रंजीत कुमार, जिला सचिव सह संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो, विनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय के संस्थापक सचिव शंकर किशोर महतो, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अकलू मोहली सहित कई शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को धूम्रपान नहीं करने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही विनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय, राजगंज में भी विद्यार्थियों को धूम्रपान न करने का संकल्प दिलाया गया।

## हर्ल के रेलवे ट्रैक पर मिला एक माह से लापता परमेश्वर टुडू का शव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** सिंदरी थाना क्षेत्र के मनोहरटांड निवासी परमेश्वर टुडू का शव शुक्रवार की सुबह हर्ल प्रोजेक्ट स्थित रेलवे ट्रैक पर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। वह पिछले करीब एक माह से लापता था। शव की पहचान उसके भाई रवि टुडू ने की। जानकारी के अनुसार परमेश्वर टुडू करीब एक माह पूर्व घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा था। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह हर्ल प्रोजेक्ट के रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव पड़े होने की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसकी पहचान परमेश्वर टुडू के रूप में की। बताया जाता है कि शव काफी विकृत अवस्था में था और मृतक की गर्दन धड़ से अलग पड़ी थी। परिजनों के अनुसार परमेश्वर टुडू मानसिक रूप से विक्षिप्त था और अक्सर घर से निकल जाता था। हर्ल के एचआर हेड विक्रांत कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे रेलवे वेगन हर्ल प्रोजेक्ट में आई थी। उस समय ट्रैक पर कुछ भी नहीं था। लगभग 8:30 बजे जब रेलवे इंजन वापस जाने लगा तो चालक ने ट्रैक पर एक व्यक्ति का कटा हुआ शव देखा और इसकी सूचना प्रबंधन को दी। इसके बाद हर्ल प्रबंधन द्वारा तत्काल सिंदरी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सिंदरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शव की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। परिजनों के अनुरोध पर घटनास्थल पर ही पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की गई और शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है।



## कतरास में प्रस्तावित श्याम मंदिर भूमि का किया अवलोकन, भक्तों संग ताली कीर्तन

**धनबाद :** सूरजगढ़ दरबार के संत हजारीलाल इंदौरिया शुक्रवार को कतरास पहुंचे, जहां उन्होंने श्याम शरणम् सेवा ट्रस्ट द्वारा प्रस्तावित श्याम मंदिर निर्माण स्थल का अवलोकन किया। उनके आगमन पर श्याम भक्तों ने पुष्पमालाओं व 'जय श्री श्याम' के जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर ट्रस्ट के सदस्यों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के साथ भावपूर्ण ताली कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। ट्रस्ट के सदस्यों ने उनके आगमन को बाबा श्याम की विशेष कृपा बताते हुए मंदिर निर्माण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

## विधानसभा में उठा स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में चिकित्सक व दवाइयों की कमी का मुद्दा

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने शुक्रवार को विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग के स्वास्थ्य मद से पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है और कई केंद्रों का उद्घाटन भी हो चुका है, लेकिन अधिकांश उपकेंद्रों में चिकित्सक, नर्स, मेडिकल स्टाफ और दवाइयों की समुचित व्यवस्था नहीं है। विधायक ने कहा कि आवश्यक संसाधनों और कर्मचारियों की कमी के कारण कई स्वास्थ्य उपकेंद्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

## आईआईटी आईएसएम धनबाद में नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम का समापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** शिक्षा मंत्रालय की प्रमुख पहल मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत आयोजित पाँच दिवसीय नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम का सफल समापन आईआईटी आईएसएम धनबाद के एमएमटीटी सेंटर में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन आईआईटी आईएसएम के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों और अकादमिक पेशेवरों में नेतृत्व क्षमता को मजबूत करना था। कार्यक्रम में देश के कई प्रमुख संस्थानों जैसे सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी रायचूर, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी वाराणसी, विनोबा भावे यूनिवर्सिटी तथा बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी सहित अन्य संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। पाँच दिनों तक चले इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों के व्याख्यान, इंटरैक्टिव चर्चा और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अकादमिक नेतृत्व से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की विषयवस्तु राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप तैयार की गई थी, जिसका उद्देश्य शिक्षकों और उच्च शिक्षण संस्थानों की क्षमता को संस्थागत विकास और नवाचार की दिशा में मजबूत करना था। समापन सत्र में आईआईटी आईएसएम धनबाद के प्रो. सोमनाथ चट्टोपाध्याय और प्रो. ज्ञान प्रकाश उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी और उन्हें अपने-अपने संस्थानों में प्राप्त अनुभवों और सीख को लागू करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. मृणालिनी पांडे तथा सह-समन्वयक प्रो. एम.डी. इरफान ने प्रतिभागियों, संसाधन व्यक्तियों और कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## लिलौरी स्थान में प्रस्तावित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का विरोध करनेवाले जनप्रतिनिधियों की कड़ी आलोचना



बस टर्मिनल निर्माण के लिए अब होगा महाआन्दोलन : डॉ. विनोद गोस्वामी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** धनबाद नगर निगम वार्ड संख्या 01 के पूर्व पार्षद सह रेल दो या जेल दो आंदोलन के प्रणेता डॉ. विनोद कुमार गोस्वामी ने कतरास के लिलौरी स्थान में प्रस्तावित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल निर्माण का विरोध करने वाले कुछ जनप्रतिनिधियों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह बस टर्मिनल कतरास और पूरे बाघमारा क्षेत्र की आर्थिक व सामाजिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि जिस प्रकार रेल दो या जेल दो जन-आंदोलन के माध्यम से कतरासगढ़ स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराया गया था, उसी तरह अब बस टर्मिनल निर्माण के लिए भी व्यापक जनआंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित बस टर्मिनल कतरासगढ़ स्टेशन के समीप होने के कारण यात्रियों को रेल और सड़क परिवहन की बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे दूर-दराज से आने-जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि बस टर्मिनल बनने से कतरास, बाघमारा और आसपास के क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक स्वार्थ के कारण इस विकास कार्य का विरोध कर रहे हैं, जो क्षेत्र के हित में नहीं है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बस टर्मिनल निर्माण में किसी प्रकार की बाधा डाली गई तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए चरणबद्ध तरीके से धरना, प्रदर्शन और जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की रुकावट न आए।

## एसएसपी प्रभात कुमार का राजगंज थाना में औचक निरीक्षण

# लम्बित कांडों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एसएसपी प्रभात कुमार ने शुक्रवार को राजगंज थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अंचल निरीक्षक मोहम्मद रुस्तम, थाना प्रभारी अलीशा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।



सड़क हादसों पर जतायी चिंता, गश्त बढ़ाने और सूचना तंत्र मजबूत करने की हिदायत

निरीक्षण के क्रम में एसएसपी ने थाना परिसर के विभिन्न विभागों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीएनएस कक्ष, कंप्यूटर रूम, काउंसिलिंग सेंटर, मालखाना, बैरक, कॉन्फ्रेंस रूम, रिकॉर्ड रूम, कैंटीन, महिला हेल्प डेस्क और सीरिस्ता का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। साथ ही दस्तावेजों के संधारण और रिकॉर्ड के अद्यतन रखने पर विशेष जोर दिया। एसएसपी ने थाना क्षेत्र में बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिकारियों को एनएचएआई के साथ समन्वय बनाकर दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में ठोस पहल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में नियमित गश्ती अभियान चलाया जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में दर्ज कांडों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी लंबित कांडों में समय पर चार्जशीट दाखिल की जाए। इसके अलावा लंबित वारंटों के तामिल और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया। इस मौके पर एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की समस्याएं भी सुनीं और राजगंज थाना को नया चार पहिया व दो पहिया वाहन उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने और शिकायतों के त्वरित समाधान की हिदायत दी।

## धनबाद में लोन प्रक्रिया होगी आसान, 'स्मार्ट लोन समाधान' से कम समय में होगा डिसबर्समेंट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



एआई तकनीक से होगी आवेदन की स्क्रूटनी, स्वरोजगार योजनाओं के लाभुकों को मिलेगी राहत

**धनबाद :** जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लोन वितरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए अब स्मार्ट लोन समाधान का प्रयोग किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने शुक्रवार को नगर आयुक्त, अनुमंडल दंडाधिकारी, जिला उद्योग केंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा स्मार्ट लोन समाधान के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर योजना की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि इस प्रणाली के लागू होने से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से लोन आवेदनों की प्राप्ति, स्क्रूटनी, स्वीकृति और डिसबर्समेंट की प्रक्रिया कम समय में पूरी हो सकेगी। इससे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), मुद्रा लोन सहित अन्य माइक्रो लोन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकेगा। बैठक में स्मार्ट लोन समाधान के प्रतिनिधियों ने बताया कि एआई के माध्यम से आवेदक से बातचीत कर दस्तावेजों की जांच, सिबिल स्कोर का सत्यापन, फेस वेरिफिकेशन तथा व्यवसायिक स्थल का जियो टैग वीडियो तैयार किया जाएगा।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

# त्वरित निष्पादन के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जांच कर शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार के दौरान वार्ड संख्या 19 में जलापूर्ति की समस्या, ट्रांसजेंडर सर्टिफिकेट बनाने, रैयती जमीन पर अवैध कब्जा, दिव्यांग पेंशन दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन भुगतान, होमगार्ड चेक लिस्ट में नाम शामिल करने, चौकीदार बहाली की दूसरी सूची जारी करने



समेत कई मामलों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा डीएमएफटी फंड से डीप बोरिंग व सोलर पंप के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने, बीसीसीएल द्वारा ब्लास्टिंग से रैयती जमीन व मकान को नुकसान पहुंचने, किराएदार द्वारा दुकान पर जबरन कब्जा करने तथा राशन कार्ड बनाने से संबंधित शिकायतें भी उपायुक्त के समक्ष रखी गईं। उपायुक्त आदित्य रंजन ने उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

## तिलाटांड़ बीसीसीएल अस्पताल की जर्जर स्थिति पर उठी आवाज, मरम्मत व बेहतर चिकित्सा सुविधा की मांग

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा क्षेत्र के कतरास बाजार स्थित तिलाटांड़ बीसीसीएल रीजनल अस्पताल की जर्जर स्थिति और अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों ने प्रबंधन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता विवेक हजारी ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर अस्पताल भवन की मरम्मत और चिकित्सा सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि अस्पताल का भवन काफी जर्जर हो चुका है, जिससे बीसीसीएल कर्मियों, उनके परिजनों और आसपास के लोगों को इलाज कराने में परेशानी हो रही है। वहीं चिकित्सकों और अस्पताल कर्मियों को भी पर्याप्त संसाधन नहीं होने से कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में जनरल मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र और दंत विभागों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी बताई गई है। साथ ही एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, पैथोलॉजी लैब और एंबुलेंस जैसी सुविधाओं की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

## लोको बाजार में नगर निगम की छापेमारी, तीन दुकानों से वसूला जुर्माना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



खाद्य निरीक्षक, पशु चिकित्सा पदाधिकारी व राजस्व टीम ने किया औचक निरीक्षण, कई दुकानदार दुकान बंद कर भागे

**पाथरडीह (धनबाद) :** नगर निगम धनबाद की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को पाथरडीह स्थित लोको बाजार में विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिठाई दुकानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और साफ-सफाई की जांच की गई, वहीं मुर्गा फार्म व मांस-अंडा बेचने वाली दुकानों की भी पड़ताल की गई। अचानक हुई छापेमारी से बाजार के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कुछ दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से निकल गए। जांच के दौरान टीम ने दुकानों के होल्डिंग टैक्स, कमर्शियल लाइसेंस समेत अन्य आवश्यक कागजातों की भी जांच की। कागजात सही नहीं मिलने पर तीन दुकानों से कुल 1500 रुपये जुमार्ना वसूला गया। वहीं एक मुर्गा फार्म संचालक दुकान बंद कर भाग गया, जिसके खिलाफ नोटिस जारी करने की बात कही गई है। टीम में फूड इंस्पेक्टर पूनम ज्योति, पशु चिकित्सा पदाधिकारी दिपांजली मरांडी, राजस्व अधिकारी रंजीत कुमार व पवन कुमार शामिल थे। फूड इंस्पेक्टर पूनम ज्योति ने दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य पदार्थों को ढककर सुरक्षित रखने की सख्त हिदायत दी है।

## विधायक राज सिन्हा ने ऊर्जा मित्रों के समायोजन और एसएनएमएमसीएच में नियोनेटल वेंटीलेटर उपलब्ध कराने की मांग की

# विधानसभा में उठा ऊर्जा मित्रों के रोजगार व स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने शुक्रवार को विधानसभा रांची में रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े अहम मुद्दों को उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 6500 युवक पिछले 10-15 वर्षों से ऊर्जा मित्र के रूप में बिजली विभाग से जुड़े कार्य कर रहे हैं और बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विधायक ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद ऊर्जा मित्रों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसे में सरकार को उन्हें मानव



दिवस (मैन-डे) के रूप में समायोजित कर उनके रोजगार की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, क्योंकि हजारों परिवारों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है। इसके साथ ही उन्होंने धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल के शिशु विभाग में उपलब्ध एकमात्र नियोनेटल वेंटीलेटर के खराब होने का मामला भी सदन में उठाया। उन्होंने बताया कि धनबाद समेत बोकारो, गिरिडीह और जामताड़ा जिलों में भी सरकारी स्तर पर वैकल्पिक नियोनेटल वेंटीलेटर उपलब्ध नहीं है, जिससे बीमार नवजात शिशुओं के इलाज में कठिनाई हो रही है और कई मामलों में उन्हें राजेंद्र इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल रेफर करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से शीघ्र वेंटीलेटर उपलब्ध कराने, मेडिकल कॉलेजों में प्राध्यापकों की नियुक्ति करने तथा स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## असर्फी अस्पताल में शव रोकने का मामला विधानसभा में गूंजा



**धनबाद :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को धनबाद के असर्फी अस्पताल में कथित रूप से शव रोके जाने का मामला जोरदार तरीके से गूंजा। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने सदन में सूचना के माध्यम से इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। विधायक रागिनी सिंह ने बताया कि धनबाद जिले के जामाडोबा, झरिया निवासी गुड्डू सिंह उर्फ संजीत सिंह एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए धनबाद स्थित असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सदन में रागिनी सिंह ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री कई बार यह कह चुके हैं कि किसी मरीज की मृत्यु होने के बाद अस्पताल द्वारा किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता और शव को परिजनों को सौंप दिया जाता है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग दिखाई दे रही है।

## महिलाओं और छात्रों के मुद्दे पर विधानसभा परिसर में विपक्ष का प्रदर्शन, रागिनी सिंह ने सरकार को घेरा



**धनबाद :** झारखंड विधानसभा परिसर में शुक्रवार को महिलाओं और छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर विपक्षी विधायकों ने सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में छात्रों और महिलाओं से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है। उन्होंने मांग की कि राज्य में लंबित छात्रवृत्ति योजना को अविलंब शुरू किया जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही सभी जिला मुख्यालयों में आवासीय छात्रावासों के निर्माण कार्य को जल्द प्रारंभ करने की मांग उठाई।

## बराकर नदी में बालपहाड़ी बांध निर्माण का मुद्दा विधानसभा में उठा



**बाघमारा (धनबाद) :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बराकर नदी पर प्रस्तावित बहुउद्देशीय बालपहाड़ी बांध परियोजना का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सरकार से पूछा कि वर्ष 2006-07 में तिलैया और मैथन बांध के बीच धनबाद के टुंडी तथा गिरिडीह के गांडेय क्षेत्र में लगभग 6000 करोड़ रुपये की लागत से बांध निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। विधायक ने कहा कि इस परियोजना के तहत बराकर नदी के पानी का संचय कर बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई, पेयजल आपूर्ति, औद्योगिक उपयोग और बिजली उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया था। वर्ष 2012 में सेंट्रल वाटर कम्युनिकेशन द्वारा परियोजना की डीपीआर तैयार कर सौंप दी गई थी। जल संसाधन विभाग ने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्तियों के कारण परियोजना पर सहमति नहीं बन पाई।

## सम्पादकीय.....

### गैस संकट : सरकार के दावे और जमीनी हकीकत?

**देश** के कई हिस्सों में रसोई गैस को लेकर जिस तरह की स्थिति सामने आ रही है, उसने आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। लोगों के पास न तो रसोई गैस है ना केरोसिन तेल है और ना ही लकड़ी उपलब्ध हो रही है। कई स्थानों पर तो बिजली सप्लाई भी नहीं हो पा रही है। ऐसे में घर में खाना बनाना सबसे मुश्किल काम हो गया है। एक ओर सरकार दावा कर रही है, देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में घंटों खड़े रहना पड़ रहा है। देश के सैकड़ों स्थान से इस बात के वीडियो और फोटो समाचार पत्रों, न्यूज चैनल्स और सोशल मीडिया में प्रदर्शित हो रहे हैं। कई स्थानों पर डीलर खुले तौर पर कह रहे हैं, उनके पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध नहीं है। पिछले कई दिनों से गैस की बुकिंग और सप्लाई बंद है। यह विरोधाभास केवल प्रशासनिक, नीतिगत और व्यवस्था की समस्या नहीं है वरन उन करोड़ों लोगों की समस्या है जिनके घर पर ना तो चाय बन पा रही है ना खाना बन पा रहा है। जो सरकार के दावों की हकीकत को उजागर कर रहा है। भारत में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति मुख्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों–इंडियन आयल कारपोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के माध्यम से की जाती है। इसके अलावा निजी गैस कंपनियां भी गैस सप्लाई करती हैं लेकिन सभी कंपनियों की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। सरकार का तर्क है, इन कंपनियों के पास पर्याप्त भंडार है। वितरण प्रणाली सामान्य रूप से चल रही है, पर वास्तविकता में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे है। 1800 से 2000 रुपए में एलपीजी का घरेलू गैस सिलेंडर कालाबाजारी से मिल रहा है। वही कमर्शियल गैस सिलेंडर 4000 रुपये तक में बिक रहा है। सरकार इसे वितरण तंत्र की गंभीर खामी बताकर पल्ला झाड़ रही है। जमीनी स्तर पर डीलरों का कहना है, उन्हें कंपनियों से समय पर पर्याप्त संख्या में सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। पोर्टल ठीक तरीके से काम नहीं कर रहा है। गैस डीलर भी जिस माध्यम से बुकिंग करते हैं उसका भी पोर्टल बार-बार या तो धीमा हो जाता है या बंद हो जाता है। जिसके कारण वह उपभोक्ताओं की मांग को पूरी नहीं कर पा रहे हैं। बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को कई दिनों तक सिलेंडर का इंतजार करना पड़ रहा है। जिसके कारण करोड़ों घर में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। इससे सवाल उठता है, यदि उत्पादन और भंडारण पर्याप्त है, तो फिर गैस की आपूर्ति में बाधा क्यों है? इस समस्या से आम आदमी से लेकर होटल व्यवसाय से जुड़े हुए लोगों और शादी ब्याह के आयोजनों में लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। गैस के कारण मात्र असुविधा नहीं वरन गैस लूटने तक की घटनाएं सामने आ रही हैं। रसोई गैस आम परिवारों की बुनियादी आवश्यकता है। इसका कोई विकल्प भी उनके पास उपलब्ध नहीं है। शहरी और अर्धशहरी क्षेत्रों के करोड़ों परिवार एलपीजी गैस पर निर्भर हैं। ऐसे में गैस की आपूर्ति बाधित होने पर इसका सीधा असर करोड़ों लोगों के जीवनयापन और छोटे व्यवसायों पर पड़ा है। सरकार केवल बयान देने तक सीमित न रहे। सरकार और कार्यपालिका की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, वह गैस की आपूर्ति प्रणाली की वास्तविक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए युद्ध स्तरीय प्रयास करे। गैस की आपूर्ति को लेकर जमाखोरी, परिवहन या वितरण में गड़बड़ी है, तो उस पर तुरंत सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। गैस एजेंसियों और उपभोक्ताओं के बीच पारदर्शी एवं जवाबदेही के लिए संवाद जरूरी है, सार्वजनिक क्षेत्र में और मंदिर इत्यादि में जहां लंगर इत्यादि गरीबों के लिए चलाए जाते हैं वहां पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ताकि भ्रम की स्थिति समाप्त हो। लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ होना चाहिए। यदि सरकार का दावा सही है, गैस की कमी नहीं है तो ऐसी स्थिति में जनता को सड़कों पर उतरने की नौबत क्यों आई है? इस प्रश्न का स्पष्ट और ईमानदार उत्तर देना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# भावनाओं के सैलाब में उमड़ा इच्छा मृत्यु का निर्णय

विशेष — डॉ. रमेश ठाकुर

> बोर्ड की जब रिपोर्ट पहुंची, जिसमें चिकित्सकों ने बताया कि हरीश का शरीर शत-प्रतिशत निष्क्रिय हो चुका है इसलिए वह इच्छा मृत्यु का हकदार है। फिलहाल, इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने जीवन के असमय अंत की चाहत पर सकारात्मक स्वास्थ्य देखभाल में ऐसी प्रथाओं की भूमिका पर अनोखी बहस को छेड़ा है। यह बहस सभ्य समाज के कानूनी, नैतिक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं और गतिशील पहलुओं को भी सोचने पर विवश करेगी। गौरतलब है कि इच्छा मृत्यु शब्द की उत्पत्ति ग्रीस में हुई थी, जिसका अर्थ होता है सुखद मृत्यु। कानून में जीवन का अधिकार अनुच्छेद 21 में निहित है जो एक प्राकृतिक अधिकार भी है। लेकिन आत्महत्या जीवन का अप्राकृतिक अंत है और इसलिए जीवन के अधिकार की अवधारणा के साथ असंगत और विरोधाभासी है।

**गाजियाबाद** निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा की इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐसा भावनात्मक फैसला है जो भारतीय न्याय व्यवस्था के इतिहास में पहली बार लिया गया। कोर्ट के आदेशानुसार इच्छा मृत्यु पर सभी प्रक्रियाएं बेशक मानवीय ढंग और चिकित्सीय निगरानी में होंगी लेकिन फैसला देते वाली पीठ के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन खुद भी भावुक हो गए। उन्होंने स्वीकार किया कि ये निर्णय देना उनके लिए बहुत कठिन था लेकिन उन्हें अपने फैसले के जरिए एक व्यक्ति को उनके निष्क्रिय शरीर से होती अंतहीन पीड़ा से मुक्ति दिलवाना था जिसका उन्होंने कानूनी मर्यादाओं में रहकर अपना फर्ज निभाया। ये मामला अगस्त 2024 में दिल्ली हाई कोर्ट से खारिज होकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था लेकिन यहां भी जजों की एकमत राय नहीं थी। काफी विमर्श के बाद शीर्ष कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड गठित करने का आदेश दिया। बोर्ड की जब रिपोर्ट पहुंची, जिसमें चिकित्सकों ने बताया कि हरीश का शरीर शत-प्रतिशत निष्क्रिय हो चुका है इसलिए वह इच्छा मृत्यु का हकदार है। फिलहाल, इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने जीवन के असमय अंत की अवधारणा में सकारात्मक स्वास्थ्य देखभाल में ऐसी प्रथाओं की भूमिका पर अनोखी बहस को छेड़ा है। यह बहस सभ्य समाज के कानूनी, नैतिक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं और गतिशील पहलुओं को भी सोचने पर विवश करेगी। गौरतलब है कि इच्छा मृत्यु शब्द की उत्पत्ति ग्रीस में हुई थी, जिसका अर्थ होता है सुखद मृत्यु। कानून में जीवन का अधिकार अनुच्छेद 21 में निहित है जो एक प्राकृतिक अधिकार भी। लेकिन आत्महत्या जीवन का अप्राकृतिक अंत है और इसलिए जीवन के अधिकार की अवधारणा के साथ असंगत और विरोधाभासी है। भारत में आत्महत्या गैरकानूनी होने के बावजूद नहीं रूक रही। लेकिन इच्छा मृत्यु का नाम सुन कर न सिर्फ रोंगटे खड़े होते हैं बल्कि भावनाओं का समुद्र हिचकोले मारने लगता है। भारतीय सभ्यता सदैव से उदारवादी मानी गई है। इस लिहाज से कोई भी व्यक्ति किसी को मरने के लिए नहीं बोल सकता। लेकिन हरीश राणा का मामला इससे अलग है। बीते 13 वर्षों से उनके दर्द भरे जीवन को और लंबा नहीं खींचा जा रहा है। हरीश को दर्द भरे जीवन से मुक्ति दिलाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं। शीर्ष अदालत ने हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की अनुमति दे दी है, जिसे चिकित्सकीय निगरानी में उनकी आखिरी सांसों को प्राकृतिक बनाया जाएगा। बेशक ये निर्णय पहला है पर यह आखिरी नहीं है। इसके दुरुपयोग के जोखिम कम नहीं हैं। भारत में ऐसे असंख्य मामले हैं जहां बीमार बुजुर्गों के परिजन उनकी धन-दौलत, संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए उनके मरने के इंतजार में हैं। ऐसे में वो भी उनकी इच्छा मृत्यु की चाह लेकर अदालतों तक पहुंचने लगेंगे। इस मसले में केंद्र सरकार को समग्र कानून या कोई व्यापक व्यवस्था बनानी होगी। हालांकि, ताजा फैसला को शीर्ष कोर्ट ने 2018 के कॉमन कॉज को कानूनी रूप से पैसिव यूथेनेशिया के तहत दिया है, जिसे बार-बार नहीं दोहराया जा सकता। हरीश का ये मामला दुर्लभ श्रेणी का है। हरीश के साथ ये दुखद घटना अगस्त 2013 में रक्षाबंधन पर्व के दिन घटी थी। तब, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में वह सिविल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष का छात्र था। अचानक हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर पड़ा। गिरने के बाद उसके ब्रेन में गहरी इंजरी हुई। तब से लेकर आज तक तमाम चिकित्सीय सुविधाएं दी गई लेकिन सभी बेअसर साबित हुईं। पिछले साढ़े 13 सालों से वह अचेत अवस्था में बिस्तर पर है। सारे डॉक्टर हार गए, कोई दवा काम नहीं आई। हार कर माता-पिता घर उसे ले आए और लाइफ सपोर्ट सिस्टम के सहारे कर दिया। इस दौरान माता-पिता की समूची जिंदगी आर्थिक और मानसिक रूप से बेटे के स्वस्थ होने की चाह में तबाह हो गई। झूठी आस में बेटे की सेवा करते रहे लेकिन उसकी भी सीमा होती है। आखिर कब तक वह बेटे को जिंदा रखते। माता-पिता शारीरिक रूप से भी जब कमजोर होने लगे तो उन्होंने हाईकोर्ट में इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई, जो अब कहीं जाकर मंजूर हुई है। अदालत में लंबी जिरह हुई, कोर्ट द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड ने एम्स अस्पताल की रिपोर्ट जिससे साफ हुआ कि हरीश के ठीक किये जाने की कोई उम्मीद नहीं। तब, कोर्ट की पीठ ने भावुक होकर इच्छा मृत्यु पर कठोर निर्णय दिया। दरअसल, ऐसा पड़ाव आ चुका था जिसे और लंबा नहीं खींचा जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने पूरे सम्मानपूर्वक हरीश राणा को इच्छा मृत्यु की इजाजत देकर पूर्ण कार्य किया है। कोर्ट ने कहा है कि हरीश को अपार दुख में अब और नहीं रखा जा सकता। फिलहाल, एकाध दिनों में कोर्ट के आदेशानुसार हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाया जाएगा और पूरी मानवीय प्रक्रिया निभाकर उनके शरीर को मुक्ति दिलाई जाएगी।

# संसद में हंगामा और वास्तविक मुद्दों से भटकती राजनीति

गौरतलब — कांतिलाल मांडोत

> **विपक्ष** की मांग थी कि इस अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के असर पर संसद में विस्तृत चर्चा कराई जाए। यह मांग अपने आप में गलत नहीं कही जा सकती क्योंकि मध्य पूर्व की घटनाओं का असर भारत सहित दुनिया के कई देशों पर पड़ सकता है। भारत के लाखों नागरिक खाड़ी देशों में काम करते हैं और तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में इस विषय पर चर्चा की मांग को पूरी तरह असंगत नहीं कहा जा सकता।

**लोकतंत्र** में संसद केवल बहस का मंच नहीं होती बल्कि वह देश की सामूहिक बुद्धि और जिम्मेदारी का प्रतीक भी होती है। यहा लिए गए निर्णय देश की दिशा तय करते हैं और यहां होने वाली चचाएं करोड़ों लोगों की उम्मीदों से जुड़ी होती हैं। इसलिए जब संसद में गंभीर विषयों पर विचार के बजाय लगातार हंगामा और टकराव देखने को मिलता है तो स्वाभाविक रूप से जनता के मन में निराशा पैदा होती है। हाल के दिनों में संसद के दोनों सदनों में जो स्थिति देखने को मिली उसने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या राजनीतिक दल वास्तव में राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करना चाहते हैं या फिर संसद को केवल राजनीतिक रणनीति का मंच बना दिया गया है। सोमवार को संसद के सत्र में अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष की मांग थी कि इस अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के असर पर संसद में विस्तृत चर्चा कराई जाए। यह मांग अपने आप में गलत नहीं कही जा सकती क्योंकि मध्य पूर्व की घटनाओं का असर भारत सहित दुनिया के कई देशों पर पड़ सकता है। भारत के लाखों नागरिक खाड़ी देशों में काम करते हैं और तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ऐसे में इस विषय पर चर्चा की मांग को पूरी तरह असंगत नहीं कहा जा सकता। लेकिन जिस तरीके से विपक्ष ने इसे लेकर संसद की कार्यवाही बाधित की उसने इस मांग की गंभीरता पर ही सवाल खड़े कर दिए। लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति ऐसी बन गई कि महज कुछ ही मिनटों में सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। बाद में जब विदेश मंत्री रसुभरमन्यम जयशंकर ने इस मुद्दे पर सरकार का पक्ष रखने के लिए बयान देना शुरू किया तो भी विपक्ष ने विरोध जारी रखा। विपक्ष का कहना था कि मंत्री के बयान से पहले इस मुद्दे पर चर्चा कराई जानी चाहिए ताकि वे सरकार से सवाल पूछ सकें। दूसरी ओर सरकार का कहना था कि पहले मंत्री का वक्तव्य सुना जाए और उसके बाद चर्चा हो सकती है। इस टकराव के बीच सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई और अंततः पूरे दिन कोई सार्थक चर्चा नहीं हो सकी। इस पूरे घटनाक्रम में एक और दिलचस्प पहलू सामने आया। विपक्ष ने पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था।

## आज का इतिहास

- फ्रांस कॉलोन, बावारिया, और स्वीडन ने 1647 में 30 साल चले युद्ध के बाद संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- इटली के राजा विट्टोरियो इमैनुअल तृतीय 1912 में जानलेवा हमले में घायल हुए।
- तुर्की और सर्बिया ने 1914 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- सन 1931 में भारत की पहली बोलती फिल्म आलमआरा का मुम्बई में प्रदर्शन हुआ।
- राजकुमार महेंद्र सन 1955 में नेपाल के राजा बने।
- मोनाको में शाही परिवार राजकुमारी ग्रेस ने 1958 में एक पुत्र को जन्म दिया उसीकी खुशी में मोनाको में 101 तोपों की सलामी दी गई।
- इजरायली मंत्रिमंडल ने 1965 में पश्चिमी जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध बहाल करने पर सहमति दी।
- अमेरिका ने सन 1976 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक ने 1983 में 23 साल में पहली बार तेल कीमतों में कटौती की।
- गणित प्रेमियों के लिए खास दिन पाई डे 1988 में पहली बार मनाया गया।
- आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने 1993 में 18 वर्ष की आयु में तस्मानिया के लिये खेलते हुये दो शतक जड़े।
- सोनिया गांधी 1998 में पहली बार कांग्रेस अध्यक्ष बनी।
- स्पेन का कार्लोस मोया 1999 में विश्व का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बना।
- चीन में निजी सम्पत्ति को कानूनी मान्यता प्रदान करने के लिए 2004 में संविधान में संशोधन।
- विक्ट्री समूह ने 2008 में ब्रिटेन की प्रसिद्ध स्विचगियर निमार्ता कंपनी क्रेग एण्ड डेरिकार का अधिग्रहण किया।
- पहली महिला डेंटिस्ट हॉब्स टेलर का 1833 में जन्म हुआ।
- बुद्धि के धनी और प्रसिद्ध वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टाइन का 1879 में जन्म हुआ।

## सुविचार

**वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है, मगर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।**
तुलसीदास

**सज्जन पुरुष बादलों के समान देने के लिए ही कोई वस्तु ग्रहण करते हैं।**
कालिदास

## किसने क्या कहा



आपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया कि भारत पर हमले की वह सोच भी नहीं सकता।
**राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री

हमें हिन्दुस्तान में बदलाव लाने की राजनीति करनी है।
**राहुल गांधी**
नेता प्रतिपक्ष






## इच्छा का लक्ष्य है खुशी

**बुरी** आदत को छोड़ने की असमर्थता तुम्हें तकलीफ देती है। जब तुम बहुत पीड़ित होते हो, वह व्यथा तुम्हें उस आदत से छुटकारा दिलाती है। जब तुम अपनी कमियों से व्यथा महसूस करते हो, तब तुम साधक हो। पीड़ा तुम्हें आसक्ति से दूर करती है। यदि अपने दुगुर्णों को हटा नहीं सकते, तो उन्हें विस्तृत कर दो। चिन्ता, अभिमान, प्रोध, कामना, दुख सबको एक और बड़ा आयाम दे दो, एक दूसरी दिशा। छोटे-छोटे विषयों पर नाराज होने का क्या तुक है? नाराज होना है तो अनन्तता के प्रति, ब्रह्म के प्रति हो। यदि तुम अपने अहंकार को नहीं खत्म कर सकते तो अहंकार करो कि ईश्वर तुम्हारे हैं। यदि आसक्ति तुम पर छाई है, तो सत्य के प्रति आसक्त हो जाओ। यदि ईर्ष्या तुम्हें सताती है, तो सेवा के लिए ईर्ष्या करो। द्वेष के प्रति द्वेष रखो; गुरु से राग करो। दिव्यता के प्रति मदहोश हो जाओ। इन्द्रिय सुखों की इच्छाएं विद्युत की तरह हैं; जैसे-जैसे वे विषय विस्तुओं की ओर बढ़ती है, निष्प्रभावी हो जाती हैं। अपनी कुशलता से यदि तुम इच्छाओं को अपने भीतर मोड़ सको- अपने अस्तित्व के केन्द्र की ओर- तो तुम्हें मिलेगा एक और आयाम- चिरन्तन सुख, रोमांच, परमानन्द और शात प्रेम। वासना, लोभ और ईर्ष्या इसलिए शक्तिशाली हैं क्योंकि ये केवल ऊर्जा हैं और तुम ही इनके स्रेत हो- वह विशुद्ध ऊर्जा।

# फूहड़ कंटेंट, सोशल मीडिया और संस्कृति : जिम्मेदारी किसकी?

डॉ. प्रियंका सौरभ

**डिजिटल** युग ने हमारी सामाजिक संरचना, सोच और अभिव्यक्ति के तरीकों को बदलकर रख दिया है। आज मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया है- जहां पहले मनोरंजन और प्रसिद्धि के अवसर सीमित लोगों तक होते थे, अब हर व्यक्ति के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच है। लेकिन इस नए अवसर के साथ कई नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इन चुनौतियों में सबसे बड़ी बहस उस कंटेंट को लेकर है जिसे समाज का एक वर्ग 'फूहड़' या 'अशोभनीय' मानता है।

पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर उस तरह के वीडियो तेजी से वायरल होते देखे गए हैं जिनमें डांस, अभिनय या मनोरंजन के नाम पर ऐसे हावभाव और प्रस्तुति दिखाई जाती है जिन्हें कई लोग सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। इन वीडियो को लाखों व्यूज, लाइक्स और शेयर मिलते हैं, जिससे वे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचते हैं। लोकप्रियता की इस दौड़ में कई बार कंटेंट की गुणवत्ता और सामाजिक जिम्मेदारी पीछे छूट जाती है। समाज के बड़े वर्ग का मानना है कि इस प्रकार के कंटेंट का प्रभाव विशेष रूप से युवाओं और किशोरों पर पड़ता है। जब वे देखते हैं कि कुछ लोग केवल कुछ सेकंड के वीडियो बनाकर अत्यधिक प्रसिद्धि और आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं, तो उनके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा पैदा हो सकती है। कई बार यह प्रेरणा रचनात्मक दिशा में जाती है- जैसे संगीत, कला, नृत्य या शिक्षा से जुड़े कंटेंट बनाना। लेकिन कई मामलों में यह प्रेरणा केवल वायरल होने की दौड़ में बदल जाती है, जहां ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी भी प्रकार का तरीका अपनाया जाता है। यह भी देखा गया है कि सोशल मीडिया पर ट्रेंड और एल्गोरिद्म का बहुत बड़ा प्रभाव होता है। जो कंटेंट अधिक देखा और साझा किया जाता है, वही तेजी से फैलता है। ऐसे में यदि दर्शक बार-बार उसी प्रकार के वीडियो देखते हैं जिन्हें वे स्वयं 'फूहड़' कहते हैं तो अनजाने में वे उसी प्रवृत्ति को बढ़ावा भी दे रहे होते हैं। इसलिए केवल कंटेंट बनाने वालों को दोष देना इस समस्या का पूरा समाधान नहीं है। दर्शक भी इस डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दूसरी ओर, यह तर्क भी सामने आता है कि कला और मनोरंजन की अपनी स्वतंत्रता होती है। नृत्य, अभिनय और अभिव्यक्ति के कई रूप होते हैं और हर व्यक्ति उन्हें अलग-अलग तरीके से देखता है। जो एक व्यक्ति को अनुचित लगता है, वही दूसरे के लिए केवल मनोरंजन या कला का रूप हो सकता है। इसी कारण इस विषय पर समाज में तीखी बहस देखने को मिलती है। कुछ लोग इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा मानते हैं, जबकि अन्य इसे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के क्षरण के रूप में देखते हैं। यहां एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है- क्या किसी भी प्रकार की लोकप्रियता को सफलता का मानक माना जाना चाहिए? सोशल मीडिया ने प्रसिद्धि प्राप्त करने की प्रक्रिया को बहुत तेज कर दिया है। पहले किसी कलाकार को पहचान पाने में वर्षों लग जाते थे; आज एक वायरल वीडियो किसी को रातोंरात स्टार बना सकता है। लेकिन यह त्वरित प्रसिद्धि कई बार स्थायी नहीं होती और इसके सामाजिक प्रभाव भी जटिल हो सकते हैं। कई युवा इस भ्रम में पड़ सकते हैं कि केवल विवादास्पद या ध्यान आकर्षित करने वाला कंटेंट ही सफलता का रास्ता है। परिणामस्वरूप वे अपनी प्रतिभा को विकसित करने की बजाय तात्कालिक लोकप्रियता के पीछे भागने लगते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत विकास को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में मनोरंजन की गुणवत्ता पर भी असर डालती है।

## राशिफल

**मेष** — नजदीकी लोगों के साथ किसी खास मुद्दे पर लाभदायक विचार-विमर्श होगा। घर में सुधार संबंधी योजनाओं को अमल में लाते समय वास्तु के नियमों का पालन करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**तुला** — आपकी मध्यस्थता से पारिवारिक या सामाजिक कोई मामला सुलझ सकता है। आपकी कार्यकुशलता और योग्यता की सराहना भी होगी।

**वृष** — कोई पैतृक या पारिवारिक मामला आज सुलझ सकता है, जिसमें वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन भी मिलेगा। ऐसे समय में अपना मनोबल बनाए रखना जरूरी है।

**वृश्चिक** — परिवार के किसी सदस्य की उपलब्धि से घर में खुशनुमा माहौल रहेगा। आपके विनम्र स्वभाव की वजह से घर और समाज दोनों जगह आपकी सराहना होगी।

**मिथुन** — सामाजिक क्षेत्र में आपकी कार्यशैली से प्रतिष्ठा बनी रहेगी और जनसंपर्क भी मजबूत होंगे। अनावश्यक खर्चों पर कंट्रोल रखना होगा, वरना परेशानी बढ़ सकती है।

**धनु** — आज किस्मत हर मामले में आपका साथ दे सकती है। जो काम पिछले कुछ समय से रुका हुआ था, उसके पूरे होने के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — निजी कामों के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों से भी जुडे रहें। इससे सोच सकारात्मक बनी रहेगी। आज किसी प्रभावशाली और वरिष्ठ व्यक्ति के सानिध्य में बहुत उपयोगी बातें सीखने को मिलेंगी।

**मकर** — कोई पारिवारिक मसला हल होने से घर का माहौल सुकूनभरा और शांतिपूर्ण रहेगा। हालांकि यह समय बहुत व्यस्तता और मेहनत वाला है।

**सिंह** — दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। आप अपनी मेहनत और क्षमता के बल पर लंबे समय से चली आ रही किसी समस्या को हल करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ** — कहीं पैसा उधार दिया हुआ है, तो आज उसकी वापसी संभव है। विवादित मामलों को आपसी समझदारी से सुलझाने का यह अच्छा समय है।

**कन्या** — सामाजिक और पारिवारिक दिनचर्या सुखद रहेगी तथा आप अपने अंदर अद्भुत शांति महसूस करेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियों को घर के सदस्यों में बांटने का प्रयास करें।

**मीन** — किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति से मिलने का अवसर मिलेगा और यह मुलाकात आपके व्यक्तित्व में निखार लाएगी। परिवार के साथ मनोरंजन और शॉपिंग में अच्छा समय बीतेगा।

# अमेरिका में भारतीयों पर हमलों की बढ़ती घटनाओं से उपजें सवाल

गौरतलब — डॉ. मयंक चतुर्वेदी

> **साल** 2016 से 2026 के बीच अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ 41 बड़ी गंभीर घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें से 38 मामलों में भारतीय मूल के लोगों की मौत हुई है और 3 मामलों में लोग गंभीर हमलों से बच गए। इन घटनाओं में गोलीबारी, लूटपाट, अपहरण, संदिग्ध मौतें, सड़क दुर्घटनाएँ और नस्लीय घृणा से जुड़े हमले शामिल हैं। वस्तुत: हाल ही में 1 मार्च 2026 को टेक्सास के ऑस्टिन में हुई गोलीबारी में 21 वर्षीय भारतीय मूल की छात्रा सविता शान की मौत ने इस मुद्दे को फिर से वैश्विक चर्चा में ला दिया है।

**अमेरिका** स्वयं को दुनिया का सबसे विकसित और सबसे बड़ा लोकतांत्रिक समाज बताता है। वह मानवाधिकार, समानता और बहुसांस्कृतिक समाज की बात भी करता है, विश्व में जहां भी अमेरिका अपनी सैन्य कार्रवाई करता है, वहां इस कार्रवाई किए जाने का कारण भी वहां के समाज पर हो रहे अत्याचार को ही अक्सर बताता है पर आज अमेरिका में ही पिछले एक दशक में भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ सामने आई हिंसक घटनाओं की लंबी श्रृंखला उसकी इस छवि पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। साल 2016 से 2026 के बीच अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ 41 बड़ी गंभीर घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें से 38 मामलों में भारतीय मूल के लोगों की मौत हुई है और 3 मामलों में लोग गंभीर हमलों से बच गए। इन घटनाओं में गोलीबारी, लूटपाट, अपहरण, संदिग्ध मौतें, सड़क दुर्घटनाएँ और नस्लीय घृणा से जुड़े हमले शामिल हैं। वस्तुतः हाल ही में 1 मार्च 2026 को टेक्सास के ऑस्टिन में हुई गोलीबारी में 21 वर्षीय भारतीय मूल की छात्रा सविता शान की मौत ने इस मुद्दे को फिर से वैश्विक चर्चा में ला दिया है। इस गोलीबारी में हमलावर ने अंधाधुंध फायरिंग की। इस तरह की यह घटना अकेली नहीं है, न ही ये एक अलग प्रकार का कोई प्रकरण है, बल्कि यह पिछले कई वर्षों से सामने आ रही घटनाओं की एक चिंताजनक श्रृंखला का हिस्सा है। सवाल यह है कि क्या यह केवल अपराध की घटनाएँ हैं या इसके पीछे समाज में पनप रही कोई गहरी मानसिकता भी काम कर रही है?

**अमेरिक में रहने का भारतीयों का सपना और बढ़ती मौतें**

**अमेरिका** लंबे समय से भारतीय छात्रों के लिए शिक्षा और करियर का सबसे बड़ा केंद्र रहा है। हर वर्ष हजारों भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए वहाँ जाते हैं, किंतु पिछले कुछ वर्षों में सामने आई घटनाएं इस 'अमेरिकन ड्रीम' के पीछे छिपे खतरों को भी उजागर करती हैं। साल 2025 में टेक्सास में कार्तिक वेंकट साई बद्दिरेड्डी नामक छात्र की पेट्रोल पंप पर काम करते समय लूटपाट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसी वर्ष वॉशिंगटन डीसी में कोय्यादा रवि तेजा को खाना डिलीवरी करते समय लुटेरों ने गोली मार दी। साल 2024 में जॉर्जिया में विवेक सैनी की निर्मम हत्या ने पूरे भारतीय समुदाय को झकझोर दिया। बताया गया कि वह एक बेघर व्यक्ति की मदद करता था लेकिन उसी व्यक्ति ने बाद में हथौड़े से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसी वर्ष वरुण राज पुचा नामक छात्र को जिम में चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिसे पुलिस ने संभावित हेट क्राइम माना। इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या अमेरिका में पढ़ने जाने वाले विदेशी छात्रों की सुरक्षा वास्तव में उतनी मजबूत है जितनी बताई जाती है?

**कामकाजी भारतीयों पर अपराधियों की नजर**

**अमेरिका** में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र पढ़ाई के साथ-साथ छोटे-मोटे काम भी करते हैं। गैस स्टेशन, सुविधा स्टोर, डिलीवरी सेवाएँ और रेस्टोरेंट जैसे क्षेत्रों में भारतीय युवाओं की मौजूदगी काफी अधिक है और यही कार्यस्थल कई बार अपराधियों के लिए आसान निशाना बन जाते हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

# 16 मार्च तक बीएलए सूची देने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति तथा उनकी सूची उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि अप्रैल माह में झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर बीएलए की नियुक्ति तथा उन्हें प्रशिक्षण देना आवश्यक है।उपायुक्त ने कहा कि पूर्व में आयोजित बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने 10 दिनों के भीतर बीएलए की सूची उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और आजसू पार्टी द्वारा ही सूची उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों और प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने बीएलए की सूची और उनका पूरा विवरण 16 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से पहले आवश्यक तैयारियां पूरी की जा सकें। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय रजक विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के सदस्य सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।



## जन शिकायत निवारण में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं, उपायुक्त ने समाधान के दिये निर्देश



**लातेहार** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों की समस्याएं एक-एक कर सुनीं और आश्वासन दिया कि जल्द जांच कराकर उनका समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निवारण प्रशासन की प्राथमिकता है। जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से स्वास्थ्य बीमा स्वीकृति, बिजली बिल से संबंधित समस्या, एलपीसी नहीं बनने तथा जमीन का रसीद कटवाने से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। शिकायतों को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए भौतिक सत्यापन कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## एनआरईपी व लघु सिंचाई योजनाओं की प्रगति की उपायुक्त ने की समीक्षा



**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में एनआरईपी (राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम) एवं लघु सिंचाई से संबंधित योजनाओं और कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित कार्यपालक अभियंताओं से संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए एनआरईपी और लघु सिंचाई योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखें और नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने योजनाओं से आमजनों को अधिकतम लाभ दिलाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालक अभियंता एनआरईपी पुनई उरांव तथा कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई किशुन मिंज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एक झलक

### नगर पंचायत ने अवैध पार्किंग पर लगाया जुर्माना व अतिक्रमण हटाया

**लातेहार** : नगर पंचायत ने सड़क सुरक्षा को लेकर नगर पंचायत द्वारा अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर गलत तरीके से खड़ी गाड़ियों को चिन्हित कर उन पर जुमार्ना लगाया गया।अभियान के क्रम में धर्मपुर सब्जी मार्केट और पोस्ट ऑफिस के आसपास सड़क किनारे अतिक्रमण कर सब्जी बेच रहे विक्रेताओं को हटाया गया। साथ ही उन्हें भविष्य में उक्त स्थानों पर सब्जी नहीं लगाने की चेतावनी दी गई।नगर पंचायत कर्मियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति सड़क पर अतिक्रमण कर सब्जी या अन्य सामान लगाता है, तो उसकी सामग्री जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।इसके अलावा बस चालकों को भी निर्देश दिया गया कि वे अपनी बसों को केवल निर्धारित स्थानों पर ही रोकें, ताकि सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

### गुमला में परिवहन विभाग का सघन वाहन जांच अभियान

**गुमला** : सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और राजस्व संग्रह बढ़ाने के उद्देश्य से जिला परिवहन विभाग द्वारा गुरुवार की रात विशेष सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान से वाहन चालकों और ट्रांसपोर्टरों के बीच हड़कंप मच गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में विभाग की टीम ने गुमला-बायपास मुख्य मार्ग पर देर रात तक वाहनों की जांच की। अचानक चलाए गए इस अभियान के कारण यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 2,10,000 (दो लाख दस हजार रुपये) का जुर्माना वसूला गया। देर रात तक चली इस औचक कार्रवाई में कई वाहनों के चालान काटे गये, जिससे विभाग की सक्रियता और सख्ती साफ नजर आयी। जांच के दौरान मुख्य रूप से भारी मालवाहक वाहनों जैसे ट्रक और हाइवा की जांच की गयी।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**पूर्वी सिंहभूम** : बिष्टुपुर पोस्ट ऑफिस के पास शुक्रवार सुबह ठेला पर सोए एक अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में स्थानीय दुकानदार बबन यादव ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष के आसपास थी और वह पिछले करीब दस वर्षों से इलाके में कचरा चुनकर अपना गुजारा करता था। वह अक्सर आसपास की दुकानों के बाहर रात में सो जाया करता था। बताया जाता है कि पास में लिट्टी बेचने वाले शुक्ला जी का ठेला करीब एक वर्ष से बंद पड़ा है। मृत व्यक्ति उसी ठेला पर रात के समय सोया करता था। शुक्रवार की सुबह जब आसपास के लोगों ने उसे देखा तो वह अचेत अवस्था में पड़ा था।

राजपूत क्षत्रिय गौरव यात्रा को लेकर रायडीह में बैठक

## रांची कार्यक्रम में शामिल होने का लिया संकल्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : रायडीह प्रखंड अंतर्गत मांझाटोली स्थित बेरियर बगीचा में गुरुवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय राजपूत महासंघ की रायडीह प्रखंड इकाई की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोहर राय ने की। बैठक में आगामी 15 मार्च 2026 को रांची के पुराना सचिवालय मैदान, एचईसी धुर्वा में आयोजित होने वाले राजपूत क्षत्रिय गौरव यात्रा कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान रायडीह प्रखंड से 100 से अधिक लोगों के कार्यक्रम में शामिल होने का संकल्प लिया गया। इसके लिए प्रत्येक गांव से रांची जाने वाले लोगों की सूची तैयार की गयी तथा एक आरक्षित बस से सामूहिक रूप से रांची जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए सामाजिक बुराइयों को दूर करने पर भी चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष मनोहर राय ने कहा कि समाज की प्रमुख मांगों में झारखंड में स्वर्ण आयोग का गठन, यूजीसी जैसे काले कानून को वापस लेना, राजपूतों के साथ भेदभावपूर्ण कानून बनाना बंद करना तथा राजपूतों के इतिहास के साथ छेड़छाड़ पर रोक लगाना शामिल है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में बलिदान देने वाले महापुरुषों को उचित सम्मान दिया जाना चाहिए। बैठक में जगनारायण सिंह, द्वारिका सिंह, योगेंद्र सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, संजय कुमार सिंह, लक्ष्मण सिंह, धीरज सिंह, प्रभु सिंह, राजकुमार राय सहित कई लोग उपस्थित थे।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर एसडीओ ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

## संशोधन और पारदर्शिता बढ़ाने पर हुई चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के मद्देनजर शुक्रवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने अपने कार्यालय कक्ष में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के निर्माण, संशोधन तथा इसकी पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को बीएलए नियुक्त करने की सुविधा प्रदान की गयी है। बीएलए, मतदान केंद्रों पर कार्यरत बीएलओ को सहयोग प्रदान करते हुए पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, विलोपित कराने, संशोधन तथा नाम स्थानांतरण से संबंधित कार्यों में सहायता करेंगे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा गया कि वे अपने अध्यक्ष, सचिव अथवा किसी अधिकृत पदाधिकारी के माध्यम से जिला प्रतिनिधि को अधिकृत करते हुए ऑथोराईजेशन फॉर्म (बीएलए1) के जरिए बीएलए की नियुक्ति करें। यह प्रपत्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को जमा करना होगा। इसके अलावा अधिकृत जिला प्रतिनिधि द्वारा Form ID: BLA-2 के माध्यम से मतदान केंद्रवार बीएलए की नियुक्ति की जाएगी। नियुक्त बीएलए संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ से संपर्क स्थापित कर मतदाता सूची के भागों की प्रतियां प्राप्त कर सकेंगे और सूची की जांच में सहयोग करेंगे। बैठक में बताया गया कि बीएलए के रूप में नियुक्त व्यक्ति का संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में मतदाता के रूप में पंजीकृत होना आवश्यक है,ताकि वह क्षेत्र की मतदाता सूची की जांच करते हुए मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान कर सके।

## नेतरहाट में होटल निर्माण की होगी उच्चस्तरीय जांच युवाओं को मिलेगा सफारी संचालन का मौका



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** : झारखंड राज्य युवा आयोग की बैठक शुक्रवार को नेतरहाट स्थित अरुणोदय अतिथिशाला में आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव (दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आयोग के सदस्य विशाल अम्बर तिर्की और सदस्य सचिव वेद रत्न मोहन उपस्थित रहे। इस दौरान युवाओं से जुड़े कुल 16 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक में नेतरहाट में होटल उद्योग की आड़ में स्थानीय आदिवासियों की जमीन हड़पने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पिछले पांच वर्षों में बने निजी होटलों की जमीन, निर्माण स्वीकृति और कानूनी स्थिति की उच्चस्तरीय जांच कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए मुख्यालय स्तर पर समिति गठित कर मामले की जांच करायी जायेगी। आयोग ने स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नेतरहाट में सफारी संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय युवाओं को देने की अनुशंसा की है। इसके अलावा ठवरफ्छ रांची के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) कर राज्य की नई युवा नीति का प्रारूप तैयार करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में 'सशक्त युवा-नशामुक्त समाज' अभियान को आगे बढ़ाने, रांची (ग्रामीण) और बोकारो में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अध्ययन केंद्र शुरू करने तथा आयोग के कार्यों पर कॉफी टेबल बुक प्रकाशित करने जैसे प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गयी।

## डीसी ने की समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

आंगनबाड़ी केन्द्रों को स्कूल भवन में शिफ्ट करने के दिये निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिला समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त समिरा एस की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति का विस्तार से अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 2629 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, जिनमें से 947 आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। इस दौरान उपायुक्त ने शेष 119 आंगनबाड़ी केंद्रों को कोलोकेशन के माध्यम से स्कूल भवनों में 100 प्रतिशत शिफ्ट कराने का निर्देश दिया। बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि 20 मार्च तक सभी लंबित आवेदनों को प्राप्त कर उनका भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही 184 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के निर्माण कार्य की परियोजना-वार प्रगति का भी अवलोकन किया गया।उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण,वर्षा जल संरक्षण एवं पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि इस माह के अंत तक सभी लंबित कार्य पूर्ण किए जायें। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्युतीकरण कार्यों की भी समीक्षा की गयी।

## रेलवे निर्माण कार्य से क्षतिग्रस्त हुई जलापूर्ति पाइपलाइन, दुरूवा आश्रयगृह इलाके में 3-4 दिन बंद रहेगी पानी की सप्लाई

**लातेहार** : दुरूवा रेलवे क्रॉसिंग फाटक के पास रेलवे द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के दौरान लातेहार शहरी जलापूर्ति की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गयी है। पाइपलाइन टूटने के कारण दुरूवा आश्रयगृह इलाके में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित हो गयी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पाइपलाइन की मरम्मत में लगभग तीन से चार दिन का समय लग सकता है। जानकारी के अनुसार रेलवे द्वारा क्रॉसिंग के पास चल रहे कंस्ट्रक्शन कार्य के दौरान खुदाई के समय जलापूर्ति की मुख्य पाइपलाइन प्रभावित हो गई, जिससे पानी की सप्लाई रुक गयी। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल पाइपलाइन की मरम्मत की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है। नगर पंचायत के जेई अमित कुमार ने बताया कि पाइपलाइन को ठीक करने में करीब तीन से चार दिन का समय लग सकता है।

## बाल विवाह के खिलाफ गुमला में निकला 'बाल विवाह मुक्ति रथ', जागरूकता अभियान की हुई शुरुआत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) गुमला, जिला प्रशासन तथा लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्ति रथ को गुरुवार को गुमला प्रखंड कार्यालय से रवाना किया गया। इस रथ को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राम कुमार लाल गुप्ता एवं बीडीओ गुमला अशोक चोपड़ा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डालसा सचिव राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है तथा उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। उन्होंने बताया कि 21 वर्ष से कम आयु के लड़कों और 18 वर्ष से कम आयु की लड़कियों की शादी कराना कानूनन अपराध है, जिसके तहत दो वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना है। वहीं बीडीओ अशोक चोपड़ा ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ कानूनन अपराध भी है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों की कम उम्र में शादी न करने और उनकी बेहतर शिक्षा पर ध्यान देने की अपील की, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। इस अवसर पर लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान, गुमला के जिला समन्वयक मिथिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि बाल विवाह मुक्ति रथ 7 मार्च से जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता फैलाने के लिए भ्रमण कर रहा है। यह रथ भरनो, सिसई और घाघरा प्रखंड का भ्रमण करते हुए गुमला प्रखंड पहुंचा है और अब यहां थाना, पंचायत सचिवालय तथा बाजार-हाट क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा।

## सिलाफारी में तीन दिवसीय कौशल विकास बेसिक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड के द्वारा शुक्रवार को गुमला प्रखंड क्षेत्र के सिलाफारी पंचायत सचिवालय के सभागार में तीन दिवसीय कौशल विकास बेसिक अमीन का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज गुमला के डायरेक्टर वसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास को लेकर मयूरी ट्रस्ट के द्वारा कई तरह के ट्रेनिंग कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं इसके तहत अमीन प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी संचालित किए जाएंगे इसके लिए बेसिक ट्रेनिंग कार्यक्रम आज शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि मयूरी ट्रस्ट द्वारा संचालित चैताली कॉलेज में युवाओं के कौशल विकास के साथ ही टीचर ट्रेनिंग ,योगा प्रशिक्षण, बीएड की पढ़ाई के लिए एडमिशन लिए जा रहे हैं। उन्होंने युवा युवतियों को शिक्षण प्रशिक्षण और पढ़ाई के लिए मयूरी ट्रस्ट से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के कार्यक्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सिलाफारी के शिक्षक बुधनाथ साहू, ने कहा कि यह अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत ही महत्वपूर्ण है जिसमें सभी लोगों को भागीदारी कर ट्रेनिंग का लाभ उठाने की जरूरत है।

गुमला में सड़क सुरक्षा के लिए अनोखी पहल

## अब बच्चे सिखायेंगे बड़ों को ट्रैफिक नियम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन ने एक अनोखी और भावनात्मक पहल शुरू की है। भविष्य की पीढ़ी को जागरूक कर अभिभावकों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को राजकीयकृत उच्च मध्य विद्यालय, अरमई में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित वास्तविक वीडियो फुटेज दिखाकर उन्हें यातायात नियमों के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का बच्चों पर गहरा प्रभाव देखने को मिला। अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने सामूहिक शपथ ली कि वे अपने माता-पिता को बिना हेलमेट या सीट बेल्ट लगाए घर से बाहर नहीं जाने देंगे। बच्चों ने यह भी संकल्प लिया कि यदि उनके परिजन तेज रफ्तार में वाहन चलाएंगे तो वे उन्हें तुरंत सचेत करेंगे और आसपास के लोगों को भी सुरक्षित एवं धीमी गति से वाहन चलाने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही गुमला के प्रमुख चौक-चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम (लाउडस्पीकर) भी सक्रिय किए गए हैं, जिनके माध्यम से लगातार लोगों को यातायात नियमों, हेलमेट की अनिवार्यता और तेज रफ्तार के खतरों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## साप्ताहिक निरीक्षण से सदर अस्पताल की व्यवस्था में दिख रहा सुधार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा सदर अस्पताल गुमला का साप्ताहिक निरीक्षण किया जा रहा है। नियमित निरीक्षण एवं निगरानी के कारण अस्पताल की व्यवस्थाओं में अब कई सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहे हैं। इसी क्रम में आज शुक्रवार को लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जिला ग्रामीण विकास शाखा गुमला द्वारा सदर अस्पताल गुमला का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रोगी भर्ती वार्ड, किचेन रूम, दवा वितरण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी सहित अन्य विभागों का जायजा लिया गया। इस क्रम में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गयी। मरीजों एवं उनके परिजनों द्वारा उपचार एवं उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं पर संतुष्टि व्यक्त की गयी। प्रसव सेवाओं की जानकारी प्राप्त हुई, अस्पताल में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया।

अंचल दिवस 3.0 की शुरुआत, सिसई में लगा समाधान शिविर, उपायुक्त ने स्वयं सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# 85% आवेदनों का हुआ त्वरित निष्पादन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिले में भूमि विवाद एवं अंचल से संबंधित विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा संचालित अंचल दिवस 3.0 का तृतीय चरण शुक्रवार को सिसई अंचल कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित स्वयं शिविर में उपस्थित रहीं और उन्होंने आमजनों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि अंचल स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय तक न आना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद सहित सभी अंचल संबंधित मामलों का निष्पादन पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ किया जाये। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल प्राप्त 82 आवेदनों में से 70 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि 12 मामलों में आवश्यक जांच के आदेश दिए गए। इस प्रकार कुल मामलों का लगभग 85 प्रतिशत त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया गया। भूमि विवाद से संबंधित मामलों के संदर्भ में उपायुक्त ने उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि ट्राइबल भूमि से जुड़े मामलों के निष्पादन के लिए प्रशासन गंभीर है और ऐसे मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों को लेकर अंचल दिवस में अवश्य आएं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन अंचल स्तर पर ही संभव हो सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता गुमला शशिंद्र कुमार बड़ाइक, भूमि सुधार उप समाहर्ता राजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर राजीव नीरज, सिसई प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि अंचल दिवस 3.0 के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को विभिन्न अंचलों में समाधान शिविर आयोजित किए जायेंगे, जहां जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रह कर आमजनों की समस्याओं की सुनवाई करेंगे और यथासंभव ऑन द स्पॉट समाधान सुनिश्चित करेंगे। जिलेवासियों से अपील की है कि वे भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, मापी, सीमांकन एवं अन्य राजस्व से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित तिथि पर आयोजित अंचल दिवस में भाग लें, ताकि समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## भरनो के नव पदस्थापित थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह का स्वागत, पूर्व थाना प्रभारी कंचन प्रजापति को भी किया गया सम्मानित



**गुमला** : भरनो थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में वरिष्ठ समाजसेवी सह प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष अजहर अली एवं लोक गायिका सह शिक्षिका सुषमा नाग ने औपचारिक भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्हें फूलों की माला पहनाकर एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि नए थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में भरनो थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और बेहतर होगी तथा जनहित में सराहनीय कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर मधुर स्वभाव के धनी निवर्तमान थाना प्रभारी कंचन प्रजापति को भी शॉल एवं फूलों की माला पहनाकर भरनो थाना में उनके बेहतर कार्यकाल के लिए आभार व्यक्त करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भरनो थाना के एसआई मंटू चौधरी, एसआई अभिनंदन कुमार, एएसआई सुमन झा, निर्मल प्रसाद, वशिष्ठ नारायण सिंह सहित थाना के कई कर्मी मौजूद रहे।

## एक झलक

### बोकारो अनाधिशासी कर्मचारी संघ-बीएकेएस का गुप्त मतदान 22 मार्च को

**बोकारो :** सेल बीएसएल की ट्रेड यूनियन बोकारो अनाधिशासी कर्मचारी संघ-बीएकेएस का गुप्त मतदान 22 मार्च को है। बोकारो के कर्मचारी मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यूनियन का सदस्यता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। करीब ढाई हजार मेंबरशिप है। पिछले 15 दिनों के भीतर एक हजार से अधिक नए सदस्यों को जोड़ा गया है। जिसकी एक साल की सदस्तयता पूरी हो चुकी है, वही चुनाव लड़ सकता है, जबकि वोट देने का अधिकार नए सदस्यों को भी है।नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 10 मार्च से बढ़ाकर 13 मार्च की गई है। इसलिए शाम तक और नामांकन जमा होने की उम्मीद लगायी जा रही है। अध्यक्ष पद पर इस बार नया चेहरा आ रहा है। वर्तमान अध्यक्ष हरिओम अब महासचिव पद पर चुनाव लड़ रहे हैं।

### डॉ. आशा लकड़ा का बोकारो आगमन

**बोकारो :** जिला भ्रमण के क्रम में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा शुक्रवार को बोकारो पहुंचीं। इस अवसर पर बोकारो परिसदन में उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने उन्हें पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने बोकारो परिसदन स्थित सभागार में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सुकुरमनी देवी एवं अन्य से संबंधित मामले की सुनवाई की। उन्होंने मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। सदस्य ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रकरण से जुड़े तथ्यों की गंभीरता से जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रभावित पक्ष को न्याय मिल सके।

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 35 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया।

### आयुक्त ने चैनपुर स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, मिलीं कई गड़बड़ियां, जतायी नाराजगी

# विद्यार्थियों की पढ़ाई ही शिक्षकों की पहली प्राथमिकता : आयुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती कुमुद सहाय शुक्रवार को चैनपुर स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, उपस्थिति पंजी, मध्याह्न भोजन एवं अन्य अभिलेखों की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आईं, जिसपर आयुक्त ने प्राचार्य एवं शिक्षकों के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में आयुक्त ने विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं का अवलोकन किया। इस दौरान कुछ शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। जिसके कारण कई छात्राएं कक्षा से बाहर निकलकर शोरगुल कर रहीं थीं। आयुक्त ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्राओं से कई सामान्य प्रश्न पूछे गये, परंतु कई छात्राएं सरल प्रश्नों का भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे पायीं। ऐसी स्थिति पर उन्होंने संबंधित वर्ग शिक्षकों एवं प्राचार्य को सही से तरीके से अध्यापन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की पहली जिम्मेदारी विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चित करना है। आयुक्त ने विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी, मध्याह्न भोजन की दैनिक खपत-सह-स्टॉक पंजी, दैनिक उपस्थिति सारांश सहित



विभिन्न अभिलेखों की जांच की। जांच में कई पंजी अद्यतन नहीं पाये गये। मार्च माह के कॉलम पूरी तरह खाली थे। मध्याह्न भोजन से संबंधित संचिका में भी प्रविष्टियां स्पष्ट नहीं थीं तथा पूर्व में भरे गए कई कॉलम संदेहास्पद एवं मनगढ़ंत प्रतीत हुए। इस पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि पंजियों को खाली रखना और माह के अंत में एक साथ भरना अनियमितता और आपकी स्वेक्षाचारिता की ओर इंगित करता है। उन्होंने सभी अभिलेखों/पंजियों को प्रतिदिन अद्यतन करने का स्पष्ट निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि प्राचार्य कक्ष के सामने ही वाहनों की पार्किंग की गई है। इसपर उन्होंने नाराजगी जताते हुए वाहन की पार्किंग व्यवस्थित ढ़ंग से करने का निदेश दिया। आयुक्त ने प्राचार्य को विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य शैक्षणिक कार्यों पर पूर्ण नियंत्रण रखने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों का भविष्य निर्माण करते हैं, इसलिए विद्यार्थियों की पढ़ाई, अनुशासन और विद्यालय की समुचित व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने पठन-पाठन की गुणवत्ता सुधारने, अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने और विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा उपस्थित रहे।

**विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर जतायी नाराजगी**

**निरीक्षण** के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी की जांच की गई, जिसमें कई गड़बड़ियां सामने आयीं। कई विद्यार्थियों की वास्तविक उपस्थिति कम पाई गई, जबकि पंजी में अधिक दर्ज थी। इतना ही नहीं, 14 मार्च की तिथि के सामने कई छात्राओं के नाम पर पहले से ही अनुपस्थित दशार्ते हुए क्रॉस लगा दिया गया था, जबकि निरीक्षण की तिथि 13 मार्च है। इस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे गंभीर लापरवाही बताया।

**मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता पर भी सख्त निर्देश**

**आयुक्त** ने विद्यालय के रसोईघर का भी निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के लिए तैयार मध्याह्न भोजन तथा स्टॉक में रखे चावल की जांच की। चावल की बोरियों को चूहों द्वारा कुतरा हुआ पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायीं। उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना विद्यार्थियों के पोषण से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए इसके साथ किसी प्रकार की लापरवाही या खिलवाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## विश्व किडनी दिवस पर स्वास्थ्य जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के बोकारो जनरल अस्पताल में 12 मार्च को 'विश्व किडनी दिवस' के उपलक्ष्य में एक विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. अनिंदा मंडल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. इंद्रनील चौधरी द्वारा परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर किया गया।विश्व किडनी दिवस 2026 की थीम किडनी हेल्थ फॉर ऑल केयरिंग फॉर पीपल, प्रोटेक्ट द प्लैनेटइ के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा



अधिकारी एवं नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सिमाल मार्डी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान बीएसएल कर्मियों, उनके परिजनों एवं आम नागरिकों के लिए ब्लड प्रेशर, शुगर, यूरिनरी प्रोटीन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच की गई तथा विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया।शिविर में उपस्थित चिकित्सकों एवं आहार विशेषज्ञों ने किडनी को स्वस्थ रखने के लिए नियमित जाँच, संतुलित आहार और मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण को अनिवार्य बताया। इस अवसर पर आयोजित एक तकनीकी संगोष्ठी में डॉ. प्रत्युष रोशन ने 'ए.बी.ओ. असंगति' किडनी प्रत्यारोपण की आधुनिक पद्धति पर विस्तृत प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि यह उपचार उन मरीजों के लिए एक नया जीवन है जिन्हें उपयुक्त डोनर उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। डॉ. पी के बेहरा ने इस वर्ष की थीम और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में किडनी रोगों की रोकथाम पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. साकेत मिश्रा, वरीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. आकाश कांत, डॉ. विकास, डॉ. सुहासिनी, डॉ. अन्नेसा तथा स्कूल ऑफ नर्सिंग की प्रशिक्षुओं एवं परिचारिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. साकेत मिश्रा ने इस अवसर पर स्वेच्छा से रक्तदान भी किया। बोकारो जनरल अस्पताल द्वारा आयोजित यह स्वास्थ्य पहल नागरिकों को निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। किडनी रोगों के प्रति समय पर सजगता और आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी न केवल जीवन रक्षा में सहायक है, बल्कि यह स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण के प्रति बोकारो इस्पात

## उपायुक्त अजय नाथ झा ने मानवता का परिचय देते हुए अनोखे अंदाज में मनाया अपना जन्मदिन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो जिला के उपायुक्त अजय नाथ झा में मानवता का गुण साफ झलकता है, ये जैसे मुदुरभाषी स्वभाव के है वैसे ही अजय नाथ झा में मानवता का पूरा गुण साफ झलकता है। अपनी मानवता के कारण हमेशा चर्चा में रहते है, इनको उपायुक्त का थोड़ा भी अहम नहीं है, ये आम जनता से सीधे मिलते है, आम जनता को इनसे मिलने के लिए कोई फरियाद नहीं करना पड़ता है, जनता जो भी समस्या लेकर इनसे मिलते है उसका त्वरित समाधान करते है। इनकी



मानवता का जितना वाक्य किया जाय वह कम ही रहेगा। इनका मानवता का परिचय हमेशा दिखता है। कभी ये सड़क में पड़े अनाथ बुजुर्ग को देखकर गाड़ी रोकर अस्पताल पहुंचाते है, इतना ही नहीं ये खुद उस बुजुर्ग का हाल चाल लेने अस्पताल भी पहुंच जाते है। अनाथ बच्चों, बुजुर्ग महिला पुरुषों का कुशल क्षेम जानने के लिए खुद अनाथालय, वृद्धा आश्रम पहुंच जाते है और उनका समुचित देखभाल का दिशा निर्देश संबंधित पदाधिकारी को देते है ।इतना ही नहीं ये पत्रकारों का भी हमेशा कुशल क्षेम लेते रहते है। एक पत्रकार के निधन में उपायुक्त अजय नाथ झा उनका आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते है साथ ही परिवार को सांत्वना वह ढाढस देते है। इनको जनता का दुख तकलीफ देखा नहीं जाता है।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में ह्यूमन राइट्स के लिए यूजीसी गाइडलाइन पर कार्यशाला का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार 13 मार्च 2026 को महाविद्यालय के आइक्यूएसी के तत्वावधान में यूजीसी गाइडलाइन ऑन ह्यूमन राइट्स पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार व सहायक प्राध्यापकों ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉक्टर संजीव कुमार मौजूद रहे कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर संजीव कुमार ने प्रशिक्षुओं को ह्यूमन राइट्स के लिए यूजीसी गाइडलाइन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि, मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति को मिलने वाले वे मौलिक अधिकार हैं, जो उसे सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार देते हैं। यूजीसी ने भी उच्च शिक्षण संस्थानों में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनका उद्देश्य है कि कॉलेज और विश्वविद्यालयों में समानता, न्याय और सम्मान का वातावरण बने तथा छात्रों के अधिकार सुरक्षित रहें। हमें यह समझना होगा कि मानवाधिकार केवल कानून या किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे व्यवहार, सोच और सामाजिक जिम्मेदारी से भी जुड़ा हुआ है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ऋतुराज ने किया ईवीएम वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ऋतुराज द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का अंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) एवं वीवीपैट (VVPAT) की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ रखी जाए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वेयरहाउस में लगाये गये सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती एवं अभिलेखों के संधारण की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से वेयरहाउस का निरीक्षण करने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर व विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर पथलडीह में दसवीं के छात्र-छात्राओं को दी गयी भावभीनी विदाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा (पथलडीहा) :** सरस्वती विद्या मंदिर ,पथलडीहा, कोडरमा में कक्षा 10इं के विद्यार्थियों को फेयरवेल दिया गया। इसकी शुरूआत कक्षा 9th के विद्यार्थियों के द्वारा गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। इस अवसर पर 10th की छात्रा दिव्या कुमारी और संध्या कुमारी के द्वारा विद्यालय में बिताए गए वर्षों के खट्टे मीठे अनुभवों को याद किया गया तथा शिक्षकों की प्रशंसा की गई। शिक्षकों की ओर से प्रधानाध्यापक श्याम सुंदर यादव तथा निर्देशक कपिल देव सिंह के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा प्रत्येक बच्चों को डायरी, पेन और 2026 का कैलेंडर आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और तमाम विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## प्रहरी मेला में खोरठा गीतों की गूंज, लोक कलाकारों ने बांधा समां

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कसमार :** कसमार प्रखंड के खैराचातर में सामाजिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय प्रहरी मेला के तीसरे दिन गुरुवार की रात खोरठा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रसिद्ध लोक कलाकारों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को देर रात तक मंत्रमुग्ध बनाए रखा। कार्यक्रम में खोरठा के लोकप्रिय कलाकार नेपाल महतो, शेखर शरदेंदु, हबीब नाज और अशोक महतो ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी। नेपाल महतो ने स्वर्गीय सुरेश जायसवाल को समर्पित अपना स्वरचित गीत गाकर कार्यक्रम में भावनात्मक माहौल बना दिया। वहीं अशोक महतो के गीत 'तोहर प्रेमे हारल जीवन ओ सांवरो' को दर्शकों ने खूब सराहा। शेखर शरदेंदु का 'जइबइ जंगलवा खइबइ भेलवा' और हबीब नाज का 'चले गे धनी तोरा लइ जइबइ कसमार बजरिया' गीत भी लोगों के बीच खासे लोकप्रिय रहे। इसके अलावा शशि और उसके साथियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने कार्यक्रम में अलग ही रंग भर दिया और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कसमार के समाजसेवी सूरज जायसवाल तथा राष्ट्रीय तीरंदाज एवं झारखंड सरकार के राज्य तीरंदाजी प्रशिक्षक करण कुमार कर्मकार द्वारा फीता काटकर की गई। इसके बाद अतिथियों ने स्वर्गीय सुरेश जायसवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में करण कुमार कर्मकार ने कहा कि उनके जीवन की दिशा तय करने में प्रहरी मेला का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि जब वे एक साधारण युवक थे, तब इसी मंच ने उनकी प्रतिभा को पहचान दी और उन्हें तीरंदाजी के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिला। वहीं सूरज जायसवाल ने मेला के इस वर्ष के थीम यातायात जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि जीवन अत्यंत मूल्यवान है, इसलिए वाहन चलाते समय प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम में राजू महतो, पंकज जायसवाल, प्रयाग कुमार, कुमारी उषा, मेला कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम महतो, व्यवस्थापक रामसेवक जायसवाल व दीपक सवाल, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल सहित विष्णु जायसवाल, सौरभ राय (मोंटी), सिद्धेश्वर प्रजापति, दिलीप शर्मा, यूनुस अंसारी, रोमेल अंसारी, अंकुश जायसवाल, विनीत जायसवाल, विजय ठाकुर, संजय जायसवाल, अमित जायसवाल, अजय कुमार आदि उपस्थित थे। वहीं मानू देव, प्रभाष नायक तथा जितेंद्र कुमार ने वाद्य यंत्रों की संगत कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

# प्रेरणा शाखा ने अमृतधारा के तहत दो स्थायी वाटर कूलर का किया लोकार्पण

### पनशाला, पाठशाला और धर्मशाला के निर्माण में मारवाड़ी समाज की भूमिका अद्वितीय : रमेश हर्षधर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा के तत्वावधान में शहर के कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर एवं गांधी हाई स्कूल में एक-एक स्थायी अमृत धारा वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया साथ ही गांधी स्कूल को दो पंखे एवं मुक्तिधाम के लिए सोलर लाइट का भी लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झुमरीतिलैया नगर परिषद के अध्यक्ष रमेश हर्षधर उपाध्यक्ष मनोहर राम वार्ड पार्षद मधुलिका सिंह, ज्योति शुक्ला, सरिता देवी साथ ही विद्यालय



प्रबंधकरिणी समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, उपाध्यक्ष अशोक राय, अरविंद चौधरी सचिव अनुराग सिंह सदस्य मुंशी यादव, पंकज सिंह, प्राचार्य आनंद मोहन, मारवाड़ी युवा मंच फुसरो के मनोज अग्रवाल, मंडल वन की सहायक मंत्री श्रेया केडिया प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा गांधी स्कूल के प्राचार्य विनोद दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्य समारोह कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में के सभागार में आयोजित हुआ इस अवसर पर कोडरमा जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम पहुंचे जिसमें विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा उनका स्वागत घोष वादन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा अमूल धरोहर है जिसके बिना राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकता उन्होंने इस अवसर पर कहा की प्रेरणा शाखा ने समाज सेवा के क्षेत्र में जो कार्य किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि झुमरी तिलैया नगर परिषद के अध्यक्ष रमेश हर्षधर अपने कहा कि पनशाला, पाठशाला और धर्मशाला के निर्माण में मारवाड़ी समाज की भूमिका अद्वितीय है और नारी शक्ति प्रेरणा शाखा जिस प्रकार से शिक्षा, गो सेवा, अमृत धारा जैसे कार्यों में सहयोग कर रही है वो अद्वितीय है। इसी क्रम में उपाध्यक्ष मनोहर राम ने कहा की वाटर कूलर गर्मी के दिनों में बच्चों के लिए राहत का माध्यम बनेगा। जो बच्चे बहुत दूर से आते हैं उन्हें इस बढ़ती हुई गर्मी में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल से बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने इस कार्य के लिए प्रेरणा शाखा को धन्यवाद दिया। समाजसेवी फुसरो के मनोज अग्रवाल ने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
**प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, गुमला पिन–835207**
**ईमेल : ssa09gumla@gmail.com**

पत्रांक : 279 दिनांक : 12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2026–27)**
**निविदा संख्या :– 01/2026–27**

**10 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/02 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पैकेजवार सामग्रियों की आपूर्ति के संबंध में**

गुमला जिला अंतर्गत संचालित 10 कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, 02 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों के लिए सत्र 2026–27 में खाद्य एवं अन्यान्य सामग्रियों की आपूर्ति हेतु संबंधित विद्यालय के प्रखंड के संस्थानों/इच्छुक निविदादाताओं से विद्यालयवार एवं पैकेजवार निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, पुराना समाहरणालय परिसर, गुमला से दिनांक 14.03.2026 से 04.04.2026 तक कार्य दिवस में अपराह्न 5:00 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं एवं दिनांक 09.04.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में (पैकेजवार अलग–अलग लिफाफा) जमा कर सकते हैं।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रति पैकेज अप्रतिदेय 500/– (पाँच सौ रूपये मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट, जो राष्ट्रीयकृत बैंक से Samagra Shiksha Abhiyan Gumla के नाम देय हो के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा।

पूर्ण निविदा हेतु पैकेजों की विवरणी इत्यादि से संबंधित विस्तृत शर्त्ते तथा अन्य जानकारी हेतु झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, पुराना समाहरणालय परिसर, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी https://gumla.nic.in के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गुमला

PR 374968 Jharkhand Education Project Council(25-26).D



*Email : eedwsd.chatra01@gmail.com*
**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**
Letter No : 284 Date : 12.03.2026
**Corrigendum**

The following changes have been done due to some unavoidable circumstances in Tender Reference No. DWSD/UWSS/O&M/CH/09/2025-26(1st Call)Operation and Maintenance of Reorganization of Chatra Urban Water Supply Scheme for 03 Years (2026-27, 2027-28 and 2028-29)on "TURNKEY BASIS" under D.W.&S. Division, CHATRA for the Year 2025-26 on published vide P.R. No. – 372834 (DWSD) 2025-26

| Previously Published | | Amended as follow |
|---|---|---|
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | One Year | Three Years |
| वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.02.2026 समय 02:00 बजे अपराहन तक | 16.03.2026 समय 02:00 बजे अपराहन तक |
| निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 23.02.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक | 23.03.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| सरकार के सचिव, सूचना प्रौघोगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.02.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक | 23.03.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| त्कनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 24.02.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक | 24.03.2026 समय 05:00 बजे अपराहन तक |

Other conditions will be same as mentioned in NIT & B.O.Q

PR 374944 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

Executive Engineer D.W.&S. Division, CHATRA



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**State Mission for Clean Ganga (SMCG)**

**Recruitment Notice**

**Ref No. 76** **Dated :- 10.03.2026**

Urban Development and Housing Department (UD&HD), Government of Jharkhand invites application from interested professionals for the posts mentioned below on purely contractual basis under State Mission for Clean Ganga (SMCG).

| Sl. No. | Designation | Total No. of Post | Un-Reserved | Qualification & Experience | Salary Structure |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Manager (Finance) | 01 | 01 | Full time MBA in Finance/M.Com/ ICWA final/CA final from recognized University in regular course with 8 years of experience in related field. | Rs. 70,000 – 1,00,000/- per month |

1. **Terms of Engagement :** The appointment of professionals will be purely on contract basis for a period of (1) One Year, which may be extended after the annual review of performance, output and desired impacts. However the contract may be terminated in the case of unsatisfactory service.
2. The successful candidate will have to sign a contractual agreement in the prescribed format.
3. The contract shall not confer any rights or claim of extension/absorption in the department. The candidate will have to produce and affidavit in this case.
4. Candidate should be below 50 years of age as on the last date fixed for submission of the application.
5. **Last date for receipt of Application :** 30.03.2026 till 5:00 PM.
6. The selection of the candidate will be completely on the basis of Essential Qualification, Experience and Interview.
7. **How to apply :** Duly filled application form as enclosed in **Appendix-A** along with attested copy of the proof of age, qualification and experience should be sent through the registered post/speed post/courier to the **State Urban Development Agency, 4th Floor, Project Bhawan, Dhurwa, Ranchi-834004.** The application form made available by hand shall not be entertained.
8. The list of shortlisted candidate will be uploaded in the Notice section of the website :- *udhd.jharkhand.gov.in* and the candidate will be intimidated about the date of interview.
9. The department reserves the right to cancel/postpone the recruitment wholly or partially if so required. No claim will be admissible in case of such cancellation/postponement.

Sd/
( Suraj Kumar )
Project Director, SMCG
Urban Development & Housing Department.

PR 375040 Urban Development(25-26).D

## एक झलक

### श्री रामनवमी रथयात्रा महोत्सव कमिटी के अध्यक्ष बने विजय प्रकाश

**अररिया :** फारबिसगंज में रामनवमी के मौके पर निकलने वाले रामनवमी रथ यात्रा महोत्सव के आयोजन को लेकर कमिटी की बैठक कोषाध्यक्ष डिंपल चौधरी जी की अध्यक्षता में विजय प्रकाश के निवास स्थान पर हुई ।जिसमें सर्वसम्मति से विजय प्रकाश को श्री रामनवमी रथयात्रा महोत्सव का अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया ।वही मनोज सोनी एवं प्रेम केशरी को उपाध्यक्ष बनाया गया ' डिंपल चौधरी को कोषाध्यक्ष तो सह कोषाध्यक्ष मनीष साह,किशु ठाकुर,बिट्टू सैमसंग,गजेंद्र गुप्ता,सत्या ठाकुर एवं सोनू राय को मनोनीत किया गया।

### सारण में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मौलाना का फूंका पुतला

**सारण :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के विरुद्ध एक मौलाना द्वारा की गई अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सारण के भाजपा कार्यकताओं में आक्रोश व्याप्त है। इस कृत्य के विरोध में भारतीय जनता पार्टी सारण के तत्वावधान में शहर की हृदयस्थली कहे जाने वाले नगर पालिका चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया और आरोपित का पुतला दहन किया गया। जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोपी मौलाना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दोपहर 1:30 बजे कार्यकताओं का हुजूम नगर पालिका चौक पर इकट्ठा हुआ, जहाँ आरोपी मौलाना का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि ऐसी संकीर्ण मानसिकता वाले व्यक्तियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ।

### साहित्यकार डॉ अनुज प्रभात श्रेष्ठ गीतकार के सम्मान से हुए सम्मानित

**अररिया :** हरियाणा की संस्था नारायण साहित्य वाला भारत ट्रस्ट की ओर से 12 मार्च को आयोजित प्रतियोगिता में फारबिसगंज के प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ अनुज प्रभात को श्रेष्ठ गीतकार सम्मान से सम्मानित किया गया। उल्लखेनीय हो कि डॉ अनुज प्रभात साहित्य के क्षेत्र में विविध विधाओं में लेखन कर रहे हैं ।उनकी दो कहानी संग्रह नीलपाखी,बूढ़ी आंखों का दर्द, तीन कविता संग्रह आधे-अधूरे स्वप्न, किसी गांव में कितनी बार कब तक, मैं मेरी मौत की तारीफ चाहता हूं ।

# नीतीश कुमार ने सहरसा जिले को दी 512 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात

**एजेंसी**

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के क्रम में सहरसा जिले में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान सहरसा जिले को 512 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने शाहपुर वार्ड नंबर 7 में बनाए गए कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से सहरसा जिले के लिए 286 करोड़ रुपये की लागत से 70 योजनाओं का उद्घाटन, 90 करोड़ रुपये की लागत से 20 योजनाओं का शिलान्यास एवं 136 करोड़ रुपये की लागत से 35 योजनाओं का कायारंभ किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी



ली। इस क्रम में सहरसा जिला अंतर्गत मंडन मिश्र धाम का सौंदर्गीकरण एवं विकास कार्य, मां उग्रतारा मंदिर का सौंदर्गीकरण एवं विकास कार्य, सहरसा जिला मुख्यालय अंतर्गत मौजा-हासा हकपारा में स्टेडियम (खेल अवसंरचना) के निर्माण कार्य की जानकारी ली। साथ ही नगर निगम सहरसा अंतर्गत स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना फेज-2 कार्य तथा मत्स्यगंधा झील पर्यटकीय सौंदर्गीकरण एवं विकास कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कहा कि सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास कार्यों से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में जीविका दीदी द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों और उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 3021 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 133 करोड़ रुपए का सांकेतिक चेक प्रदान किया। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने महिलाओं की तरक्की के लिए काफी काम किया है। हम सभी जीविका दीदियां आपकी कृपा से जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग ऐसे ही काम करते रहिए और आगे बढ़िए।

## समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री का सहरसा आगमन, जीविका स्टॉल रहा आकर्षण का केन्द्र



**सहरसा :** समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को सहरसा पहुंचे। सहरसा के शाहपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए लगाए गए विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जीविका द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी भ्रमण किया और वहां उपस्थित जीविका दीदियों से संवाद किया। जीविका स्टॉल पर सहरसा जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत स्वरोजगार कर रही जीविका दीदियों की गतिविधियों को मॉडल एवं जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। इसमें कृषि, पशुपालन, गैर-कृषि सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़े कार्यों को प्रमुखता से दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने जीविका से लाभान्वित महिलाओं से उनके द्वारा शुरू किए गए व्यवसायों की जानकारी ली और कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण एवं आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने जीविका एवं जीविका दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## बकाया बिजली बिल को लेकर विभाग सख्त : कटकमसांडी में 93 कनेक्शन काटे गये, 20 लाख से अधिक का बकाया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी (हजारीबाग):** वित्तीय वर्ष की समाप्ति नजदीक आते ही विद्युत विभाग ने बकाया बिजली बिल वसूली को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। विद्युत आपूर्ति अवर मंडल कटकमसांडी में सहायक विद्युत अभियंता कृष्णदेव प्रजापति के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा चलाए गए इस अभियान के दौरान अब तक 93 बकायेदार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पोल से काट दिए गए हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार इन उपभोक्ताओं पर 20,12,949 की भारी भरकम राशि बकाया थी। कार्रवाई की सख्ती का असर भी देखने को मिला है। कई उपभोक्ताओं ने बिजली कटने के डर से मौके पर ही अपना बकाया भुगतान शुरू कर दिया। अभियान के दौरान अब तक 10,52,345 की राशि विभाग के खाते में जमा कराई जा चुकी है। कटकमसांडी के सहायक विद्युत अभियंता कृष्णदेव प्रजापति ने बताया कि राजस्व वसूली को लेकर मार्च महीने भर यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जिनका भी बिजली बिल बकाया है, वे जल्द



से जल्द कार्यालय पहुंचकर या ऑनलाइन माध्यम से अपना बिल जमा कर दें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभाग किसी भी उपभोक्ता की बिजली काटना नहीं चाहता, लेकिन लंबे समय से बकाया रखने वालों के खिलाफ पोल से तार हटाने की कार्रवाई करना विभाग की मजबूरी बन जाती है। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा है कि अंतिम समय का इंतजार न करें, अन्यथा बिना पूर्व सूचना के भी बिजली कनेक्शन विच्छेद किया जा सकता है। अभियान की इस सख्ती से कटकमसांडी क्षेत्र में बकायेदार उपभोक्ताओं के बीच हड़कंप मचा हुआ है और बड़ी संख्या में लोग अब बिजली बिल जमा कराने के लिए विभागीय कार्यालय का रुख कर रहे हैं।

## ओम शांति केन्द्र में दादी गुलजार की मनायी गयी पुण्यतिथि

**अररिया :** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी गुलजार की पुण्यतिथि फारबिसगंज के ओम शांति केन्द्र में शुक्रवार को केन्द्र की संचालिका बी.के. रुकमा दीदी के नेतृत्व में मनाई गई ।मौके पर सर्वप्रथम दादीजी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा को भोग स्वीकार कराया गया। बी.के. रुकमा दीदी ने गुलजार दादीजी जो बाबा के रथ के रूप में जानी जाती थी, के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा विश्व में शांति और सद्भाव के लिए किये कार्यों का वर्णन किया ।इस अवसर पर संचालिका रुकमा दीदी के अलावा बी.के. सीता दीदी, संतोषी दीदी,रेखा धनावत फूल कुमारी दीदी, मृदुला दीदी,प्रेमा दीदी, बबीता दीदी भाईयों में आदित्य भाई, विकास भाई,मदन मोहन कनौजिया,अजातशत्रु अग्रवाल,डॉ उमेश मंडल आदि मौजूद थे।

## ढेकुलिया टोला में सरकारी जलमीनार का दुरुपयोग, ग्रामीणों में आक्रोश,बीडीओ को दिया आवेदन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के मकरी पंचायत अंतर्गत ढेकुलिया टोला में सरकारी जलमीनार से जुड़ी बड़ी लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों के लिए स्थापित इस जलमीनार का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में ग्रामीण संजय कुमार यादव ने गुरुवार को बीडीओ को आवेदन देकर दबंग द्वारा बाधित किये गए जलमीनार को चालू कराने की मांग की है। उन्होंने आवेदन में आरोप लगाया है कि टोला में बीते वर्ष मृत्युंजय यादव के घर के समीप पेयजल आपूर्ति के लिए जलमीनार लगाया गया था,लेकिन छह माह पूर्व टोला निवासी दबंग और झगड़ालू प्रवृति के व्यक्ति धनंजय यादव ने सरकारी जलमीनार की लाइन काटकर सरकारी बोर को तोड़कर उसमें समरसेबल डालकर अपने खेतों



की सिंचाई के लिए निजी उपयोग कर रहा है ।जबकि इस संबंध में उसी वक्त पंचायत के मुखिया को आवेदन दिया था,जिसपर मुखिया ने भी इसे समर्सिबल हटाकर जलमीनार चालू करने का निर्देश दिया था,लेकिन उसने दबंगई दिखाते हुए आजतक जलमीनार को चालू नहीं किया। ग्रामीणों तथा आवेदनकर्ता का कहना है कि इस सरकारी जलमिनर का उद्देश्य पूरे टोला के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन निजी उपयोग के कारण आम जनता को पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। गर्मी के मौसम में जहां लोगों को पीने के पानी की जरूरत बढ़ जाती है, वहीं इस तरह की मनमानी से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की तुरंत जांच की जाए और दोषी पर कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि सरकारी संसाधनों का निजी उपयोग न केवल कानून के खिलाफ है बल्कि यह पूरे समाज के साथ अन्याय भी है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया सरिता देवी ने कहा कि आवेदन के तुरंत बाद हमने धनंजय यादव को जलमीनार से समरसेबल हटाकर उसमें लाइन जोड़कर टोलावासियो को पेयजल आपूर्ति का निर्देश दिया था ।

## लाभुक के खाते में नाम में हुई गलती को सुधारने का हो रहा प्रयास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) ।** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के ग्राम व पोस्ट हलमाद निवासी समंत महतो, पिता-रामेश्वर महतो, उम्र 65 वर्ष जिसका वास्तविक नाम जो निम्न दस्तावेज आधार कार्ड व वोटर आईडी कार्ड के अनुसार समंत महतो (SAMANT MAHTO) है जो सही है। लाभुक का गोला के बैंक ऑफ इंडिया बनतारा शाखा में एक खाता है जिसका खाता संख्या 48971010 0005387 है जिसमें गलती से खाते में समत महतो (SAMAT MAHTO) हो गया है जो गलत है। खाते में नाम में हुई गलती के कारण खाते का संचालन बंद है इस वजह राशि की लेनदेन करने में काफी परेशानी हो रही है ।खाते में नाम में हुई गलती को सुधारने के लिए बैंक शाखा से प्रयासरत है।



## प्रख्यात साहित्यकार फणीश्वर नाथ रेणु व सुप्रसिद्ध कवि, कथाकार और चिन्तक अज्ञेय की जयंती पर गरिमामय साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**नयी दिल्ली :** दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्यालय, गार्डनरीच में 13 मार्च 2026 को हिन्दी के प्रख्यात साहित्यकार फणीश ?वर नाथ रेणु तथा सुप्रसिद्ध कवि, कथाकार और चिन्तक अज्ञेय की जयंती के अवसर पर एक गरिमामय साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजभाषा विभाग द्वारा किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर हिन्दी अधिकारी रीता कायम ने दोनों महान साहित्यकारों के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फणीश्वर नाथ रेणु ने अपनी रचनाओं के माध्यम से ग्रामीण जीवन की संवेदनाओं और सामाजिक यथार्थ को अत्यन्त सजीव रूप में प्रस्तुत किया, जबकि अज्ञेय ने आधुनिक हिन्दी साहित्य को नयी दृष्टि, नयी संवेदना और प्रयोगशीलता प्रदान की। उन्होंने कहा कि ऐसे साहित्यकारों की जयंती मनाना उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण करने के साथ-साथ नयी पीढ़ी को साहित्य के प्रति प्रेरित करने का एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान साहित्यकारों की रचनाओं का पाठ भी किया गया, जिससे उपस्थित कर्मचारियों को हिन्दी साहित्य की समृद्ध परम्परा से परिचित होने का अवसर मिला। साथ ही, इस अवसर पर हिन्दी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों को हिन्दी में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया गया ।

## विशु रजवार बने युवा आजसू बोकारो जिला प्रभारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** शुक्रवार को आजसू के युवा संगठन द्वारा गोला प्रखंड के रजवार टोला निवासी विशु रजवार को युवा आजसू बोकारो जिला का प्रभारी नियुक्त किया गया। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए विशु रजवार ने सुदेश कुमार महतो केंद्रीय अध्यक्ष, आजसू पार्टी का आभार व्यक्त किया। साथ ही गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो, पूर्व विधायक सुनीता चौधरी तथा रामगढ़ विधानसभा के समाजसेवी पियूष चौधरी के प्रति भी उन्होंने धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस तरह से उन पर विश्वास जताया है, उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे तथा युवाओं को जोड़कर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही युवा आजसू सह प्रभारी अरुण दांगी, रुपेश महतो, सोनू महतो, महेंद्र महतो को बनाया गया है।



# स्वामिह : भारत के आवास क्षेत्र के लिए नीतिगत जीवनरेखा

### भारत में हो रहे परिवर्तन में आवास की महत्त्वपूर्ण भूमिका

**भारत** के लाखों परिवारों के लिए अपना घर स्थिरता, सुरक्षा और जीवनभर के महत्वपूर्ण निवेश का प्रतीक है। जैसे-जैसे भारत के शहर विकसित हो रहे हैं और शहरी आकांक्षाएं बढ़ रही हैं, आवास सामाजिक कल्याण और आर्थिक प्रगति के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण बन गया है। साथ ही यह निर्माण, बुनियादी ढांचे और अन्य संबंधित क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है।

पुरानी और अवरुद्ध रियल एस्टेट परियोजनाओं के पुनर्वास से संबंधित विशेषज्ञ समिति (एमओएचयूए, 2023) ने पाया कि आवासीय परियोजनाओं के अवरुद्ध होने का मुख्य कारण प्रायः वित्तीय व्यवहार्यता में कमी होता है, जिसके परिणामस्वरूप लागत बढ़ जाती है और परियोजनाओं में देरी होती है।

भारत सरकार की ओर से स्वामिह के रूप में एक लक्षित हस्तक्षेप शुरू किया गया। 2019 में शुरू की गई किफायती और मध्यम आय वर्ग आवास में निवेश कोष के लिए विशेष व्यवस्था द्वारा वित्तीय बाधाओं के कारण प्रभावित आवासीय परियोजनाओं को अंतिम चरण में वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। नई परियोजनाएं शुरू करने के बजाय, स्वामिह आंशिक रूप से बने ढाँचों को वास्तविक घरों में बदलने, मौजूदा घर खरीदारों के हितों की रक्षा करने और आवास क्षेत्र में विश्वास को मजबूती प्रदान करने के लिए अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

स्वामिह का पोर्टफोलियो 12 राज्यों और 20 शहरों में 146 से अधिक आवासीय परियोजनाओं तक फैला हुआ है, जो स्वामिह को देश के आवासीय क्षेत्र पर केंद्रित अवरुद्ध योजनाओं को पूरा करने का सबसे बड़ा समाधान प्लेटफॉर्म बनाता है। इन हस्तक्षेपों के माध्यम से इस कोष के द्वारा 1 लाख से अधिक मकानों की डिलीवरी संभव होने की उम्मीद है, जिससे 2.38 लाख से अधिक लोगों को राहत मिलेगी। मूल स्वामिह कोष की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने देश भर में अवरुद्ध आवासीय परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए बजट 2025-26 में स्वामिह कोष-2 स्थापित किए जाने की घोषणा की।

### भारत की आवास नीति से संबंधित इकोसिस्टम

**आवास** से संबंधित भारत की रणनीति समय के साथ एक संपूर्ण नीतिगत इकोसिस्टम के रूप में विकसित हुई है, जो विभिन्न आय वर्गों, भौगोलिक क्षेत्रों और विकास के चरणों में आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करती है। ये नीतियां मिलकर आवास क्षेत्र में स्थिरता, विश्वास और निरंतरता को मजबूत करती हैं।

- आवास निर्माण और पहुंच : प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू)

पीएमएवाई-यू पात्र परिवारों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), निम्न आय वर्ग (एलआईजी), और मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के परिवारों को पक्का और सुरक्षित आवास प्रदान करने के उद्देश्य से 2015 में शुरू की गई।

- कवरेज और समावेशिता का विस्तार : पीएमएवाई-यू 2.0

पूर्व अनुभवों के आधार पर पीएमएवाई-यू 2.0 ने अगले चरण में एक करोड़ अतिरिक्त परिवारों को आवासीय सहायता प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। इस योजना में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश शामिल है और इसे 1 सितंबर 2024 से अगले पांच वर्षों में लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत अत्यंत कमजोर और विशेष समूहों सहित व्यापक श्रेणियों को शामिल करते हुए लाभार्थियों की पात्रता का दायरा बढ़ाया गया है।

- पूरक समाधान के रूप में किराये के आवास : किफायती किराया आवास परिसर (एआरएचसी)

लचीले आवास विकल्पों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रवासी और शहरी कामगारों के लिए सम्मानजनक किराये के आवास उपलब्ध कराने हेतु एआरएचसी की शुरूआत की गई। इस पहल में मौजूदा सरकारी आवास स्टॉक और साझेदारी के माध्यम से नई विकास परियोजनाओं का उपयोग किया जाता है।

- निर्माणाधीन को पूरा करना : स्वामिह की भूमिका

प्रमुख मिशन जहां नए आवासों के निर्माण और पहुंच पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वहीं स्वामिह का विशेष उद्देश्य निर्माणाधीन मकानों का निर्माण पूर्ण करना और उन मकानों को खरीदारों को सौंपे जाना सुनिश्चित करते हुए आवासीय जीवनचक्र के अंतिम चरण को पूरा करना है। भारत सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी द्वारा समर्थित 15,531 करोड़ रुपये की कुल राशि के साथ यह कोष देशभर में अवरुद्ध और वित्तीय दबाव से घिरी आवासीय परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

### अवरुद्ध परियोजनाओं से लेकर मकान उपलब्ध कराने तक : स्वामिह की आवश्यकता

**एसबीआई** वेंचर्स द्वारा कराए गए अध्ययन के अनुसार, स्वामिह को लॉन्च किए जाने से पहले, लगभग 90% अवरुद्ध आवासीय परियोजनाएँ – जिनमें लगभग 4.58 लाख आवासीय इकाइयों वाली करीब 1,509 परियोजनाएँ शामिल थीं–किफायती और मध्यम आय वर्ग के क्षेत्रों में केंद्रित थीं। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए लगभग 55,000 करोड़ रुपये के वित्त पोषण की आवश्यकता थी। इस दृष्टिकोण की प्रभावशीलता 2021 में स्पष्ट हुई, जब मुंबई के उपनगर रिवाली पार्क में खरीदारों को आवासों का कब्जा सौंपा गया।

### प्रमुख बिन्दु

- 2019 में शुरू किया गया स्वामिह कोष अवरुद्ध किफायती और मध्यम आय वर्ग की आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अंतिम चरण में वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- स्वामिह के तहत अब तक 58,596 से अधिक मकानों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है तथा 1 लाख से अधिक मकानों का निर्माण पूरा होने की उम्मीद है, जिससे 2.38 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।
- परियोजनाओं के पुनः आरंभ होने से रोजगार के 30,000 से अधिक अवसर सृजित हुए हैं और निर्माण सामग्री की मांग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।
- 15,000 करोड़ रुपये की राशि के साथ स्वामिह कोष–2 की घोषणा की गई है, जिसका उद्देश्य 1 लाख अतिरिक्त अवरुद्ध आवासीय इकाइयों को पूरा करना है।

मार्च 2023 तक, स्वामिह ने 22,500 से अधिक मकानों की डिलीवरी प्रदान की, जो कोष के कार्यान्वयन की दिशा में एक शुरूआती उपलब्धि थी। प्रगति का यह सिलसिला निरंतर जारी रहा, और दिसंबर 2025 तक 58,000 से अधिक मकानों की डिलीवरी प्रदान की गई, जो जमीनी स्तर पर कोष के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

### स्वामिह की संरचना को समझना

**स्वामिह** एक सरकार समर्थित निवेश कोष के रूप में काम करता है, जिसे विशेष रूप से अवरुद्ध आवासीय परियोजनाओं की सहायता करने के लिए बनाया गया है। यह कोष विविध निवेशकों से पूँजी एकत्रित करता है और उसको ऐसी परियोजनाओं में प्राथमिकता ऋण के रूप में वितरित करता है, जो आर्थिक रूप से तो व्यवहार्य हैं, लेकिन धन की कमी के कारण देरी का सामना कर रही हैं।

### पात्रता : स्वामिह के तहत वित्तीय सहायता पाने के मापदंड

1.पर्याप्त धन के अभाव के कारण अवरुद्ध परियोजनाएं

केवल वही परियोजनाएँ स्वामिह के तहत वित?त पोषण प्राप?त करने की पात्र हैं, जो मुख्य रूप से पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण रुकी हुई हैं या देरी का सामना कर रही हैं।

2. रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) में पंजीकृत परियोजनाएं

स्वामिह के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए सभी परियोजनाएं अनिवार्य रूप से रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण में पंजीकृत होनी चाहिए।

3. किफायती और मध्यम आय वर्ग आवास श्रेणी

स्वामिह के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने की पात्र परियोजनाएँ केवल किफायती या मध्यम आय वर्ग की आवासीय परियोजनाएं होनी चाहिए, जिन्हें ऐसी कोई भी आवासीय इकाई माना जाता है जिनका रेरा कारपेट एरिया 200 वर्ग मीटर से ज्यादा न हो और जिनकी कीमत निम्नलिखित तरह हो (जैसा लागू हो) :

- मुंबई महानगर क्षेत्र में 2 करोड़ रुपये से कम
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, चेन्नई, कोलकाता, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु और अहमदाबाद में 1.5 रुपये से कम
- शेष भारत में 1 करोड़ रुपये से कम

4. नेट-वर्थ पॉजिटिव परियोजनाएं

परियोजनाएं नेट-वर्थ पॉजिटिव होनी चाहिए, यानी ऐसी परियोजनाएँ जिनमें प्राप्तियां और बिना बिकी इकाइयों का मूल्य परियोजना स्तर पर उस परियोजना को पूरा करने की लागत और बकाया देनदारियों से अधिक हो।

5. लगभग पूरी हो चुकी परियोजनाओं को प्राथमिकता

उन परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाती है जो निर्माण के उन्नत चरण में हैं और जल्द ही पूरी होने वाली हैं।

### उपलब्धियां और कार्यान्वयन : स्वामिह ने क्या हासिल किया है

- 15 दिसंबर 2025 तक, 146 परियोजनाओं में 58,000 से अधिक आवासों का निर्माण पूरा किया जा चुका है। इनमें पुनर्वास और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के तहत 7,000 से अधिक इकाइयां शामिल हैं।
- मजबूत शासन और सक्रिय संपत्ति प्रबंधन ने स्वामिह को अपने निवेशों की वसूली सुनिश्चित करने में समर्थ बनाया है, जिससे 55 पूर्ण निकासी और 44 आंशिक निकासी संभव हुई, जो प्रभावी परियोजना समाधान को दशार्ता है।
- इस कोष ने देशभर में 146 परियोजनाओं में 49,500 करोड़ रुपये से अधिक पूंजी उपलब्ध कराई, जो 90 मिलियन वर्ग फुट से अधिक विकास क्षेत्र को कवर करती है, जिसमें 44% हिस्सा निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग आवास के लिए समर्पित है।
- इन हस्तक्षेपों से 30,000 से अधिक कुशल और अकुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।
- कोष की गतिविधियों से जीएसटी, सरकारी बकाया और स्टांप ड्यूटी संग्रह के माध्यम से केंद्र और राज्यों को अनुमानित 6,900 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व प्राप्त हुआ।
- रुकी परियोजनाओं के पुनः आरंभ होने से निर्माण सामग्री की मांग भी बढ़ी, जिसमें 20 लाख टन से अधिक सीमेंट और 5.5 लाख मीट्रिक टन स्टील शामिल हैं।
- स्थिरता के प्रयासों के परिणामस्वरूप 1.06 लाख से अधिक पेड़ लगाए गए, जिससे परियोजना स्थलों के हरित आवरण में वृद्धि हुई है।
- निवेश की गई लगभग 50% पूंजी पहले ही निवेशकों को लौटा दी गई है, जो वित्तीय विवेक के साथ ही साथ सामाजिक प्रभाव बनाए रखने की इस कोष की योग्यता को भी दशार्ता है।
- भारत सरकार द्वारा स्वामिह परियोजनाओं में अब तक किए गए लगभग 7,000 करोड़ रुपये के निवेश में से लगभग 3,500 करोड़ रुपये पहले ही वसूला और सरकार को लौटाया जा चुका है, जो कोष की वित्तीय स्थिरता को दर्शाता है।

### स्वामिह की कार्रवाई : घर उपलब्ध कराना और विश्वास बहाल करना

**स्वामिह** का सबसे स्पष्ट प्रभाव उन परियोजनाओं में देखा गया है जो लंबे समय अवरुद्ध थीं और स्वामिह की मदद से समय पर पूरी हुईं, जिससे हजारों परिवारों को उनके आशियाने मिले और साथ ही वित्तीय अनुशासन और बाजार में विश्वास भी बनाए रखा गया। सफलता की कुछ ऐसी ही कहानियों का विवरण नीचे दिया गया है।

**एसएस लीफ गुरुग्राम**

एसएस लीफ गुरुग्राम में स्थित एक आवासीय परियोजना है, जिसमें 670 इकाइयां शामिल हैं। यह परियोजना 2012 में शुरू हुई थी, लेकिन नकदी प्रवाह के असंतुलन और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) संकट के कारण लगभग पांच साल तक विलंबित रही।

स्वामिह ने तेजी से निर्माण पूरा करने के लिए सितंबर 2020 में इस परियोजना में निवेश किया। इसके परिणामस्वरूप, परियोजना को जून 2022 तक पूर्ण अधिभोग प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया।

**प्रभाव और परिणाम**

- निवेश के लगभग 2 वर्षों के भीतर परियोजना पूरी हो गई
- 62 नयी इकाइयां बेची गईं, और लगभग 164 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की गई
- विक्रेता बकाया और मजदूरों के वेतन नियमित किए गए
- कुल 670 खरीदारों को उनके आवासों का कब्जा मिल गया।

**मंत्री सेरेनिटी, बेंगलुरु**

बेंगलुरु में स्थित मंत्री सेरेनिटी मध्यम आय वर्ग की विशाल आवासीय परियोजना है, जिसमें लगभग 1,800 आवासीय इकाइयां शामिल हैं। यह परियोजना 2011 में शुरू हुई थी, लेकिन धन की कमी, धीमी बिक्री और नकदी के कमजोर प्रवाह के कारण लगभग तीन से चार साल तक विलंबित रही। इस परियोजना को पूरा करने के लिए स्वामिह ने सितंबर 2020 में इसमें निवेश किया। महामारी के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद, परियोजना कड़ी निगरानी और सक्रिय प्रबंधन की बदौलत लगातार प्रगति करती रही।

**प्रभाव और परिणाम**

- निवेश के लगभग 4 वर्षों के भीतर परियोजना पूरी हो गई
- लगभग 350 नई इकाइयाँ बेची गईं, जिससे लगभग 450 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की गई

ड्ठ ठेकेदारों और विक्रेताओं के बकाया भुगतान किए गए; कर्मचारियों का वेतन नियमित किया गया

- संपत्ति प्रबंधन के दौरान कानूनी और नियामक चुनौतियों को हल किया गया
- अप्रैल 2024 तक 230 करोड़ रुपये का पूर्ण पुनर्भुगतान प्राप?त किया गया
- कुल 1,800 घर खरीदारों को उनके मकानों का कब्जा उपलब्ध कराया गया।

**एलीट एकर्स, चेन्नई**

एलीट एकर्स चेन्नई में स्थित एक आवासीय परियोजना है, जिसमें 249 इकाइयाँ हैं। यह परियोजना 2017 में शुरू हुई थी, लेकिन अनुमति में देरी, एनबीएफसी संकट और इसके ऋण का एनपीए में बदलना जैसी समस्याओं के कारण दो साल से अधिक विलंबित रही।

### निष्कर्ष : भारत के आवासीय भविष्य में स्वामिह की भूमिका

**स्वामिह** केवल एक वित्तीय साधन नहीं है, बल्कि एक लक्षित नीतिगत उपकरण है, जो वित्तीय बाजारों, नियामक ढाँचों और सामाजिक आवश्यकताओं के बीच सेतु का काम करता है। व्यवस्थित ऋण वित्तपोषण, कड़े पात्रता मानदंड और पेशेवर वित?तीय प्रबंधन के जरिए इस पहल ने-परियोजनाओं को पूरा करने, निर्माण गतिविधियों को पुनः शुरू करने और घर खरीदारों में विश्वास बहाल करने जैसे स्पष्ट परिणाम दिए हैं। जिस प्रकार स्वामिह कोष-2 शुरू किया जा रहा है, भारत सरकार किफायती और मध्यम आय वर्ग के आवास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है, और परिष्कृत नीतिगत उपकरणों का उपयोग करके देश के सबसे आवश्यक क्षेत्रों में संरचनात्मक चुनौतियों को दूर करने का प्रयास कर रही है।

# भारतीय महिलाओं में बढ़ा क्रिकेट का क्रेज, 2020 के मुकाबले भागीदारी दोगुनी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारत में महिलाओं के बीच क्रिकेट का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। एक हालिया सर्वे के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में देश के कई राज्यों में महिलाओं की क्रिकेट में भागीदारी लगभग दोगुनी हो गई है। बीबीसी ऑस्ट्रेलिया कलेक्टिव न्यूज रूम द्वारा कराए गए इस सर्वे में 10 हजार से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 में जहां केवल 5 प्रतिशत महिलाओं ने क्रिकेट खेलने की बात कही थी, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर करीब 10 प्रतिशत तक पहुंच गया है। युवा वर्ग में क्रिकेट के प्रति उत्साह और भी अधिक देखा जा रहा है। 15 से 24 वर्ष की आयु वर्ग की लगभग 16 प्रतिशत लड़कियां अब क्रिकेट खेल रही हैं, जबकि 2020 में यह आंकड़ा केवल 6 प्रतिशत था। इतना ही नहीं, इसी आयु वर्ग की हर चार में से एक लड़की खेल को अपने करियर के रूप में अपनाने के बारे में सोच रही है। इससे यह संकेत मिलता है कि आने वाले समय में महिला क्रिकेट में प्रतिभाओं की संख्या और बढ़ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम



की हालिया उपलब्धियों ने भी लड़कियों को खेल की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारत ने हाल ही में महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचा। फाइनल मुकाबले में भारत ने साउथ अफ्रिका को 52 रन से हराया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली दीप्ति शर्मा को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। टीम की इस सफलता का असर देशभर की लड़कियों में देखने को मिल रहा है। सर्वे में यह भी सामने आया कि महिलाओं के बीच क्रिकेट अब पारंपरिक खेल कबडडी से भी आगे निकल चुका है। वर्ष 2020 में दोनों खेलों के बीच लोकप्रियता का अंतर बहुत कम था, लेकिन अब क्रिकेट महिलाओं के बीच सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल बनता जा रहा है। राज्यों के स्तर पर भी भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है ।उतर प्रदेश में 2020 में जहां केवल 1 प्रतिशत महिलाएं क्रिकेट खेलती थीं, अब यह संख्या बढ़कर 10 प्रतिशत तक पहुंच गई है। वहीं 15-24 आयु वर्ग की 26 प्रतिशत लड़कियां खेल को करियर के रूप में देख रही हैं। तमिलनाडु में यह आंकड़ा 27 प्रतिशत जबकि मध्य प्रदेश मेघालय में 19-19 प्रतिशत दर्ज किया गया है। सर्वे के मुताबिक पंजाब, आंध्र प्रदेश, ऑस्ट्रेलिया, तेलंगाना में बैडमिंटन में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं अब भी एक बड़ी बाधा बनी हुई हैं। जो महिलाएं किसी खेल में हिस्सा नहीं लेतीं, उनमें से लगभग 13 प्रतिशत ने सुरक्षा को इसका प्रमुख कारण बताया है। कुल मिलाकर, बढ़ती उपलब्धियों, बेहतर अवसरों और जागरूकता के कारण भारत में महिलाओं का रुझान खेलों, खासकर क्रिकेट की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में यह संख्या और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## एक झलक

### वॉन बोले दक्षिण अफ्रीका की बेवकूफी से भारतीय टीम ने जीता टी20 विश्वकप

**लंदन :** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन भारतीय टीम के टी20 विश्वकप जीतने से इतने अधिक भड़के हुए हैं कि उन्होंने इसके लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम की बेवकूफी को जिम्मेदार बताया है। वॉन के अनुसार दक्षिण अफ्रीका अगर गलती नहीं करती तो भारतीय टीम को खिताब नहीं मिलता। गौरतलब है कि टी20 विश्व कप के पहले सुपर-8 में भारतीय टीम को अफ्रीकी टीम के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। इससे भारतीय टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाएं भी काफी कम हो गयीं थीं। भारतीय टीम ने हालांकि इसके बाद जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल ही नहीं फाइनल भी जीता। वॉन इसी कारण दक्षिण अफ्रीकी कप्तान ऐडन मार्करम पर अपनी नाराजगी निकाल रहे हैं।
वॉन ने कहा, विश्वकप की सबसे बेवकूफ टीम दक्षिण अफ्रीका निकल। अगर वह सुपर-8 मैच में वेस्टइंडीज से हार गयी होती तो भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचती ही नहीं। उस मैच में उन्होंने वेस्टइंडीज को जीतने दिया होता, तो भारतीय टीम बाहर हो जाती।उस मैच को जीतकर उन्होंने भारतीय टीम को एक अवसर और दे दिया।
वॉन का मानना है कि टूनार्मेट की, जो भी मजबूत टीम हो उसे पहले ही बाहर कर देना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका के पास ऐसा करने का अवसर था पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद जिम्बाब्वे को 72 रनों से हराया और फिर वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके बाद सेमीफाइनल में इंग्लैंड को हराया और फिर फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीता। वॉन ने टीमों को सुझाव दिया है।

### अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने पूर्व महासचिव कुशल दास के निधन पर जताया शोक

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ(एआईएफएफ) ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कुशल दास का शुक्रवार को 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट रहे कुशल दास को खेल प्रबंधन और प्रशासन का व्यापक अनुभव था। अपने शुरूआती पेशेवर जीवन में उन्होंने प्राइसवाटरहाउसकूपर्स, ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन और शेल जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ काम किया। वर्ष 1996 में वे वैश्विक खेल विपणन और टेलीविजन निर्माण कंपनी आईएमजी में मुख्य वित्त अधिकारी के रूप में जुड़े, जब कंपनी ने भारतीय बाजार में प्रवेश किया। बाद में उन्होंने दुबई स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में भी मुख्य वित्त अधिकारी के रूप में कार्य किया। नवंबर 2010 में कुशल दास ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव का पद संभाला और वर्ष 2022 तक एक दशक से अधिक समय तक इस पद पर रहे। उनके कार्यकाल के दौरान भारतीय फुटबॉल में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए और खेल के विकास को नई दिशा मिली। उनके कार्यकाल में भारत ने वर्ष 2017 में फीफा अंडर-17 विश्व कप की सफल मेजबानी की ।

# स्वितोलिना ने स्वियातेक को हराया, पहुंची सेमीफाइनल में

**एजेंसी**

**मैक्सिको सिटी :** यूक्रेन की स्टार टेनिस खिलाड़ी एलीना स्वितोलिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं विश्व नंबर एक आर्यना साबालेंका भी क्वार्टरफाइनल जीतकर अंतिम चार में पहुंच गईं। मैच की शुरूआत में स्वियातेक लय में नहीं दिखीं और उन्होंने पांच डबल फॉल्ट किए। इसका फायदा उठाते हुए स्वितोलिना ने तीन बार सर्विस ब्रेक करते हुए मात्र 38 मिनट में पहला सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में स्वियातेक ने शानदार वापसी की और मुकाबले को निर्णायक सेट तक पहुंचाया। हालांकि तीसरे सेट में स्वितोलिना




ने एकमात्र सर्विस ब्रेक हासिल कर बढ़त बना ली और आत्मविश्वास के साथ मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। जीत के बाद स्वितोलिना ने कहा कि यह मुकाबला बेहद कठिन था और स्वियातेक हमेशा उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए मजबूर करती हैं। उन्होंने बताया कि सात साल बाद इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर वह बेहद खुश हैं। महिला वर्ग में शीर्ष वरीय आर्यना साबालेंका ने कनाडा की 19 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको को 7-6 (0), 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले सेट के टाईब्रेक में साबालेंका ने बिना कोई अंक गंवाए जीत दर्ज की। अब साबालेंका का सामना चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा से होगा। नोस्कोवा ने ऑस्ट्रेलिया की क्वालीफायर तालिया गिब्सन को 6-2, 4-6, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल वर्ग में जर्मनी के चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से हराया। अब उनका सामना इटली के विश्व नंबर दो खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा, जिन्होंने अमेरिका के लर्नर टियन को 6-1, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## आईआईटी दिल्ली के खेल महोत्सव में गलगोटियास विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम ने जीता रजत पदक




**एजेंसी**

**ग्रेटर नोएडा :** गलगोटियास विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली की ओर से आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में गलगोटियास विश्वविद्यालय की टीम ने बेहतरीन खेल, रणनीति और मजबूत टीम भावना का प्रदर्शन किया। टीम के खिलाड़ियों ने पूरे टूनार्मेंट के दौरान समर्पण, सामूहिकता, कौशल और दृढ़ता का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। मुकाबलों के दौरान टीम के प्रत्येक खिलाड़ी ने अपने जज्बे और मेहनत से यह साबित किया कि कड़ी मेहनत, निष्पक्ष खेल और बेहतर तालमेल से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में कुछ खिलाड़ी चोटिल भी हुए, लेकिन इसके बावजूद टीम ने एकजुट होकर चुनौती का सामना किया और खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। टीम की सफलता का मुख्य कारण खिलाड़ियों का सामूहिक प्रदर्शन रहा। खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत प्रदर्शन के बजाय एक टीम के रूप में खेलते हुए एक-दूसरे का लगातार उत्साह बढ़ाया और सहयोग किया। इस प्रतियोगिता में जीत के साथ-साथ खिलाड़ियों के बीच आपसी सम्मान, खेल के प्रति उत्साह और खेल भावना का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। विश्वविद्यालय ने अपने युवा खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर के मंच पर संस्थान का नाम रोशन किया।

## रांची में विमेंस अंडर 23 होगे नॉक आउट मुकाबले

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची में 15 मार्च से 22 मार्च तक बीसीसीआई द्वारा आयोजित विमेंस अंडर 23 के नॉक आउट मुकाबले खेले जाएंगे। जिसमें 10 टीमें रांची आ रही जिसमें तमिल नाडु, आंध्र, पंजाब, दिल्ली, मुंबई, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, बंगाल, मध्य प्रदेश और कर्नाटक शामिल है।15 मार्च को पहला प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला तमिल नाडु और आंध्र के बीच जेएससीए स्टेडियम में वही दूसरा प्री क्वार्टर फाइनल मध्यप्रदेश और बंगाल के बीच ऊषा मार्टिन यूनिवर्सिटी ग्राउंड में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला 22 मार्च को जेएससीए स्टेडियम में खेला जाएगा। टीमें 13 और 14 मार्च को नेट प्रैक्टिस करेंगी। मैच संचालित करने के लिए बीसीसीआई द्वारा नियुक्त मैच ऑफिशियल, अंपायर, मैच रेफरी और वैन्यू मैनेजर रांची आ चुके है। जेएससीए ने इस टूर्नामेंट को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए सभी तैयारियां कर ली है। कल दोनों ग्राउंड का निरीक्षण मैच रेफरी और बीसीसीआई के वैन्यू इंचार्ज के द्वारा किया जाएगा।

## आईपीएल 2026: नयी टीम के साथ कुछ नया बनाने की कोशिश करेंगे : ऋषभ पंत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के नए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कप्तान पंत ने कहा कि सभी को एक-दूसरे से सीखते हुए इस सीजन के लिए कुछ नया बनाने की कोशिश करनी चाहिए। एलएसजी की ओर से साझा किए गए एक वीडियो में पंत ने नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि टीम में पिछले साल के कई खिलाड़ी मौजूद हैं, जबकि कुछ नए चेहरे भी जुड़े हैं। ऐसे में सभी को आपस में बेहतर तालमेल बनाकर आगे बढ़ना होगा। पंत ने कहा, हम सबको यहां मौजूद हर खिलाड़ी से



जितना संभव हो उतना सीखने की कोशिश करनी चाहिए। अगर हम क्रिकेट के बारे में बातचीत नहीं करेंगे तो सुधार भी नहीं कर पाएंगे। इस सीजन के लिए हमें मिलकर कुछ बेहतर बनाने की कोशिश करनी होगी। पिछले दिसंबर में हुए मिनी ऑक्शन में लखनऊ ने कई नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। इनमें श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर वानिन्दु हसरंगा, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नाट्र्जे, मुकुल चौधरी, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी और ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश शामिल हैं। इसके अलावा टीम ने ट्रेड के जरिए अर्जुन तेंदुलकर और भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी अपने साथ जोड़ा है। पंत की अगुवाई में पिछले सीजन में लखनऊ का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। टीम ने लीग चरण में केवल छह मैच जीते और अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। हालांकि आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पंत ने नाबाद 118 रन की शानदार पारी खेली थी, लेकिन टीम को इसका फायदा नहीं मिल सका।

## एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 मे हैदराबाद, तेलंगाना ने क्वालीफायर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इटली के साथ चल रहा है , गोंडवाना खेल छात्रावास सिमडेगा के उभरते हुए हॉकी खिलाड़ियों को मैच प्रसारण को दिखलाने के प्रोजेक्टर की व्यवस्था की गई। यह है कि इस मैच में भारतीय महिला टीम में सिमडेगा की सलीमा टेटे और ब्यूटी डुंगडुंग एवम खूंटी जिला की निक्की प्रधान खेल रही है। इस तरह अपने दीदियों का मैच देखकर उनसे प्रेरणा ले सकते है । 100 से अधिक उभरते हुए खिलाड़ियों के साथ ही बैठकर हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी और कमलेश्वर मांझी भी मैच देख रहे है, और भारत के एक खिलाड़ियों के विषय में जानकारी भी दे रहे है, पिछले माह राउरकेला में आयोजित FIH प्रो लीग में भी सिमडेगा जिला 200 से खिलाड़ियों ने स्टेडियम पहुंचकर अंतर्राष्ट्रीय मैचों को देखकर देशी विदेशी खिलाड़ियों के तकनीकी से रूबरू हुए थे।

## खो-खो इवेंट में सीआईएस ने जीते दो स्वर्ण

**एजेंसी**

**जम्मू :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने ऑल इंडिया पुलिस कबड्डी क्लस्टर 2025-26 (खो-खो इवेंट) के दूसरे एडीशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। यह प्रतियोगिता 7 मार्च से 12 मार्च तक ग्रीन फील्ड ग्राउंड, गांधी नगर, जम्मू में आयोजित की गई थी । इस प्रतियोगिता में 18 पुरुष टीमों और 15 महिला टीमों ने भाग लिया, जिनमें राज्य पुलिस बल और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल जैसे आईटीबीपी, एसएसबी और सीआईएसएफ शामिल थे। लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में आयोजित इस टूनार्मेंट में रोमांचक




मैच हुए और पुलिस खेल व्यक्तियों के बीच उच्च स्तर की एथलेटिक क्षमता का प्रदर्शन किया गया। पुरुष श्रेणी में, सीआईएसएफ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र ने सिल्वर पदक हासिल किया। कर्नाटक ने ब्रॉन्ज पदक जीता, और तेलंगाना ने संयुक्त ब्रॉन्ज पदक हासिल किया। महिला श्रेणी में भी सीआईएसएफ ने प्रतियोगिता में दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र ने सिल्वर पदक हासिल किया, जबकि तमिलनाडु ने ब्रॉन्ज पदक जीता और पंजाब ने संयुक्त ब्रॉन्ज पदक हासिल किया। इस टूनार्मेंट में सीआईएसएफ टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली खो-खो विश्व कप स्टार मीनू ने अपनी टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊंचा हो गया। यह आयोजन जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा आनंद जैन, आईपीएस, एडीजी आर्म्ड जम्मू-कश्मीर की देखरेख में किया गया था और इसका उद्घाटन पूर्व डीजीपी अशोक भान ने किया था। इस प्रतियोगिता ने देश भर के पुलिस बलों के एथलीटों को कबड्डी, खो-खो, फेंसिंग और जिमनास्टिक में भाग लेने के लिए एक साथ लाया गया।



स्लोवेनिया में यूईएफए कांफ्रेस लीग फुटबॉल मैच में खेलते हुए एनके सिलजी और एईके एथेंस के खिलाड़ी।

# पोल वॉल्ट में आर्मंड डुप्लांटिस ने 15वीं बार तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

**एजेंसी**

**उप्साला (स्वीडन) :** स्वीडन के स्टार पोल वॉल्टर आर्मंड डुप्लांटिस ने गुरुवार को एक बार फिर इतिहास रचते हुए पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड 15वीं बार तोड़ दिया। उन्होंने उप्साला में आयोजित प्रतियोगिता में 6.31 मीटर की शानदार छलांग लगाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। 26 वर्षीय डुप्लांटिस ने यह ऊंचाई अपने पहले ही प्रयास में पार कर ली। इससे पहले उन्होंने 5.65 मीटर, 5.90 मीटर और 6.08 मीटर की ऊंचाई भी पहले प्रयास में ही पार की। इसके बाद उन्होंने बार को सीधे 23 सेंटीमीटर बढ़ाकर विश्व रिकॉर्ड ऊंचाई 6.31 मीटर कर



दिया और पहली ही कोशिश में इसे पार कर लिया। डुप्लांटिस 2020 में 6.17 मीटर की छलांग लगाने के बाद से ही इस रिकॉर्ड के मालिक बने हुए हैं और लगातार इसे बेहतर करते आ रहे हैं। यह दूसरी बार है जब उन्होंने स्वीडन की धरती पर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले उन्होंने जून 2025 में स्टॉकहोम में 6.28 मीटर की छलांग लगाई थी। रिकॉर्ड बनाने के बाद डुप्लांटिस ने दर्शकों से कहा कि अपने देश में यह उपलब्धि हासिल करना उनके लिए बेहद खास है। उन्होंने कहा कि वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए और स्वीडन के लोगों के लिए कूदते हैं। प्रतियोगिता में नॉर्वे के सोंद्रे गुट्टोरम्सेन 6.00 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं ग्रीस के इमैनुएल करालिस 6.00 मीटर की ऊंचाई पार करने में तीनों प्रयासों में असफल रहे। अब डुप्लांटिस के पास मार्च के अंत में पोलैंड के तोरुन में होने वाली वर्ल्ड इनडोर चैंपियनशिप में अपने इस नए विश्व रिकॉर्ड को और बेहतर करने का मौका होगा।

## पीएसएल में कोचिंग के लिए ल्यूक रोंची और जैकब ओरम को मिली मंजूरी, न्यूजीलैंड टीम के असाइनमेंट से रहेंगे दूर



**वेलिंगटन :** ल्यूक रोंची और जैकब ओरम को न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 2026 के पाकिस्तान सुपर लीग में कोचिंग जिम्मेदारी निभाने के लिए अवकाश दे दिया है। यह टूर्नामेंट 26 मार्च से शुरू होगा। रोंची इस दौरान इस्लामाबाद यूनाइटेड के मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे, जबकि ओरम टीम के सहायक कोच के तौर पर उनके साथ काम करेंगे। पीएसएल मई की शुरूआत तक चलेगा, इसलिए दोनों कोच न्यूजीलैंड टीम की आगामी दक्षिण अफ्रीका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के खिलाफ घरेलू श्रृंखला और बांग्लादेश राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के दौरे में शामिल नहीं हो पाएंगे।

### बोर्ड ने फैसले का किया समर्थन

**न्यूजीलैंड** क्रिकेट के प्रदर्शन प्रबंधक माइक सैंडल ने कहा कि बोर्ड रोंची और ओरम को यह अवसर लेने के लिए पूरा समर्थन दे रहा है। उन्होंने कहा, यह ल्यूक और जैक के लिए अपने कोचिंग अनुभव को आगे बढ़ाने और न्यूजीलैंड के माहौल से बाहर अपने कौशल को विकसित करने का शानदार मौका है।

## सूर्यकुमार ने टी20 विश्वकप जीतने में मिले सहयोग के लिए प्रशंसकों का जताया आभार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम की जीत में सभी देशवासियों के समर्थन की बड़ी भूमिका रही है। सूर्या के अनुसार ये ट्रॉफी हर भारतीय की है और इससे हासिल करने के दौरान प्रशंसकों से मिले सहयोग के लिए हम उनका आभार वयक्त करते हैं। उन्होने कहा कि ये खिताब उन प्रशंसकों को समर्पित है जो पूरे टूनार्मेंट में टीम के साथ खड़े रहे। सूर्यकुमार ने अपने भावुक संदेश में कहा, प्रशंसकों के अटूट समर्थन के बिना ये संभव नहीं था। इसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वीडियो में सूर्यकुमार ने कहा, प्रिय टीम इंडिया प्रशंसकों, सबसे पहले, दिल से आभार। हम आपके समर्थन और आशीर्वाद की वजह से जीते हैं। यह विश्व कप ट्रॉफी पूरे भारत की है। कप्तान ने कहा कि इस जीत से देश भर के क्रिकेट प्रेमियों का सपना पूरा हुआ है। जब हम जीतते हैं, तो यह सिर्फ हमारी जीत नहीं होती। यह उन बच्चों का सपना होता है जो बल्ले और गेंद के साथ बड़े होते हैं और देश के लिए खेलने का सपना देखते हैं। यह उन प्रशंसकों के लिए है जो स्टेडियम भर देते हैं और उन्हें घर जैसा महसूस कराते हैं। उन लाखों लोगों के लिए जो अपने घरों से हमारा समर्थन करते हैं।

# पश्चिम एशिया संकट समेत विभिन्न कारणों से शेयर बाजार में कोहराम

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। पश्चिम एशिया में जारी संकट की वजह से बाजार लगातार दबाव का सामना कर रहा है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अमेरिका-इजराइल तथा ईरान के बीच जारी जंग की वजह से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर संकट बढ़ता नजर आने लगा है। दुनिया भर में निवेशकों ने शेयर बाजार से अपना पैसा निकाल कर डॉलर या ट्रेजरी बॉन्ड जैसे सेफ इन्वेस्टमेंट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करना शुरू कर दिया है, जिसकी वजह से दुनिया के ज्यादातर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख बना हुआ है। इसका असर भारत के शेयर बाजार पर भी साफ-साफ नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी जंग के लंबा खिंचने के संकेत की वजह से दुनिया भर के शेयर बाजार में चिंता का माहौल बना हुआ है। इस सप्ताह सेंसेक्स में करीब 4.5 प्रतिशत और निफ्टी में लगभग 4.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। ये दिसंबर 2024 के बाद घरेलू शेयर बाजार की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट होने का संकेत दे रही है। खुराना सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ रवि चंदर खुराना का कहना है कि पश्चिम एशिया संकट की वजह से कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी, कमजोर ग्लोबल संकेतों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने घरेलू शेयर बाजार के आज के काम पर काफी असर डाला। इसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक धराशायी हो



गए। ईरान द्वारा दो ऑयल टैंकर पर हमला करने की खबर के बाद हॉर्मुज स्टेट के जरिए क्रूड ऑयल की सप्लाई पूरी तरह से बाधित होने की आशंका बन गई है। इसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड आज उछल कर 102.64 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि भारतीय समय के मुताबिक शाम 6 बजे ब्रेंट क्रूड 99.06 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी आज 98.09 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंचने के बाद शाम 6 बजे तक 93.53 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया था। कच्चे तेल की कीमत में आई इस तेजी से भारत समेत दुनिया भर में इन्वेस्टर्स सेंटीमेंट्स पर नकारात्मक असर पड़ा है। इसी तरह ग्लोबल मार्केट से भी आज कमजोर संकेत मिले। एशियाई बाजार में आज चौतरफा बिकवाली होती रही। अमेरिकी और यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। बिकवाली के दबाव में डाउ जॉन्स साल 2026 में पहली बार 47 हजार अंक के नीचे पहुंच कर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक और एसएंडपी 500 इंडेक्स में भी तेज गिरावट दर्ज की गई। कमजोर ग्लोबल संकेतों ने भी भारतीय बाजार पर दबाव बनाने का काम किया। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की ओर से लगातार जारी बिकवाली ने भी घरेलू शेयर बाजार पर दबाव बनाया हुआ है। विदेशी निवेशकों ने अभी तक घरेलू शेयर बाजार से 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशक लगातार खरीदारी कर बाजार को सहारा देने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बावजूद विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने मार्केट सेंटीमेंट्स पर काफी बुरा असर डाला है। बाजार में आई आज की गिरावट के संबंध में टीएनवी फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ तारकेश्वर नाथ वैष्णव का कहना है कि वैश्विक दबाव की वजह से रुपये में लगातार जारी गिरावट ने भी शेयर बाजार पर निगेटिव असर डाला है। विदेशी निवेशकों की बिकवाली, डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की ऊंची कीमत के कारण रुपये पर लगातार दबाव बना हुआ है। रुपये की कमजोरी की वजह से इंपोर्ट कॉस्ट में भी बढ़ोतरी होने की आशंका बन गई है, जिससे महंगाई बढ़ने का खतरा भी बन गया है। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजार में आज मेटल, बैंकिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर में हुई जोरदार बिकवाली ने भी मार्केट सेंटीमेंट्स पर निगेटिव इंपैक्ट डाला। ऑटोमोबाइल सेक्टर में हुई बिकवाली के कारण निफ्टी का ऑटो इंडेक्स आज 3.5 प्रतिशत टूट गया। इसी तरह बीएसई के मेटल इंडेक्स ने आज 4.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। वहीं, बैंकिंग इंडेक्स में आज 2.44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इन तीनों सेक्टर्स में आई जोरदार गिरावट ने शेयर बाजार के पूरे कारोबार को प्रभावित किया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक ओवरऑल बड़ी गिरावट का शिकार हो गए।

## एक झलक

### पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटा

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह मार्च को समाप्त हफ्ते में 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि छह मार्च को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 9.88 अरब डॉलर घटकर 563.24 अरब डॉलर रह गईं। स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.61 अरब डॉलर घटकर 130.01 अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक ने आंकड़ों में बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 14.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.72 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 4.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.82 अरब डॉलर रह गया।

### भारत ने असम के जीआई टैग वाले जोहा चावल का निर्यात ब्रिटेन-इटली को किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने असम से भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग वाले 'जोहा चावल' की अपनी पहली खेप ब्रिटेन और इटली को निर्यात की है, जिसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में स्वदेशी कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे पहले यह चावल मध्य पूर्वी देशों कुवैत, बहरीन, कतर, ओमान और सऊदी अरब को निर्यात किया गया था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी दी कि कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने ब्रिटेन और इटली को असम सरकार के कृषि विभाग के सहयोग से 12 मार्च को यह खेप रवाना की है। भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग वाले 25 मीट्रिक टन (एमटी) जोहा चावल की यह खेप भेजी गई है। यह निर्यात एपीडा में पंजीकृत कोलकाता की फर्म सेफ एग्रीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। जोहा चावल की पहली खेप की प्रोसेसिंग और पैकिंग असम के गुवाहाटी स्थित प्रतीक एग्रो फूड प्रोसेसिंग में की गई है। मंत्रालय ने कहा कि असम की पैदावार सुगंधित जोहा चावल को 2017 में भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त हुआ। अपनी विशिष्ट सुगंध, महीन दानेदार बनावट और समृद्ध स्वाद के लिए जाना जाने वाला यह चावल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रीमियम बाजारों में पहचान अर्जित कर रहा है। असम में लगभग 21,662 हेक्टेयर क्षेत्र में जोहा चावल की खेती की जाती है, जिसका वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान अनुमानित उत्पादन लगभग 43,298 मीट्रिक टन है। प्रमुख उत्पादक जिलों में नागांव, बक्सा, गोलपारा, शिवसागर, माजुली, चिरांग और गोलाघाट शामिल हैं। असम सरकार के कृषि मंत्री अतुल बोरा ने असम सरकार की कृषि उत्पादन आयुक्त अरुणा राजोरिया (आईएएस), एआरआईएएस सोसाइटी के राज्य परियोजना निदेशक वीरेंद्र मित्तल (आईएएस), असम सरकार के कृषि निदेशक डॉ. उदय प्रवीण (आईएएस), एपीईडीए के अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, पादप संगरोध विभाग, कृषि विभाग और एपीईडीए क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी के अधिकारियों की उपस्थिति में निर्यात खेप को झंडी दिखाकर रवाना किया।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने रामगढ़ झारखंड में सड़क सुरक्षा सीखने की पहल शुरू की

**रामगढ़ :** सुरक्षित और जिम्मेदार सड़क उपयोग को बढ़ावा देने के अपने लगातार प्रयासों के तहत होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने झारखंड के रामगढ़ में एक संगठित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल में मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, महर्षि परमहंस कॉलेज और डॉ. एस. राधाकृष्णन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम ने रोजमर्रा के ट्रैफिक से जुड़ी जागरूकता को एक रोचक और सीखने योग्य अनुभव में बदल दिया।अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता सत्र, रोचक खेल, प्रश्नोत्तरी और परिस्थितियों पर आधारित चर्चाएँ आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य प्रतिभागियों को सुरक्षा के सिद्धांतों



को वास्तविक जीवन की स्थितियों से जोड़कर समझाना था। इस पहल में करके सीखने के तरीके पर विशेष जोर दिया गया, ताकि सभी युवा प्रतिभागी सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता के रूप में अपनी भूमिका से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को आसानी से समझ सकें। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की भारत में सड़क दुर्घटनाएँ 2023 रिपोर्ट, के अनुसार झारखंड में वर्ष 2023 के दौरान कुल 5,315 सड़क दुर्घटनाएँ दर्ज की गईं। ये आंकड़े बताते हैं कि पूरे झारखंड में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए जागरूकता आधारित सीख और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना बेहद आवश्यक है।सभी प्रतिभागियों ने सत्रों में उत्साह के साथ भाग लिया। इन गतिविधियों ने उन्हें यह समझने के लिए प्रेरित किया कि सुरक्षित विकल्प अपनाने से उनके आसपास की सड़कों को कैसे अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है।

## आज भी खुला रहेगा शेयर बाजार, बीएसई और एनएसई पर होगी ट्रेडिंग

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में कल शनिवार का दिन होने के बावजूद ट्रेडिंग चालू रहेगी। बीएसई और एनएसई द्वारा जारी किए गए सर्कुलर के अनुसार शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश होने के बावजूद मॉक ट्रेडिंग सेशन के लिए दोनों स्टॉक एक्सचेंज में कल कारोबार होगा। इस सर्कुलर के अनुसार मॉक ट्रेडिंग सेशन स्टॉक एक्सचेंज की प्राइमरी साइट (पीआर) और डिजास्टर रिकवरी साइट (डीआर) दोनों पर किया जाएगा। स्टॉक एक्सचेंज के सर्कुलर में बताया गया है कि कल बीएसई और एनएसई पर इक्विटी सेगमेंट, कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट, करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट और इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट सेगमेंट में मॉक ट्रेडिंग सेशन का आयोजन किया जाएगा।

# इंडिगो भी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लगायेगी फ्यूल सरचार्ज

**नयी दिल्ली :** एयर इंडिया के बाद इंडिगो ने भी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज लगाने का ऐलान किया है। यह सरचार्ज 14 मार्च को रात 12 बजकर 1 मिनट से प्रभावी होगा। देश की प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने शुक्रवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज लागू करने की घोषणा की है। एयरलान ने कहा कि यह सरचार्ज पश्चिम एशियाई क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच लगाया जा रहा है, जिसके चलते दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इंडिगो ने बताया कि 14 मार्च से उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज लागू किया जाएगा। यह शुल्क प्रत्येक सेक्टर पर टिकट कीमत में जोड़ा जाएगा। कंपनी ने कहा कि




पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण ईंधन कीमतों में तेज वृद्धि के चलते यह कदम उठाया गया है। कंपनी ने जारी एक बयान में कहा कि यह फ्यूल सरचार्ज 14 मार्च को रात 12 बजकर 1 मिनट से प्रभावी होगा। घरेलू भारत और भारतीय उपमहाद्वीप के मार्गों पर प्रति सेक्टर 425 रुपये का अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। इंडिगो ने कहा कि मध्य पूर्व के मार्गों पर यह शुल्क 900 रुपये रहेगा। दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन के मार्गों पर 1800 रुपये तथा अफ्रीका और पश्चिम एशिया के मार्गों पर भी 1800 रुपये का फ्यूल चार्ज लगाया जाएगा। यूरोप के लिए प्रति सेक्टर 2300 रुपये का अतिरिक्त शुल्क निर्धारित किया गया है। कंपनी ने कहा कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल विमानन कंपनियों के संचालन खर्च का बड़ा हिस्सा होता है। ईंधन कीमतों में अचानक और तेज वृद्धि से संचालन लागत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। कंपनी ने यह भी कहा कि ग्राहकों पर अधिक भार न पड़े, इसलिए अपेक्षाकृत कम फ्यूल चार्ज लगाया गया है। स्थिति के अनुसार भविष्य में इसमें आवश्यक बदलाव किए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जेट फ्यूल मॉनिटर के अनुसार पश्चिम एशिया क्षेत्र में जेट फ्यूल की कीमतों में 85 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे वैश्विक विमानन उद्योग की लागत पर दबाव बढ़ा है।

# हिम्मत और सच की दमदार कहानी है 'भक्षक'



मुंबई सच को दबाया जा सकता है, पर मिटाया नहीं जा सकता., यह एक दमदार लाइन है, जो फिल्म 'भक्षक' की पूरी भावना को समेट लेती है। एक ऐसी फिल्म, जो खामोशी पर सवाल उठाती है और सच के लिए खड़े होने के साहस को उजागर करती है। अब इस रोमांचक और विचारोत्तेजक कहानी को टेलीविजन पर लाते हुए एंड पिक्चर्स पेश कर रहा है भक्षक का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 14 मार्च को रात 9:30 बजे। सच्ची घटनाओं से प्रेरित यह फिल्म पत्रकारिता की ताकत और उन सच्चाइयों को उजागर करने के हौंसले को दिखाती है, जिन्हें अक्सर छुपा दिया जाता है। फिल्म में भूमि पेडनेकर, संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव जैसे दमदार कलाकार नजर आते हैं। पुलकित के निर्देशन में बनी और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले तैयार है। यह सिर्फ एक जांच-पड़ताल की कहानी नहीं है, बल्कि उन लोगों की जिम्मेदारी को भी सामने लाती है, जो इंसाफ के लिए आवाज उठाने का फैसला करते हैं। दमदार एक्टिंग और सच्ची घटनाओं से जुड़ी कहानी के साथ ये फिल्म दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ने का वादा करती है। भूमि पेडनेकर कहती हैं, जब मैंने पहली बार 'भक्षक' की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो उसकी कहानी ने मुझे गहराई से छू लिया। यह उन पत्रकारों की हिम्मत को दिखाती है, जो सच को सामने लाने के लिए सब कुछ दाँव पर लगा देते हैं। मेरा किरदार ऐसे इंसान का है, जो अन्याय देखकर चुप नहीं बैठती। यह रोल भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि इसका विषय बहुत वास्तविक और संवेदनशील है। हर कदम के साथ दबाव बढ़ता जाता है और खतरे भी बड़े होते जाते हैं। धीरे-धीरे यह जाँच सच और चुप्पी के बीच एक सीधी टक्कर में बदल जाती है। लेकिन, सवाल वही रहता है, क्या सच आखिर सामने आएगा या फिर हमेशा के लिए दबा दिया जाएगा?

## केंद्र सरकार का दावा-देश में कोयले का उत्पादन रिकॉर्ड 200 मिलियन टन पर पहुंचा

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 11 मार्च तक देश के कैप्टिव, वाणिज्यिक और अन्य कोयला खदानों से 200 मिलियन टन (एमटी) कोयला उत्पादन करने का दावा किया है। कुल कोयला उत्पादन में से कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों का योगदान 194.17 एमटी रहा, जबकि अन्य खदानों का योगदान 6.06 एमटी रहा है, जिससे कुल उत्पादन ऐतिहासिक 200 एमटी के आंकड़े को पार कर गया। कोयला मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कोयले का उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 (197.32 एमटी) के कुल कोयला उत्पादन का आंकड़ा 7 मार्च, 2026 को ही पार कर गया। ये उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 24 दिन पहले ही हासिल कर ली गई। मंत्रालय ने बताया कि इस क्षेत्र ने अपनी मजबूत गति को बरकरार रखते हुए इसी अवधि में वार्षिक आधार पर 10.56 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। कोयले की आपूर्ति में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई है, जो वार्षिक आधार पर 7.71 फीसदी की वृद्धि के साथ 182.98 एमटी से बढ़कर 197.09 एमटी हो गया है।

# सैमसंग गैलेक्सी एस26 सीरीज और गैलेक्सी बड्स4 सीरीज भारत में उपलब्ध

**रांची :** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी नई गैलेक्सी एस26 सीरीज और गैलेक्सी बड्स4 सीरीज की वैश्विक उपलब्धता की घोषणा कर दी है। सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई स्मार्टफोन्स के रूप में गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस26+ और गैलेक्सी एस26 उपयोगकर्ताओं को अधिक सहज और स्मार्ट एआई अनुभव देने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिससे वे कम चरणों में अधिक काम कर सकते हैं। गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट के बाद से नई सीरीज को दुनियाभर में शानदार प्रतिक्रिया मिली है। शुरूआती प्री-ऑर्डर आंकड़ों में दहाई अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। इनमें गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा सबसे लोकप्रिय मॉडल बनकर उभरा है, जिसे वैश्विक स्तर पर 70 प्रतिशत से अधिक ग्राहकों ने चुना। गैलेक्सी एस26 अल्ट्राः उन्नत तकनीक का नया अनुभव गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा में सैमसंग की



कई उन्नत तकनीकों को एक साथ शामिल किया गया है। इसमें शक्तिशाली प्रदर्शन, इंडस्ट्री-लीडिंग कैमरा सिस्टम, बेहतर गैलेक्सी एआई अनुभव और दुनिया का पहला बिल्ट-इन प्राइवेसी डिस्प्ले दिया गया है। यह प्राइवेसी डिस्प्ले डिस्प्ले तकनीक में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जो पिक्सल स्तर पर उपयोगकर्ता की गोपनीयता की सुरक्षा करता है। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का संयोजन इस तरह तैयार किया गया है कि रोजमर्रा के उपयोग में स्क्रीन की गुणवत्ता से समझौता किए बिना प्राइवेसी सुरक्षित रहे। प्रदर्शन के लिहाज से यह फोन सैमसंग की एस सीरीज में अब तक का सबसे शक्तिशाली डिवाइस है। इसमें गैलेक्सी के लिए विशेष रूप से तैयार स्नैपड्रैगन 8 एलीट जेन 5 मोबाइल प्लेटफॉर्म दिया गया है, जो सीपीयू, जीपीयू और एनपीयू में बेहतर क्षमता प्रदान करता है और पूरे दिन तेज तथा स्मूद अनुभव देता है। एआई अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए इसमें नाउ नज जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो उपयोगकर्ता को संदर्भ के आधार पर उपयोगी सुझाव देते हैं। वहीं नाउ ब्रीफ महत्वपूर्ण घटनाओं के लिए समय पर रिमाइंडर दिखाता है। इसके अलावा विभिन्न एआई एजेंट्स उपयोगकताओं को बटन या वॉयस कमांड के जरिए आसानी से कार्य पूरा करने में मदद करते हैं। गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा सैमसंग के इंडस्ट्री-लीडिंग कैमरा सिस्टम पर आधारित है, जो कैप्चर, एडिटिंग और शेयरिंग को एक सहज वर्कफ्लो में सहजता से जोड़ता है। नाइटाग्रोफी वीडियो कम रोशनी में भी फुटेज को जीवंत रखता है, और सुपर स्टेडी में नया हॉरिजॉन्टल लॉक ऑप्शन है जो गतिशील मूवमेंट के दौरान भी बेहतर स्थिरता प्रदान करता है। एडिटिंग भी उतनी ही आसान और सीधी है। अपग्रेडेड फोटो असिस-?ट के साथ, उपयोगकर्ता अपनी भाषा में बस वर्णन करके इमेज को रिफाइन कर सकते हैं और अपनी क्रिएटिविटी व्यक्त कर सकते हैं, जबकि क्रिएटिव स-?टूडियो उपयोगकताओं को आसानी से अपनी आइडियाज को पॉलिश्ड विजुअल्स में बदलने की शक्ति देता है – स्टिकर्स और इनविटेशन्स से लेकर पर्सनलाइज्ड वॉलपेपर्स तक।

## पेज एक के शेष

**झारखंड में कानून-व्यवस्था को ...**

उपलब्धता से पुलिस बल की गतिशीलता, प्रतिक्रिया क्षमता और क्षेत्रीय निगरानी में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिसके परिणामस्वरूप घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण सम्भव हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध नियंत्रण, नागरिक सुरक्षा और पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि इन आधुनिक वाहनों और नये थानों की उपलब्धता से पुलिस की कार्यक्षमता, प्रतिक्रिया समय तथा क्षेत्रीय निगरानी तंत्र में गुणात्मक सुधार होगा, जिससे आम जनता को त्वरित एवं विश्वसनीय सुरक्षा सेवाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आनेवाले समय में राज्य में बेहतर निगरानी व्यवस्था विकसित होगी और अपराधी अपराध करने से पहले सौ बार सोचने को मजबूर होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य गठन के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में आधुनिक वाहनों का बेड़ा झारखंड पुलिस को एक साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। यह 25 वर्ष पूरे कर चुके झारखंड के सफर में पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि नयी तकनीक से लैस वाहनों और संसाधनों के माध्यम से पुलिस विभाग अपने कार्य के नये आयामों को छूने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में घटित घटनाओं को लेकर झारखंड पुलिस ने कई मामलों में त्वरित एवं सार्थक कार्रवाई की है, जिससे जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने हाल ही में घटित एक जघन्य घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि धुर्वा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो नाबालिग बच्चों के अपहरण के मामले में झारखंड पुलिस की तत्परता और ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप बच्चों को शीघ्रता से बरामद किया गया तथा अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय बच्चा चोर गिरोह का पदार्फाश भी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण यह दशार्ते हैं कि झारखंड पुलिस नयी तकनीक और नवाचार के साथ अपराध रोकथाम की दिशा में प्रभावी ढंग से कार्य कर रही है।

**कानून-व्यवस्था में सबकी भागीदारी जरूरी**

मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से अपेक्षा की कि वे कानून-व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सकारात्मक सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ-साथ हम सभी नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि समाज में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता बढ़ायें, समय पर सूचना दें तथा पुलिस के साथ समन्वित सहयोग स्थापित करें। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास, संवाद तथा सहयोग की कड़ी जितनी मजबूत होगी, राज्य की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था उतनी ही सुदृढ़ होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की, कि वे निष्ठा, ईमानदारी तथा संवेदनशीलता के साथ राज्य की सेवा में अपना योगदान देंगे। समारोह में उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे निष्ठा, संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें तथा कमजोर और वंचित वर्गों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दें।

**मुख्यमंत्री ने प्रथम चरण में कुल 636 पेट्रोलिंग वाहन एवं 849 दोपहिया वाहन विभिन्न जिलों और पुलिस थानों को सौंपे**

झारखंड पुलिस के लिए राज्य सरकार द्वारा कुल 1255 पेट्रोलिंग वाहन और 1697 दोपहिया वाहनों को स्वीकृति प्रदान की गयी है। इन स्वीकृत वाहनों में से प्रथम चरण में 636 पेट्रोलिंग वाहन तथा 849 दोपहिया वाहन विभिन्न जिलों एवं पुलिस थानों को आवंटित किये जा रहे हैं। यह आधुनिक वाहन बेड़ा गश्ती, क्विक रिस्पॉन्स, ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी और आपराधिक गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, संजय प्रसाद यादव, डॉ. इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, वंदना दादेल, डीजीपी तदाशा मिश्रा सहित झारखंड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**अब ज्ञानेश कुमार को पद...**

के 50 सदस्यों को अध्यक्ष या चेयरमैन को नोटिस देनी होती है। नोटिस स्वीकार होने पर इसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया जाता है। यदि समिति को आधार वैध लगते हैं, तो प्रस्ताव पर विचार किया जाता है। इसे दोनों सदनों के विशेष बहुमत (सदन की कुल सदस्यता का बहुमत और उपस्थित एवं मतदान करनेवाले सदस्यों में से कम से कम दो-तिहाई) से पारित होना आवश्यक है।

**हमें हिन्दुस्तान में बदलाव लाने...**

परिवर्तन दिवस कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम कांशीराम के संघर्ष, उनके विजन और भारत की राजनीति पर उनके प्रभाव को याद करते हैं और दिल से उनका धन्यवाद करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने हमारी ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी। मोदी ने ट्रेड डील में अमेरिका को सब कुछ दे दिया, लेकिन भारत को अमेरिका से कुछ नहीं मिला। उल्टा टैरिफ ज्यादा हो गया। गांधी ने आरोप लगाया कि हिन्दुस्तान का सारा डेटा अमेरिका को सौंप दिया। अमेरिका के लिए हिन्दुस्तान का पूरा बाजार खोल दिया। अमेरिका से कहा गया कि हर साल 09 लाख करोड़ का सामान खरीदेंगे। अगर अमेरिका का सामान भारत आयेगा, तो हमारे किसानों और व्यापारियों का क्या होगा ? उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील पिछले चार महीने से रुकी हुई थी, क्योंकि सरकार कृषि सेक्टर से समझौता नहीं करना चाहती थी, लेकिन संसद में मेरे भाषण के तुरन्त बाद नरेन्द्र मोदी ने ट्रम्प को फोन किया और ट्रेड डील के लिए हामी भर दी, जिसके बाद ट्रम्प ने ट्वीट कर दिया। जो डील पिछले चार महीने से रुकी हुई थी, नरेन्द्र मोदी ने वह डील एपिस्टीन फाइल और अडानी के कारण 15 मिनट में फाइनल कर दी। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस एक गरीब पार्टी है, जबकि भाजपा अमीर पार्टी बन गयी है। क्योंकि, नरेन्द्र मोदी ने भाजपा का पूरा फाइनेंशियल स्ट्रक्चर अडानी को सौंप दिया है। अमेरिका ने इसी फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को पकड़ लिया और अडानी पर केस कर दिया। यह केस अडानी पर नहीं, बल्कि भाजपा पर है। इसीलिए नरेन्द्र मोदी वही कर रहे हैं, जो अमेरिका कह रहा है। नरेन्द्र मोदी को 'ब्लैकमेल' किया जा रहा है। उन्होंने कहा संविधान वह शक्ति है, जिसने सभी देशवासियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया है - समानता और सम्मान का अधिकार दिया है। हम हर कीमत पर इसकी रक्षा करते रहेंगे। नरेन्द्र मोदी की सरकार 'साइकोलॉजिकली' खत्म हो गयी है।

**आरएसएस के बड़े पदों पर दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा**

राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कहा कि आरएसएस के संगठन की लिस्ट निकालिए, उनके प्रचारक और संगठन के बड़े पदों पर दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। पहले पब्लिक अस्पताल, यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों के मैनेजमेंट में हर वर्ग के लोग चले जाते थे, लेकिन अब ऐसा सम्भव नहीं रहा। इंटरव्यू में जाति देख कर लोगों को बाहर कर दिया जाता है। मतलब देश के 85 फीसदी लोगों से कहा जा रहा है कि यह देश आपका नहीं है। यह बात संविधान के बिलकुल खिलाफ है। देश की संस्थाओं के बारे में पता लगायेंगे, तो समझ आयेगा कि उसमें 85 फीसदी की भागीदारी है ही नहीं। 500 सबसे बड़ी कम्पनियों के मालिकों और मैनेजमेंट में दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोग नहीं मिलेंगे। यही हाल देश के प्राइवेट हॉस्पिटल्स, ज्युडिशरी, ब्यूरोक्रेसी, एजुकेशन सिस्टम का भी है, लेकिन अगर आप मनरेगा की लिस्ट निकालेंगे, तो वहां देश की 85 फीसदी आबादी भरी मिलेगी। आज देश के ऐसे हालात हैं, जबकि संविधान सभी को समान अधिकार देने की बात करता है।

**ऑपरेशन सिन्दूर से पाक को सिखाया...**

तरह से सतर्क और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हर समय तैयार रहती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ में दूसरे चरण के ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण और तीसरे व चौथे चरण के शिलान्यास समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। गोमती नदी के तट पर झूलेलाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ के सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ का तेजी से विकास हो रहा है और डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं है। यहां ब्रह्मोस मिसाइल, एयरो स्पेस से सम्बन्धित काम भी हो रहा है और यह शहर देश की सुरक्षा व्यवस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिन्दूर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तानी आतंकवादियों को ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया गया कि वे दोबारा ऐसी हरकत करने की सोच भी नहीं सकते हैं। अगर सोचा, तो वे इस बार के हमले से कभी उबर भी नहीं पायेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ साजिश रचनेवाले हर मंसूबे को करारा जवाब दिया जायेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि लोग मुख्यमंत्री योगी को बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। इन्होंने माफियाओं को सही कर दिया, लेकिन बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं, बल्कि विकास की नयी जमीन भी तैयार करता है। उन्होंने घोषणा की, कि आनेवाले कुछ ही दिनों में लखनऊ से कानपुर की यात्रा महज 35 से 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। उत्तर प्रदेश में बढ़ रहे निवेश का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगा था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान की यात्रा पर जा सकेंगे। मुझे लगा था कहीं यह यात्रा स्थगित ना हो जाये, मगर वह यात्रा पर गये और वही वेशभूषा पहन कर गये और वही खान-पान रखा, जिसका परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में जबरदस्त निवेश आया है।

**शिक्षा के क्षेत्र में नये ...**

इसी प्रकार के प्रयासों के कारण, आनेवाले वर्षों में उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में भी नये मानक स्थापित करेगा। यहां के शैक्षणिक संस्थान केवल प्रदेश के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के छात्रों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेंगे। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को लखनऊ के गोल्फ सिटी में सिटी मान्टेसरी स्कूल के नये भवन का उद्घाटन के बाद लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब किसी शहर की पहचान, उसकी सड़कों और इमारतों से आगे बढ़ कर, उसके शैक्षिक और सांस्कृतिक संस्थानों से बनने लगती है, तब वह शहर वास्तव में समाज के भविष्य को आकार दे रहा होता है।

**विनय कुमार सक्सेना ने लद्दाख...**

लद्दाख, सभी प्रशासनिक सचिव और अन्य गण्यमान्य व्यक्ति शामिल हुए। यूटी लद्दाख के चौथे एलजी के रूप में शपथ लेने के बाद वीके सक्सेना को लद्दाख पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उनकी नियुक्ति लद्दाख के उपराज्यपाल पद से कविंदर गुप्ता का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद हुई। सक्सेना ने कविंदर गुप्ता का स्थान लिया है, जिन्हें जुलाई, 2025 में उपराज्यपाल लद्दाख के रूप में नियुक्त किया गया था। कविंदर गुप्ता को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

**मानवाधिकार आयोग का ...**

ने बताया कि 09 मार्च 2026 की एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि मानव तस्करी के अधिकतम मामले ओड़िशा, बिहार, तेलंगाना और महाराष्ट्र में दर्ज किये गये हैं। किशोर की तस्करी के मामलों में ओड़िशा सबसे आगे है। उसके बाद बिहार है। किशोरियों की तस्करी में राजस्थान में सबसे अधिक मामले दर्ज किये गये हैं। यह संदेह है कि इन बच्चों को भीख मांगने, बाल श्रम, वेश्यावृत्ति और अन्य अवैध गतिविधियों में धकेला जाता है।

**कांग्रेस ने बोडोलैंड के साथ ...**

नहीं पहुंच सके और गुवाहाटी से ही लोगों को सम्बोधित कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से क्षमा मांगते हुए कहा कि वह दिल्ली से कोकराझार आने के लिए निकले थे, लेकिन मौसम की वजह से गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा।

मोदी ने कहा कि जब जनता ने केन्द्र और असम ; दोनों जगहों से कांग्रेस को हटा कर भाजपा-राजग को मौका दिया, तब सरकार ने बोडोलैंड में स्थायी शांति के लिए ठोस प्रयास शुरू किये। इसी सोच के साथ वर्ष 2020 में बोडो शांति समझौता पर हस्ताक्षर किये गये, जिसमें पहली बार सभी प्रमुख संगठनों और समूहों को एक मंच पर लाया गया।

**प्रधानमंत्री का बंगाल दौरा ...**

संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित होने के एक दिन बाद शुरू हुई थी, राज्य में लगभग 10 हजार किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है। पार्टी नेताओं के अनुसार यह यात्रा जनसम्पर्क अभियान के साथ-साथ संगठन की जमीनी ताकत को परखने का प्रयास भी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 28 फरवरी को जारी जानकारी में बताया गया कि एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से अब तक 63.66 लाख नाम हटाये गये हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 8.3 प्रतिशत है। इससे राज्य में मतदाताओं की संख्या करीब 7.66 करोड़ से घटकर लगभग 7.04 करोड़ रह गयी है। 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को विवादाधीन श्रेणी में रखा गया है, जिनकी पात्रता का निर्णय आनेवाले समय में कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जायेगा।

## एक झलक

### श्रमिकों की मौत के मामले में हरियाणा सरकार को मानवाधिकार आयोग की नोटिस

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के गुरुग्राम जिले के बिलासपुर क्षेत्र के पास एक निर्माणाधीन स्थल पर दीवार गिरने से सात श्रमिकों की मौत और तीन अन्य के घायल होने की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। आयोग ने बताया कि 10 मार्च 2026 को प्रकाशित एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 9 मार्च को हरियाणा के गुरुग्राम के बिलासपुर क्षेत्र के पास एक निमार्णाधीन स्थल पर दीवार गिरने से कम से कम सात श्रमिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। कम से कम 10 और श्रमिकों के मलबे के नीचे फंसे होने की आशंका है। यह घटना उस स्थल पर हुई जहां एक आगामी आवासीय परियोजना के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है।

### स्कूली बच्चों के पौष्टिक खाने के लिए हिमाचल को करीब 122 करोड़ का बजट आवंटित : शिक्षा राज्य मंत्री

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बताया कि बाल वाटिका और पहली से आठवीं कक्षा तक सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने बाले बच्चों को स्कूलों में गर्म पौष्टिक खाना उपलब्ध करवाने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए हिमाचल प्रदेश को 121.90 करोड़ का बजट आबंटित किया गया है। इस बजट में 110.66 करोड़ केंद्रीय हिस्सेदारी जबकि 11 .24 करोड़ की राज्य सरकार की हिस्सेदारी होगी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने यह जानकारी राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को पूछे गए एक सवाल के जवाब में संसद में दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत इस समय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 10.35 लाख स्कूलों में पढ़ने वाले 11 करोड़ बच्चों को गर्म पौष्टिक खाना प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के कार्यन्वन की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की है।

### उत्तर प्रदेश सरकार ने खरीदा नया अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 हेलीकॉप्टर

**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षित यात्रा के लिए अब प्रदेश सरकार के विमान बेड़े में इटली की लियोनार्डो कंपनी का सबसे एडवांस अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 हेलीकॉप्टर शामिल किया गया है। इसकी बेहतरीन उन्नत एवियोनिक्स, क्रैश सेफ्टी सिस्टम समेत अन्य खूबियों की वजह से राज्य सरकार ने इसे खरीदा है। मुख्यमंत्री योगी इसी हेलीकॉप्टर से राम नगरी अयोध्या गए थे। तभी से यह हेलीकाप्टर चर्चा में आया। विशेषज्ञों के अनुसार हेलीकाप्टर में वैसे तो कई खासियत हैं, जो अन्य हेलीकाप्टरों में से इसे विशेष बनाती हैं। अगर इसके उड़ाने की बात करें तो इसे सामान्य पायलट नहीं उड़ा सकता है बल्कि अगस्ता हेलीकॉप्टर के संचालन के लिए विशेष दक्षता वाले कैप्टन की जरूरत होती है। इसलिए राज्य सरकार ने तीन पायलट कैप्टन अमित कुमार भूटानी, कैप्टन अक्षय जायसवाल और कैप्टन राजेश कुमार शर्मा को इटली भेजकर अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 की टेक्निकल और इसके अन्य पहलुओं को समझने की लिए ट्रेनिंग दिलायी है।

# श्रीलंका 84 ईरानी नाविकों के शव को भेजेगा ईरान



युद्ध

एजेंसी

**कोलंबो** : श्रीलंका ने अमेरिकी हमले में मारे गए 84 ईरानी नाविकों के शव ईरान वापस भेजने की घोषणा की है। ये सभी नाविक 4 मार्च को अमेरिका की तरफ से ईरानी युद्धपोत आइरिस डेना पर हुए टॉरपीडो हमले में मारे गए थे। हमले के बाद राहत अभियान के दौरान श्रीलंकाई नौसेना द्वारा बचाए गए 32 ईरानी नाविक फिलहाल श्रीलंका में ही रहेंगे। शवों को ईरान द्वारा भेजे गए चार्टर्ड विमान से भेजे जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। श्रीलंका के समाचार पत्र डेली मिरर के मुताबिक श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह उन 84 ईरानी नाविकों के शव ईरान वापस भेज रहा है, जिनकी मौत नौ दिन पहले एक हमले में हो गई थी। यह हमला तब हुआ जब ईरान का युद्धपोत आइरिस डेना श्रीलंका के तट के पास अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में यात्रा कर रहा था और उस पर अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा टॉरपीडो दागे जाने से वह डूब गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता थुशारा रोड्रिगो ने बताया कि शवों को ईरान द्वारा भेजे गए चार्टर्ड कार्गो विमान से ले जाया जाएगा। इस प्रक्रिया से जुड़ी सभी घरेलू औपचारिकताएँ पूरी कर ली गई हैं। हमले के तत्काल बाद श्रीलंकाई नौसेना ने 32 ईरानी नाविकों को बचा लिया था, जिन्हें फिलहाल श्रीलंका में ही रखा गया है। घायल नाविकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 22 को अब छुट्टी दे दी गई है। उन्हें द्वीप के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक वायुसेना अड्डे पर रखा गया है। घटना गत 4 मार्च की है, जब ईरानी फ्रिगेट आइरिस डेना पर श्रीलंका के तट के पास टॉरपीडो से हमला हुआ। इस घटना की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी निंदा हुई थी क्योंकि इससे पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष हिंद महासागर क्षेत्र तक फैलने का डर बन गया था। हमले के एक दिन बाद एक अन्य ईरानी युद्धपोत आइरिस बुशहर को श्रीलंका के जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति दी गई। श्रीलंका इस जहाज और उसके 219 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित आश्रय दे रहा है। फिलहाल, जहाज को श्रीलंकाई नौसेना ने अपने संरक्षण में लिया हुआ है और उसके खराब इंजनों की मरम्मत करने की कोशिश की जा रही है।

### भारत-ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत, क्षेत्रीय हालात पर चर्चा



**नयी दिल्ली/तेहरान** : भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई, जिसमें अमेरिका-इजराइल के साथ बढ़ते तनाव के बाद क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हालात पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को एक्स पर इसकी संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुरुवार रात ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से एक और बातचीत हुई। द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई। ईरान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि विदेश मंत्री अराघची ने अपने भारतीय समकक्ष जयशंकर को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ किये गये कथित आक्रामक कदमों तथा उनके क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी। अराघची ने कहा कि ईरान की सरकार, जनता और सशस्त्र बल हमलों के खिलाफ अपने वैध आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से ईरान के खिलाफ सैन्य आक्रामकता की निंदा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। ईरानी विदेश मंत्री ने बहुपक्षीय सहयोग के मंच के रूप में ब्रिक्स के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में

# केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने हरिद्वार में पांच मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र राष्ट्र को किया समर्पित



एजेंसी

**हरिद्वार** : केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को बीएचईएल हरिद्वार उपनगरी में नवनिर्मित 5 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने बीएचईएल की सीएफएफपी इकाई में 30 टन इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस का भी उद्घाटन भी किया। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने बीएचईएल हरिद्वार की निर्मित 53वीं एसआरजीएम नेवल गन की खेप को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि केंद्र सरकार स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बीएचईएल के हरित ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने बीएचईएल हरिद्वार की निर्मित 53वीं एसआरजीएम नेवल गन के संबंध में कहा कि यह नेवल गन रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह नेवल गन 35 किलोमीटर के दायरे में, हवा और पानी में विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को भेद सकती है। केंद्रीय मंत्री ने बीएचईएल हरिद्वार की सीएफएफपी इकाई में 30 टन इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस का भी उद्घाटन किया। इस संबंध में मंत्री ने कहा कि बीएचईएल धा स्थापित यह फर्नेस, देश के भारी उद्योग क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में उपयोगी साबित होगी। इस अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस से उच्च गुणवत्ता वाले स्टील के उत्पादन में मदद मिलेगी, जिससे बड़े आकार के कास्टिंग एवं फोर्जिंग की गुणवत्ता और दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। केंद्रीय मंत्री ने अडानी पावर लिमिटेड के रायपुर प्रोजेक्ट की यूनिट-1 के लिए निर्मित 800 मेगावॉट क्षमता के टीजी स्टेटर को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### वाराणसी स्टेशन पर 3.54 करोड़ का सोना बरामद, दो गिरफ्तार

**वाराणसी** : वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस से जीआरपी थाना के पुलिसकर्मियों ने दो किलो से अधिक सोना बरामद किया है। यह सोना अफ्रीका से बांग्लादेश होते हुए भारत पहुंचा था। इस मामले में जीआरपी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जीआरपी कैंट थाना के निरीक्षक राजोल नागर ने बताया कि महाराष्ट्र के सातार के निवासी बालासो व पूना निवासी तेजस को कैंट रेलवे स्टेशन से जीआरपी पुलिस ने राजधानी एक्सप्रेस से पकड़ा है। यह दोनों शातिर किस्म के हैं और अक्सर इस तरह की घटनाओं में लिप्त पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों के पास से दो किलो से अधिक सोने के बिस्किट बरामद किये गए। बरामद सोने की कीमत करीब 3.54 करोड़ के करीब बताई जा रही है।

### डिजिटल अरेस्ट का डर दिखा कर 38.62 लाख की ठगी, तीन गिरफ्तार

**रांची** : झारखंड में सक्रिय साइबर अपराधियों के खिलाफ अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) को बड़ी सफलता मिली है। साइबर क्राइम थाना रांची की टीम ने डिजिटल अरेस्ट का भय दिखा कर एक व्यक्ति से करीब 38.62 लाख रुपये ठगनेवाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई घाटशिला और कदमा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर की गयी। मामला साइबर क्राइम थाना रांची में कांड संख्या 24/26 के तहत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने सीआईडी को बताया था कि ठगों ने खुद को केन्द्रीय प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बता कर उनसे सम्पर्क किया। इसके बाद उन्हें एक गम्भीर मामले में फंसाने और डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी दी गयी। गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई का भय दिखाकर अपराधियों ने पीड़ित पर दबाव बनाया और अलग-अलग बैंक खातों में कुल 38.62 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिये। मामले की गम्भीरता को देखते हुए सीआईडी की तकनीकी टीम ने जांच शुरू की और डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर आरोपितों की पहचान की। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर टीम ने जमशेदपुर के घाटशिला और कदमा क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान स्थानीय पुलिस के सहयोग से तीन आरोपितों रोहित कुमार जैन, संजीव कुमार मिश्रा और लोकेश महतो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान सीआईडी ने आरोपियों के पास से ठगी में इस्तेमाल किये गये मोबाइल व अन्य सामान भी बरामद किये हैं। फिलहाल, सीआईडी इस गिरोह के मुख्य संचालकों और उन बैंक खातों की पहचान करने में जुटी है, जिनका इस्तेमाल ठगी की रकम को इधर-उधर करने के लिए किया गया था। जांच एजेंसी को आशंका है कि इस गिरोह के तार अन्य राज्यों से भी जुड़े हो सकते हैं। डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट का भय दिखा कर लाखों रुपये के ठगी करनेवाले तीन लोगों को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया गया है।

### सलमान खान के साथ जमेगी अब नयनतारा की जोड़ी



**मुंबई** : साउथ डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली बॉलीवड सुपर स्टार सलमान खान के साथ एक बड़ी एंटरटेनर फिल्म बना रहे हैं जिसकी हीरोइन नयनतारा हो सकती हैं। सलमान और नयनतारा की जोड़ी फैंस को पसंद आने वाली है। साल 2003 में आई फिल्म जवान में नयनतारा को शाहरुख खान के साथ रोमांस करते हुए देखा था। अब नयनतारा की जोड़ी सलमान के साथ भी जमने वाली है। वामशी के इस प्रोजेक्ट को दिल राजू प्रोड्यूस कर रहे हैं। बताया जा रहा है ये एक पैन इंडिया हिंदी फिल्म होगी जिसमें जबरदस्त एंटरटेनमेंट होने वाला है। हालांकि, अभी इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नयनतारा को शाहरुख खान के साथ जवान में देखा गया था। एक्ट्रेस की नॉर्थ इंडिया बेल्ट में कोई खास पॉपुलैरिटी नहीं है। लेकिन उनके काम को पसंद किया गया था।

### गांधीनगर आरआरयू रक्षा अटैशे के राउंडटेबल सम्मेलन में शामिल होंगे कई देश

**गांधीनगर** : गुजरात का गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) अपने लवाद स्थित मुख्य परिसर में रक्षा अटैशे के लिए पहला राउंडटेबल सम्मेलन करेगा। आरआरयू ने अपने बयान में बताया कि दो दिवसीय 16झ17 मार्च 2026 को गांधीनगर के लवाद स्थित मुख्य परिसर में होने वाला रक्षा अटैशे के लिए पहला राउंडटेबल सम्मेलन वैश्विक स्तर पर रणनीतिक और कूटनीतिक संवाद का मंच प्रदान करेगा, जिसमें विभिन्न देशों के रक्षा अटैशे प्रतिभाग करेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य भारत के तेजी से विकसित हो रहे रक्षा उत्पादन और निर्यात तंत्र पर व्यापक विचार-विमर्श करना है।

हरदीप सिंह पुरी व पेट्रोलियम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने की बैठक

### पर्यटन उद्योग को राहत के लिए एलपीजी आपूर्ति बढ़ेगी : शेखावत



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पेट्रोलियम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की वर्तमान स्थिति और उसके होटल तथा पर्यटन उद्योग पर पड़ रहे प्रभाव पर चर्चा की। शेखावत ने कहा कि सरकार ने स्थिति को सामान्य करने के लिए त्वरित कदम उठाने का निर्णय लिया है। इसके तहत आज से ही व्यवसायों को उनकी औसत मासिक वाणिज्यिक गैस आवश्यकता का लगभग 20 प्रतिशत उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त होटलों और रेस्तरां को राहत देने के लिए गैस की अतिरिक्त आपूर्ति की व्यवस्था पर भी काम किया जा रहा है। शेखावत ने कहा कि इस पूरे मामले पर लगातार नजर रखने के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय के बीच समन्वय बनाए रखा जायेगा। उद्योग से जुड़े हितधारकों के साथ भी संवाद जारी रहेगा, ताकि उनकी समस्याओं का समय पर समाधान किया जा सके।

### आजादी के अमृतकाल से आगे शताब्दी काल की ओर बढ़ रहा है भारत : सिंधिया



एजेंसी

**ग्वालियर** : केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत 2047 का संकल्प लिया है और भारत अब आजादी के अमृतकाल से आगे शताब्दी काल की ओर बढ़ रहा है।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया शुक्रवार को ग्वालियर जिले में घाटीगांव के समीप स्थित शबरी माता मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भितरवार को माता शबरी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। मध्य प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। लाडली बहनों को आज योजना की 34वीं किश्त सीधे बैंक खाते में मिल रही है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि बहनों के आर्थिक सशक्तीकरण के बगैर विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकता है। इसीलिए मध्य प्रदेश में लाडली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना की शुरूआत की गई है। प्रदेश की लाडली बहनों को आगामी वर्षों में प्रति माह 3000 रुपये तक दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद परिवार की बेटियों का निशुल्क विवाह कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की 10 करोड़ बहनों के घरों में रसोई गैस सिलेंडर पहुंचाया हैं। भितरवार की जनता को शिक्षा, सड़क एवं रेललाइन की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव हमेशा विकास कार्यों की सौगातें देकर आते हैं। उन्होंने आज लाडली बहना योजना की राशि करने के साथ-साथ इस क्षेत्र को लगभग 122 करोड़ रुपये की सौगातें दी हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.25 करोड़ बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की 34वीं किस्त के रूप में 1836 करोड़ रुपये अंतरित किये।

